# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 22 फरवरी 2025 | वर्ष –69 | अंक –101 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ केरल में जीवन शिक्षा
■ ट्रंप के सामने घुटने ना... 04
■ यह तो रिश्वतखोरी है, भारत को ...
■ अमेरिका में खुलेगी बड़े-बड़ों की.... 09
■ आम आदमी की पहुंच से बाहर हुआ सोना...
■ रुपए ने डॉलर को दिया मुंहतोड़ जवाब... 11
■ शमी लीजेंड, चोट के...
■ विराट खराब फार्म से... 10

सार संक्षेप

## सोमवार को किसानों के खाते में आएगी सम्मान निधि



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त 23 फरवरी को रिलीज होगी। प्रधानमंत्री मोदी बिहार के भागलपुर से यह किस्त देशभर के 9.8 करोड़ किसानों के खाते में डायरेक्ट ट्रांसफर करेंगे। खासतौर पर गरीब किसानों को आर्थिक मदद देने के इरादे से शुरु की गई पीएम किसान स्कीम की 18वीं किस्त को अक्टूबर 2024 में रिलीज किया गया था। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-प्रधानमंत्री 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में एक समारोह में पीएम-किसान की 19वीं किस्त जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि 9.8 करोड़ किसानों को कुल 22,000 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे।

## भारत-चीन संबंधों में अच्छी खासी प्रगति : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जोहान्सबर्ग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ मुलाकात की और कहा कि दोनों देशों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और विदेश सचिव स्तर पर हुई वार्ता से द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। विदेश मंत्री ने जोहान्सबर्ग में जी 20 विदेश मंत्रियों की बैठक में वांग यी की मौजूदगी में अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि मौजूदा बैठक और अन्य बैठकों ने हमारे संबंधों के कठिन दौर में भी हमें बातचीत का अवसर प्रदान किया है।




### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-विदेश मंत्री कह रहे हैं- भारत-चीन संबंधों में खासी प्रगति हुई है।

**चुहिया- हां प्रिये**- अभी कांग्रेस के सेम पित्रोदा ने चीन पर सकारात्मक बयान दिया तो बवाल शुरू हो गया था, अब देखो कौन क्या कहता है ?

कांग्रेस पार्टी ने किया बड़ा दावा

# आरएसएस-भाजपा को विदेशी एजेंसियों से मिलती है सहायता

### सवैधानिक संस्थाओं को ध्वस्त करने के लिए विदेशी एजेंसियों से गुप्त सहायता ले रहे



♦ कांग्रेस यूएसएड फंडिंग पर श्वेतपत्र की कर चुकी मांग

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी देश में लोकतंत्र को अस्थिर करने और संवैधानिक संस्थाओं को ध्वस्त करने के लिए विदेशी एजेंसियों से गुप्त सहायता ले रहे हैं और इसके सबूत उसके पास हैं। पार्टी ने कहा है कि मोदी सरकार अमेरिका की सरकारी एजेंसी यूएसएड द्वारा भारत के चुनावों को प्रभावित करने के लिए धन देने के मामले को लेकर इस समय जो प्रचार कर रही है, वह वास्तव में असली मुद्दों को भटकाने की उसकी कोशिश है, क्योंकि खुद सत्ता पक्ष से जुड़े लोग प्रदेश की एजेंसियों से सहायता लेते रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में कहा, कांग्रेस पहले ही भारत में यूएसएड फंडिंग पर श्वेतपत्र की मांग कर चुकी है, यह स्पष्ट कर दें कि हम वैश्विक भागीदारी विकास एजेंसियों, यूएसएड जैसी सहायता तंत्रों को बेईमान नहीं मानते। श्री खेड़ा ने कहा कि भाजपा ने ही सबसे पहले 'डीप स्टेट' की कहानी शुरू की और यूएसएड को बदनाम करना शुरू किया था।

कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुये कहा कि जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने यहां आयातित सामानों पर 'जवाबी शुल्क' लगाने और ब्रिक्स समूह को खत्म करने की बात कर रहे थे तो श्री मोदी मुस्कुरा रहे थे। उन्होंने कहा, इस तरह हमारे प्रधानमंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकी सुनते रहे और चुपचाप स्वदेश वापस आ गए और अब मोदी सरकार कह रही है कि उसे अस्थिर करने के लिये अमेरिका से धन लिया गया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने वहां उद्यमी एलन मस्क के नेतृत्व में गठित प्रशासनिक दक्षता विभाग (डीओईजी) की सिफारिश पर यूएसएड द्वारा भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के नाम पर दी जाने वाली 2.1 करोड़ डॉलर (करीब 170 करोड़ रुपये) की सहायता रद्द कर दी है।

## कांग्रेस का अपने दुष्कर्मों पर पर्दा डालने का प्रयास : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तथाकथित फैक्ट चेकरों और कांग्रेस द्वारा अमेरिका के यूएसएड एड को भारत के बजाय बांग्लादेश भेजे जाने का प्रचार किए जाने की निंदा करते हुए शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अपने दुष्कर्मों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस और संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के देश विरोधी बयानों और कार्यों को सबूतों के साथ पेश करते हुए प्रश्न उठाए।

सरकार के सभी संसाधनों पर सबसे कमजोर तबके का पहला अधिकार : डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए दिए 25-25 हजार

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें अपनी-अपनी पसंद के लैपटॉप खरीदने के लिए चयनित विद्यार्थियों के खातों में 25-25 हजार रुपए की राशि डाली है। इस मौके पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि-परिवार परंपरा में मां द्वारा अपने बच्चों को पुष्पित, पोषित करने में प्राप्त आनंद का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान करने से जो आनंद प्राप्त हो रहा है, वह वर्णनातीत है, यह जीवन भर याद रहने वाली अनुभूति है।



### मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 89 हजार 710 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए सिंगल क्लिक से जारी किए 224 करोड़ रुपए

### मुख्यमंत्री के निर्देशन में स्कूटी के बाद अब लैपटॉप दिए गए : उदय प्रताप

जैसे परिवार में सदस्यों का सभी संसाधनों पर अधिकार होता है, उसी प्रकार राज्य सरकार के सभी संसाधनों पर समाज के कमजोर से कमजोर तबके का अधिकार है। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान करने से उनकी प्रतिभा निखरेगी, जिससे प्रदेश के उज्जवल भविष्य की संभावनाएं अधिक सशक्त होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के 89 हजार 710 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप लेने के लिए 224 करोड़ की राशि अंतरित करने के लिए प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिंगल क्लिक से विद्यार्थियों के खातों में राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें उपलब्ध कराई जा रही 25-25 हजार रूपए राशि का उपयोग लैपटॉप क्रय में ही किया जाए। विद्यार्थी अपनी पसंद के अनुसार, अपनी इच्छानुसार स्थान से लैपटॉप लें और लैपटॉप खरीदने की रसीद अपनी शाला में आवश्यक रूप से जमा कराएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख मार्ल्यापण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पौध भेंट कर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव >>शेष पृष्ठ 2 पर

### मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभावान विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस क्रम में नरसिंहपुर की कुमारी गीता लोधी, भोपाल के प्रशांत राजपूत, मुरैना की कुमारी स्नेहा त्यागी, राजगढ़ के जयंत यादव, दमोह हटा की कुमारी मोनिका साहू, सिवनी की कुमार एलिहा नाज़, राजगढ़ की कुमारी ज्योति प्रजापति, भोपाल के पुष्पेन्द्र राजपूत से संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ विद्यार्थियों ने समूह चित्र भी लिए।

चुनाव फंडिंग पर बोला विदेश मंत्रालय

## यूएसएड वाली बात बहुत परेशान करने वाली

**नई दिल्ली।** भारत में चुनावों के लिए अमेरिकी एजेंसी यूएसएड की फंडिंग का मामला गंभीर मोड़ ले रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे के बाद अब भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इसकी जांच की जाएगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्त रणधीर जायसवाल ने इसे बहुत चिंताजनक बताते हुए कहा कि यूएसऐड के साथ जिन मंत्रालयों ने काम किया है, वो सभी इस मामले की पड़ताल कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति के इस दावे पर आई है कि बाइडेन प्रशासन ने भारत के चुनावों में दखल देकर किसी और की सरकार बनवाने की कोशिश की थी। ट्रंप ने कहा, यह बात भारत को बतानी होगी।

## महाकुंभ में स्नान करती महिलाओं का वीडियो बनाकर बेचने के आरोप में 3 गिरफ्तार

**लातूर/प्रयागराज।** महाकुंभ में स्नान कर रही महिलाओं के वीडियो कथित तौर पर रिकॉर्ड किए जाने और डार्क वेब पर बेचे जाने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बड़ा कदम उठाते हुए पुलिस ने उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से तीन लोगों को पकड़ा है। दो आरोपियों को महाराष्ट्र के लातूर से गिरफ्तार किया गया, जबकि तीसरे को यूपी से गिरफ्तार किया गया।

साथ ही, मामले में अंतरराष्ट्रीय हैकर्स से संबंध भी सामने आए हैं। गुजरात पुलिस के अनुसार जिले का संदिग्ध रोमानिया और अटलांटा में स्थित विदेशी हैकर्स के संपर्क में था। उसकी पहचान प्रणव तेली के रूप में हुई है। उसने महाराष्ट्र के सांगली जिले के एक साथी के साथ मिलकर कथित तौर पर महाकुंभ और प्रयागराज के मॉल और अस्पतालों में महिलाओं के >>शेष पृष्ठ 2 पर



खजुराहो महोत्सव शुरू, मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

## 139 कलाकारों ने 24 घंटे नृत्य कर बनाया कीर्तिमान

**छतरपुर देशबन्धु।** प्रदेश की पर्यटन नगरी खजुराहो में नृत्य समारोह शुरू हुआ, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उद्घाटन किया। इस मौके पर 139 कलाकारों द्वारा लगातार 24 घंटों तक नृत्य किए जाने पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया।

राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 139 कलाकारों द्वारा 24 घंटे लगातार नृत्य कर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने पर कलाकारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड वीरों की धरती है। 24 घंटे कथकली नृत्य प्रस्तुत कर विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए आप सभी कलाकारों को बधाई।

इस नटराज नृत्य शैली को भगवान शिव और भगवान श्रीकृष्ण ने किया था। नृत्य साधना में हम सभी के पूर्वजों की कल्पनाशीलता व गतिशीलता की झलक दिखाई देती है। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार नृत्य मुद्राओं को महाकाल महालोक में शिल्पकला के माध्यम से प्रदर्शित करने का कार्य करा रही है। एक हजार साल पुराना कंदरिया महादेव मंदिर हमारी सांस्कृतिक विरासत है। नृत्य साधना व कलाओं की विधाओं के माध्यम से हमें संस्कृति की धारा को प्रवाहित करने का अद्भुत संकल्प मिलता है।

# बिना नीट यूजी पास किए विदेश से नहीं कर सकते एमबीबीएस : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** बिना नीट यूजी परीक्षा पास किए स्टूडेंट्स विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई नहीं कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विदेश से मेडिकल कोर्स करने के लिए नीट यूजी योग्यता की वैधता बरकरार रखी है। अब विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए इच्छुक स्टूडेंट्स को विदेशी मेडिकल संस्थानों में एडमिशन लेने के लिए नीट यूजी परीक्षा पास करनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के उस नियम को बरकरार रखा, जिसके तहत विदेशी संस्थानों में मेडिकल यूजी पाठ्यक्रम करने के लिए छात्रों के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। 2018 में पेश किया गया यह नियम यह सुनिश्चित करता है कि विदेश में चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्र को भारत में चिकित्सा का अभ्यास करने के लिए आवश्यक मानकों को अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा। कोर्ट ने फैसले में कहा कि यह

### योग्यता नियमों को पूरा करने अनिवार्य

नियम निष्पक्ष, पारदर्शी है और किसी भी वैधानिक प्रावधान के साथ टकराव नहीं करता है। नीट यूजी पास करने की आवश्यकता स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियम, 1997 में निर्धारित योग्यता नियमों को पूरा करने के अतिरिक्त है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बी आर गवई और के विनोद चंद्रन की पीठ ने दिए। पीठ ने कहा कि हमें नियमों में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता। सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार के उपाय के रूप में छूट देने से भी इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि जाहिर है, खुली आंखों से, संशोधित नियम लागू होने के बाद यदि कोई उम्मीदवार प्राथमिक चिकित्सा योग्यता प्राप्त करने के लिए किसी विदेशी संस्थान में प्रवेश लेना चाहता है, तो वे नियमों से छूट नहीं मांग सकते हैं, जो देश के भीतर चिकित्सा का अभ्यास करने के लिए आवश्यक योग्यता निर्धारित करता है। यह भारत के बाहर कहीं भी अभ्यास करने के उनके अधिकार को प्रतिबंधित नहीं करता है।







सर्वेक्षण

## कश्मीरी पंडितों से पूरी तरह खाली हो जाएगी वादी!

# पिछले साल तक घाटी में केवल 728 पंडित परिवार बचे

♦ सर्वेक्षण में कई प्रमुख कारक आए सामने
♦ 1990 में पलायन ने काफी प्रभावित किया

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** कश्मीर वादी में घाटी में गैर-प्रवासी कश्मीरी पंडित (केपी) परिवारों की संख्या में गिरावट जारी है, 2024 तक केवल 728 परिवार बचे हैं, जो 2021 में 808 परिवारों से कम है।

गैर-प्रवासी केपी का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति (केपीएसएस) द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में कई सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया है जो इस कमी में योगदान दे रही हैं। सर्वेक्षण में आर्थिक कठिनाइयों, रोजगार के अवसरों की कमी, सुरक्षा चिंताओं और युवाओं की अधिक उम्र बढ़ने को कश्मीर में केपी आबादी में गिरावट के प्रमुख कारकों के रूप में इंगित किया गया है।

1990 में केपी के पलायन ने समुदाय की संख्या को काफी प्रभावित किया, लेकिन चल रही गिरावट अधिक मौजूदा चुनौतियों से प्रेरित है। केपीएसएस के अध्यक्ष संजय टिक्कू कहते थे कि वर्ष 2021 और




2024 के बीच 80 परिवारों का पलायन मुख्य रूप से वादी में लक्षित हत्याओं के कारण हुआ। अन्य लोग बेहतर सुरक्षा और रहने की स्थिति की तलाश में कश्मीर के भीतर, विशेष रूप से दक्षिण कश्मीर से श्रीनगर में स्थानांतरित हो गए। टिक्कू बताते थे कि बहुसंख्यक मुस्लिम समुदाय के समर्थन के बावजूद, कश्मीरी पंडितों को सरकारी लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसआरओ 425 के तहत रोजगार और पुनर्वास लाभ प्राप्त करने के उनके दशकों पुराने प्रयास नौकरशाही बाधाओं के कारण विलंबित हो गए हैं।

**अविवाहित युवाओं की बढ़ती संख्या**-समुदाय के सामने सबसे अधिक दबाव वाले मुद्दों में से एक अविवाहित कश्मीरी पंडित युवाओं की बढ़ती संख्या है। टिक्कू बताते थे कि 100 से अधिक युवा पुरुष और महिलाएं उपयुक्त विवाह साथी >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## बस-ट्रक के बीच जोरदार टक्कर, छह की मौत

**कच्छ।** गुजरात के कच्छ में शुक्रवार को बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में मौके पर ही छह लोगों की मौत हो गई और करीब 20 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिसमें कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह हादसा कच्छ के केरा मुंद्रा रोड के नजदीक हुआ है। बस में 40 लोग सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में लगभग 20 लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### भारत-पाकिस्तान के बीच हुई फ्लैग मीटिंग

## संघर्ष विराम समझौते पर कायम रहने पर बनी सहमति

**जम्मू, (एजेंसियां)।** भारत और पाकिस्तान ने हाल ही में नियंत्रण रेखा पर हुई गोलीबारी की घटनाओं पर चर्चा के लिए जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर शुक्रवार को फ्लैग मीटिंग की। ब्रिगेडियर स्तर की फ्लैग मीटिंग जिले के चकन दा बाग स्थित नियंत्रण रेखा क्रॉसिंग प्वाइंट पर हुई। अधिकारियों के मुताबिक एलओसी पर हाल में हुई गोलीबारी और एक आईईडी विस्फोट की घटनाओं के मद्देनजर तनाव कम करने के लिए फ्लैग मीटिंग आयोजित की गई थी। आईईडी विस्फोट में एक कैप्टन समेत दो जवानों की मौत हुई थी। अधिकारियों ने बताया, दोनों पक्षों ने माना कि सीमाओं पर शांति और सौहार्द बनाए रखना जरूरी है। बैठक करीब 75 मिनट तक चली और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने सीमाओं पर शांति के व्यापक हित में संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमति जताई। भारत और

### एलओसी पर हाल में हुई गोलीबारी से बढ़ गया था तनाव

पाकिस्तान की सेनाओं ने 2021 में संघर्ष विराम की घोषणा की थी। इस संघर्ष विराम समझौते के कारण, नियंत्रण रेखा पर तनाव काफी कम हद तक कम हो गया। हालांकि पिछले दिनों कुछ चिंताजनक घटनाएं हुईं। 11 फरवरी को नियंत्रण रेखा के अखनूर सेक्टर में दो भारतीय सेना के जवानों की शहादत के अलावा पुंछ और राजौरी जिलों में नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में दो अन्य जवान घायल हो गए थे। पुंछ सेक्टर में सीमा पार से की गई गोलीबारी का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान की तरफ भी कुछ लोग हताहत हुए हैं।

**कड़ी चौकसी बरत रहे सुरक्षा बल-** सेना और सुरक्षा बल एलओसी और भीतरी इलाकों में कड़ी चौकसी बरत रहे हैं, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी कम होने के कारण इस सर्दी में घुसपैठ के पारंपरिक रास्ते खुले रहे हैं।

## यूएसएड वाली बात बहुत परेशान करने वाली : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत में चुनावों के लिए अमेरिकी एजेंसी यूएसएड की फंडिंग का मामला गंभीर मोड़ ले रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे के बाद अब भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इसकी जांच की जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्त रणधीर जायसवाल ने इसे बहुत चिंताजनक बताते हुए कहा कि यूएसऐड के साथ जिन मंत्रालयों ने काम किया है, वो सभी इस मामले की पड़ताल कर रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मुख्यमंत्री ने मेधावी.....

ने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा अपने उद्बोधन के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल के प्रभारी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुार काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, रवीन्द्र यती सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते हुए कहा कि यह सब उनकी सोच के परिणाम स्वरुप ही संभव हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के पाँच गुणों को दर्शाने वाले श्लोक ''काक चेष्टा, बको ध्यानं, स्वान निद्रा तथैव च । अल्पहारी, गृहत्यागी विद्यार्थी पंच लक्षणं'' का उल्लेख करते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा, लक्ष्य के प्रति ध्यान, सतर्कता, स्फूर्ति और मोह रहित रहते हुए अपने उद्देश्य के प्रति समर्पण जैसे गुण विद्यार्थियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित सभी व्यवसाय के लोगों में होने चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी इसका आदर्श हैं, उनका अनुसरण करते हुए सभी, समय का सद्पयोग करे अपनी, अपने परिवार, समाज और देश की प्रगति के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के लिए शिक्षा का राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में होना, उनकी संवेदनशीलता दर्शाता है। उनके निर्देश पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को ई-स्कूटी के बाद अब लैपटॉप उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम के आधार पर ही यह उपलब्धि अर्जित की है। गर्व का विषय है कि लैपटॉप प्राप्त करने वालों में निजी स्कूलों की तुलना में शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों की संख्या अधिक है, साथ ही बालकों की तुलना में बालिकाओं की संख्या भी अधिक है। सचिव स्कूल शिक्षा संजय गोयल ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके बैंक खातों में 25-25 हजार रूपए की राशि लैपटॉप खरीदने के लिए अंतरित की गई है। ये विद्यार्थी वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं।

### महाकुंभ में स्नान करती....

वीडियो रिकॉर्ड किए। इसके अलावा, गुजरात और महाराष्ट्र के अस्पतालों और मॉल में महिलाओं के वीडियो भी रिकॉर्ड किए गए और ऑनलाइन बेचे गए। फिर इन वीडियो को डार्क वेब पर बेचा गया। आरोपियों ने टेलीग्राम का इस्तेमाल कर कई अकाउंट बनाए जांचकर्ताओं ने पाया है कि आरोपियों ने टेलीग्राम का इस्तेमाल करके कई अकाउंट बनाए और इन वीडियो तक पहुंचने के लिए 2,000 रुपये से लेकर 4,000 रुपये तक की मेंबरशिप की पेशकश की। कुछ वीडियो, जिनमें महिलाएं खुद को तौलिए से ढकती या कपड़े बदलती दिखाई दे रही हैं, का इस्तेमाल अधिक स्पष्ट सामग्री की बिक्री का विज्ञापन करने के लिए पूर्वावलोकन के रूप में किया जा रहा है।कथित तौर पर अवैध कमाई विदेशी स्त्रोतों से लातूर में आरोपियों के बैंक खातों में स्थानांतरित की गई थी। विवादित फुटेज फेसबुक, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रही है। अधिकारियों ने गुजरात और प्रयागराज में दो एफआईआर दर्ज की हैं। कुछ अन्य रिपोर्टों में उल्लेख किया गया है कि अब तक कुल 13 एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस साइबर क्राइम यूनिट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नज़र रख रही है और आपत्तिजनक सामग्री या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस का कहना है कि महाकुंभ में महिलाओं को स्नान करते हुए दिखाने वाले वीडियो के खरीदार और विक्रेता दोनों को गिरफ्तार किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि कार्रवाई के लिए अब तक 103 सोशल मीडिया अकाउंट की पहचान की गई है।

### कश्मीरी पंडितों से पूरी ....

नहीं ढूंढ़ पाए हैं। कम परिवारों के साथ, युवाओं के लिए समुदाय के भीतर मैच ढूंढना मुश्किल होता जा रहा है, और अंतर-समुदाय विवाह दुर्लभ हैं। घटती आबादी सांस्कृतिक और धार्मिक प्रथाओं को भी बुरी तरह से प्रभावित कर रही है। हिंदू पुजारियों की भारी कमी ने पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों को पूरा करना मुश्किल बना दिया है, कई परिवार अब विशिष्ट कश्मीरी पंडित परंपराओं के बजाय व्यापक हिंदू प्रथाओं को अपना रहे हैं। जीवन की घटनाओं-जन्म और मृत्यु-के संतुलन में व्यवधान ने स्थिति को और जटिल बना दिया है, जिससे समुदाय के लिए अपने रीति-रिवाजों को बनाए रखना मुश्किल हो गया है। हाल ही में, मीरवाइज उमर फारूक ने कश्मीर में कश्मीरी पंडितों की वापसी को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वास-निर्माण प्रयासों का आह्वान किया। टिक्कू ने इस भावना का स्वागत करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सुलह के प्रयासों को दोनों समुदायों द्वारा संचालित किया जाना चाहिए। टिक्कू कहते थे कि हालांकि मीरवाइज का आह्वान एक सकारात्मक कदम है, लेकिन नागरिक समाज के स्तर पर 2010 में पहले भी इस तरह के प्रयास किए गए हैं। इस बार, दोनों समुदायों के युवाओं को नेतृत्व करना चाहिए, क्योंकि अकेले बुजुर्ग बदलाव नहीं ला सकते हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ठोस सरकारी कार्रवाई के बिना कश्मीरी पंडितों की वापसी संभव नहीं होगी।

## नाम सुधार सूचना

मैं, लक्ष्मण सिंह लोधी पिता श्री गुलाम सिंह लोधी, जन्म तिथि 05.11.1979. उम्र 45 वर्ष, निवासी: ग्राम परसवाडा तहसील गोटेगांव थाना थेमी, पोस्ट राखीभैसा जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश, वर्तमान पता:एफ-123, वत्सला पैराडाईस, शिवनगर, जबलपुर जिला जबलपुर मध्य प्रदेश, एतद् द्वारा यह घोषित एवं सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरा मूल (पूर्व) नाम लक्ष्मण सिंह लोधी जो मेरे समस्त शैक्षणिक एवं शासकीय दस्तावेजों में दर्ज है, किन्तु मुझे लक्ष्मण सिंह लोधी के अतिरिक्त सत्येन्द्र सिंह लोधी के नाम से भी जाना एवं पहचाना जाता है इसलिए मैंने अपने मूल (पूर्व) नाम में संशोधन / परिवर्तन कर लिया है। और अब से मैं समस्त शैक्षणिक, शासकीय अभिलेखों तथा समस्त प्रयोजनों एवं संव्यहारों में चाहे शासकीय हो या प्राइवेट हो लक्ष्मण सिंह लोधी उर्फ सत्येन्द्र सिंह लोधी के नाम से जाना एवं पहचाना जाउगां। अतः समस्त व्यक्तियों एवं संस्थाओं को अभिव्यक्त रूप से प्राधिकृत एवं उनसे अनुरोध करता हूं कि मुझे अब से लक्ष्मण सिंह लोधी उर्फ सत्येन्द्र सिंह लोधी के नाम से ही नामोविष्ट एवं सम्बोधित किया जावे।

पर्व नाम तथा हस्ताक्षर
लक्ष्मण सिंह लोधी
वर्तमान नाम तथा हस्ताक्षर
लक्ष्मण सिंह लोधी
उर्फ सत्येन्द्र सिंह लोधी


## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-अनूपपुर (म.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त) अनूपपुर**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in/ पर अनूपपुर जिले के विभिन्न ग्रामों के बसाहटों में 400/200 मि.मी. व्यास, 200 मि.मी. व्यास, के 120 मी. गहरे नलकूप खनन कार्य हेतु निविदा के ( Bill of Quantity ) अनुसार निविदाऐं निम्नानुसार आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्र. | निविदा क्रमांक/दिनांक | ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा सिस्टम ई-टेण्डर नम्बर | नलकूप का प्रकार | नलकूप की संख्या | निविदा की लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 37/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED_403708_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.45 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार। |
| 2 | 38/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED_403710_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.45 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |
| 3 | 39/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED_403711_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.45 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |
| 4 | 40/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED_403712_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.45 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |
| 5 | 41/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED_403713_1 | 400/200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 38.45 | 50000/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |
| 6 | 42/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED_403714_1 | 200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 22.86 | 45730/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |
| 7 | 43/2024-25 दिनांक 18.02.2025 | 2025_PHED_403715_1 | 200 मि.मी. व्यास | 20 नग | 22.86 | 45730/- | 5000/- | 30 दिन वर्षाकाल सहित | |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 07/03/2025 17.30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 07/03/2025 17.30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि : 10/03/2025 11.00 बजे

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन माध्यम से ही क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर प्रदर्शित है। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।

G-23327/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अनूपपुर (म.प्र.)**

### बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः एमआईजी-15, राजेश्वर बिल्डिंग, शिव नगर, दमोह रोड, जबलपुर- 482002
Email: jabalpur.ard@bankofindia.co.in

**अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय सूचना**

**ई- नीलामी विक्रय सूचना** प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई- नीलामी विक्रय सूचना

अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला और जमानतदार को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल सम्पत्ति जो **प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया)** के पास गिरवी / प्रभारित हैं, का प्रतीकात्मक कब्जा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है''** के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदार से बैंक ऑफ इंडिया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु दिनांक 25.03.2025 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमशः दी गई है।

**ई-नीलामी दिनांक 25/03/2025 को प्रातः 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक चलेगी।**

| शाखा का नाम (1) | ऋणी / जमानतदार (2) | संपत्तियों का विवरण व स्वामी का नाम (3) | मांग सूचना 13(2) के तहत मांग नोटिस दिनांक व बकाया राशि (4) | आधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5) | आरक्षित राशि (6) | ईएमडी (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शाखा : सिविल लाईन्स | ऋणी- मेसर्स श्री ब्रदर्श पेपर इंडस्ट्रीज प्रोपराइटर- श्री नितेश जैन पिता श्री जवाहर लाल | साम्य बंधक सम्पत्ति लीज होल्ड सम्पत्ति स्थित लीजहोल्ड कमर्शियल सम्पत्ति स्थित मौजा इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेन्टर मनेरी, ग्राम- झुरकी सेक्टर- सी, प्लाट नं. 35, एरिया- 1380 वर्गमीटर (0.138 हेक्ट.), तहसील- निवास, जिला- मण्डला (म.प्र.)। सम्पत्ति स्वामी- मेसर्स श्री ब्रदर्श पेपर इंडस्ट्रीज प्रोपराइटर श्री नितेश जैन पिता जवाहर लाल जैन। सीमाएं- पूर्व- प्लाट नं. 37, पश्चिम- प्लाट नं. 18, उत्तर- 18 मी चौड़ी रोड, दक्षिण- प्लाट नं. 36 | 20-08-2022 ₹ 20,88,214.69 + ब्याज एवं अन्य खर्च | 05-01-2023 सांकेतिक | ₹ 21,33,000 | ₹ 2,14,000 |
| शाखा : छिन्दवाड़ा | ऋणी- श्री आनंद कुमार तिवारी पिता श्री गंगा प्रसाद तिवारी, पताः वार्ड नं. 4/6, उंठखाना गंगा प्रसाद तिवारी का मकान, मथुरा पैलेस, छिन्दवाड़ा, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)- 480001 | सम्पत्ति के समस्त भू-भाग व अंश खसरा नं. 249/89, क्षेत्रफल- 0.065 हेक्टे. (7020 वर्गफुट) वेक मौजा- कारबोह, नगर निगम वार्ड नंबर 1, डॉ. राधाकृष्णन वार्ड, सांईधाम कॉलोनी के पास, एन.बी. नं.- 57, प.ह.नं.- 08, आर.आई. सर्किल- छिन्दवाड़ा-2, तहसील एवं जिला छिन्दवाड़ा में स्थित। सम्पत्ति स्वामी- श्री आनंद कुमार तिवारी। सीमाएं- विक्रय पत्र के अनुसार- उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- 20 फुट चौड़ी कच्ची रोड, पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की भूमि | 07-08-2023 ₹ 18,32,681.60 + ब्याज एवं अन्य खर्च | 02-02-2024 सांकेतिक | ₹ 21,48,000 | ₹ 2,15,000 |

**सुरक्षित ऋणदाता को ज्ञात ऋणभार का विवरण : ज्ञात नहीं**

**नियम एवं शर्तें-** 1. नीलामी बिक्री/बोली केवल वेबसाइट https:baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली प्रक्रिया के माध्यम से होगी।
2. यदि आवश्यक हुआ तो 10-10 मिनट का असीमित विस्तार किया जाएगा। नीलामी आरक्षित मूल्य से ऊपर शुरू होगी और बोलीदाताओं को उपरोक्त सभी संपत्तियों के लिए 10,000 रूपये गुणक में अपने प्रस्तावों में सुधार करना होगा। बिक्री आरक्षित मूल्य पर या उससे कम पर नहीं होगी।
3. बिक्री प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराना होगा। उन्हें नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पहले उपरोक्त संपत्ति(यों) से संबंधित किसी भी वैधानिक देनदारियों, संपत्ति कर के बकाया, बिजली बकाया आदि के बारे में अपनी जांच करनी होगी। संपत्तियां सभी मौजूदा और भविष्य की देनदारियों के साथ बेची जा रही हैं, चाहे बैंक को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकारों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
5. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
6. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम बोली या किसी भी बोली या किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने और बिक्री की किसी भी शर्त को बदलने, संशोधित करने और माफ करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, प्राधिकृत अधिकारी का उक्त ई- नीलामी को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।
7. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https:baanknet.com, www.bankofindia.co.in देखें, या संपर्क करें: श्री सुशांत डोंगरे (मोबा. नं. 7580888800), प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, झोनल ऑफिस, जबलपुर।
8. यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं)/बंधककर्ता(ओं) के लिए 15/30 दिनों का नोटिस भी है।
9. सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी की आयकर अधिनियम की धारा 194-IA के तहत लागू 1% की दर से टीडीएस जमा करना होगा, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रू. 50 लाख या अधिक है। टीडीएस को फार्म 26QB ऑनलाईन भरकर जमा कराना होगा और टीडीएस सर्टिफिकेट फार्म 16 B में जारी करना होगा। खरीददार को सरकारी खाते में आयकर जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**दिनांक: 22/02/2025, स्थानः जबलपुर** **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया**

### सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

CENTRAL TO YOU SINCE 1911

**क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर**
**ई - निविदा सूचना**
**इंटीरियर एवं इलेक्ट्रिकल कार्य**

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर के अंतर्गत शाखा ढीमरखेड़ा, जिला-कटनी के इंटीरियर एवं इलेक्ट्रिकल कार्य हेतु योग्य ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है. आवेदन करने की अंतिम तिथि 12/03/2025 है. अधिक जानकारी के लिए https://centralbank.abcprocure.com और www.centralbankofindia.co.in देखें।

**क्षेत्र प्रमुख, जबलपुर**

### MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No:0761 2702473, Fax No.0761-2660048
CIN U40109MP2002SGC015120

No. CGM(S&P)/EZ/GM-I/I/2746 Jabalpur, dtd: 17.02.2025

**TENDER NOTICE**

Online Tenders is invited for supply, installation and commissioning of following item from OEM (Original Equipment Manufacturer) or their Authorized Distributor/Dealer only as per tender specification by the date indicated below:-

| Sr. No. | T.S. No. DISCOM/EZ/PUR | NAME OF ITEMS | APPROX VALUE (RS. IN LAKHS) | TENDER FEE (in Rs.) | DUE DATE OF OPENING OF TENDER ONLINE FROM 17.30 HRS.* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1546 (e-Tender ID 2025_PKVVC_403224_1) | Supply, installation and commissioning of 12V-120AH, Batteries for 60 KVA UPS at Data Center, Jabalpur | 22.42 | 1,180.00 | 28.02.2025 |

* For updated/ extended due dates for opening of tender (EMD in Cover -1 & Techno-commercial bid in Cover-2) please refer to the online key dates. Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in.

SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW

बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें

**CGM (S&P)**

### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T. No.../PWD/08/PRO No. 581 Dated 21/02/2025

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_402510_1 Date-25/02/2025 | मौलाना अब्दुल कलाम आजाद वार्ड क्रं. 36 अंतर्गत श्री चीना वंशकार के निवास स्थान के सामने से श्री आशिफ के निवास स्थान तक एम-20 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह 4.21 लाख | 2,000/- 4211/- | 11/03/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री (लोककर्म) नगर निगम जबलपुर**

### पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

.......भरोसे का प्रतीक ...the name you can BANK upon! (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

सर्कल शास्त्र सेंटर दक्षिण दिल्ली, ऊपरी भूतल, 7, भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली-110066 ईमेलः cs4168@pnb.co.in

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित। इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं) तथा जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें संबंधित ऋणी(ओं) तथा जमानतदार(ओं) से बैंक/सुरक्षित ऋणदाता को देय बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि संबंधित सम्पत्तियों के समक्ष नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित अनुसार होगी।

**सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री की अनुसूची**

| सं. क्र. | शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम और पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (संपत्ति(यों) के बंधककर्ता) | ए) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तारीख / बी) बकाया राशि के अनुसार / सी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तारीख / डी) कब्जे की प्रकृति प्रतीकात्मक/भौतिक/रचनात्मक | ए) आरक्षित मूल्य / बी) ईएमडी (ईएमडी की अंतिम तिथि) / सी) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | प्राधिकृत अधिकारी/नोडल अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर | सुरक्षित ऋणदाताओं को ज्ञात भारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 शाखा : ए-ब्लॉक, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली<br>मेसर्स मनेरी आइसक्रीम (उधारकर्ता) ई-94, जीएफ, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048.<br>मेसर्स मनेरी आइसक्रीम, प्लॉट नं-42, औद्योगिक क्षेत्र फूड पार्क, मनेरी जिला मंडला (मप्र)-481885.<br>सुश्री अनामिका मित्तल, (मालिक) एचएनओ-ई-94, जीएफ, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048. | ईक्यूएम/पंजीकृत परियोजना भूमि एवं भवन, जिसका माप 3300 वर्ग मीटर है, प्लॉट संख्या 42, फूड पार्क-मंडला, मनेरी, जिला मंडला में स्थित है (यह मेसर्स मनेरी आइसक्रीम के नाम पर एक नामित फूड पार्क जबलपुर, मध्य प्रदेश है, तथा उपरोक्त इकाई में संयंत्र एवं मशीनरी भी उपलब्ध है। | ए) 09.05.2022<br>बी) 544,47 लाख प्लस अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क<br>सी) 14.12.2022<br>डी) प्रतीकात्मक | ए) रु 389,90 लाख<br>बी) रु 39.00 लाख ईएमडी जमा अंतिम तिथि : 18.03.2025<br>सी) रु 1,00,000/- | 19,03,2025 सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक | श्रीमती दिवंकल नैन 9802927574 | संपत्ति की बिक्री पर कोई एसए लंबित/स्थगन नहीं है |
| 2 | 2 शाखा : ए-ब्लॉक, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली<br>मेसर्स पारस मिल्क एवं फूड कॉर्पोरेशन (उधारकर्ता) पंजीकृत कार्यालय : बीबी-17, बेसमेंट, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव, नई दिल्ली-110048.<br>मेसर्स पारस मिल्क एंड फूड कॉर्पोरेशन फैक्ट्री : प्लॉट नंबर-43, औद्योगिक क्षेत्र फूड पार्क, मनेरी, जिला मंडला, मध्य प्रदेश-481885.<br>श्री पवनदीप छाबड़ा (मालिक) पारस होटल, राइट टाउन, जबलपुर, मध्य प्रदेश-482001.<br>श्री पवनदीप छाबड़ा 1415 (366), मदन महल, गुप्तेश्वर रोड, जबलपुर, मध्य प्रदेश-482003.<br>श्री अवधेश मित्तल (जमानतदार) म.नं. ई-94, जीएफ, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048. | ईक्यूएम/पंजीकृत परियोजना भूमि और भवन, जिसका माप 3300 वर्ग मीटर है, प्लॉट संख्या 43, फूड पार्क-मंडला, मनेरी, जिला, मंडला में स्थित है (एक नामित फूड पार्क जबलपुर, मध्य प्रदेश मेसर्स मनेरी आइसक्रीम के नाम पर उपरोक्त इकाई में प्लांट और मशीनरी के साथ। | ए) 08.02.2023<br>बी) 295.80 लाख प्लस अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क<br>सी) 10.08.2023<br>डी) प्रतीकात्मक | ए) 599.75 लाख रुपये<br>बी) 60,00 लाख रुपये ईएमडी जमा अंतिम तिथि: 27.03.2025<br>सी) 1,00,000/- रुपये | 28.03.2025 सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक | श्रीमती दिवंकल नैन 9802927574 | संपत्ति की बिक्री पर कोई एसए लंबित/स्थगन नहीं है |

**ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तों का संक्षिप्त विवरण :** बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों और निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी। नीलामी बिक्री "ई-नीलामी" पोर्टल https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन होगी, 2. ई-नीलामी के लिए प्लेटफ़ॉर्म (https://baanknet.com) ई-नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रदान किया जाएगा, जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट 1, तीसरी मंजिल, VIOS कमर्शियल टॉवर, वडाला ट्रक टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट मुंबई-400037 (हेल्पडेस्क नंबर +91 8291220220, ईमेल आईडी: support.ebkray@psballiance.com) पर है। इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://baanknet.com पर ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। यह सेवा प्रदाता पोर्टल पर ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रदर्शन/प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। 3. बिक्री की सामान्य शर्तों और नियमों वाली बिक्री सूचना निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पेज पोर्टल पर उपलब्ध/प्रकाशित है (1) https://baanknet.com (2) www.pnbindia.in, 4. सफल बोलीदाता द्वारा बैंक को बिक्री मूल्य का भुगतान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194-1ए के अंतर्गत टीडीएस के अधीन होगा और सफल बोलीदाता द्वारा बोली राशि का शेष 75% बोली राशि का पूर्ण जमा करते समय ही टीडीएस का भुगतान किया जाना है।, 5. संपत्तियों को "जहां है जैसी है" और "जो है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। 6. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। 7. SARFAESIAct की धारा 13(8) के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ उपरोक्त सभी मामलों में एसआई संख्या 01 से एसआई संख्या 2 तक नोटिस जारी किया गया है। 8. बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें।

**दिनांक : 21-02-2025, स्थान : नई दिल्ली** **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक**

# देश-प्रदेश

उवाच

**मुझे हल्के में मत लेना : एकनाथ शिंदे**

मुंबई, (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा, 'मुझे हल्के में मत लीजिए, जिन्होंने मुझे हल्के में लिया है, उनसे मैं पहले ही कह चुका हूं कि मैं सामान्य पार्टी कार्यकर्ता हूं, लेकिन मैं बाला साहेब का कार्यकर्ता हूं और सभी को मेरी इस बात को समझ लेना चाहिए।' शिंदे का यह बयान उनको जान से मारने की धमकी पर आया है। उन्होंने कहा- जब आपने (विपक्ष) 2022 में हल्के में लिया, तो घोड़ा पलट गया और मैंने सरकार बदल दी। हम आम लोगों की इच्छाओं की सरकार लाए। विधानसभा में अपने पहले भाषण में मैंने देवेंद्र फडणवीस से कहा था कि 200 से ज्यादा सीटें मिलेंगी और हमें 232 सीटें मिलीं। इसलिए मुझे हल्के में मत लीजिए, जो लोग इस संकेत को समझना चाहते हैं, वे इसे समझ लें।



## हमारी निवेश नीति देश में सबसे अच्छी, जितने चाहे उद्योग लगाएं, सरकार आपके साथ है : डॉ. यादव



- नए उद्योगों को प्रोत्साहन देंगे, वर्तमान उद्योगों को नवकरणीय ऊर्जा का देंगे लाभ
- सरकार के बजट का एक-एक रुपया जनकल्याण एवं औद्योगिक विकास में खर्च करेंगे
- मुख्यमंत्री ने 1100 से अधिक औद्योगिक इकाइयों को 450 करोड़ रुपए से अधिक की राशि डीबीटी से की हस्तांतरित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश असीम संभावनाओं का प्रदेश है। मध्यप्रदेश की देश में केन्द्रीय स्थिति इसे और भी अधिक विशेष बनाती है। म.प्र. के औद्योगिक विकास के लिए हमारी सरकार ने जो नई निवेश नीति बनाई है, वह देश में सबसे बेहतर है, सबसे अच्छी है। आप जितने चाहे उतने उद्योग लगाइए, सरकार हर पल, हर कदम पर आपके साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सहित अन्य उद्योगपतियों से चर्चा के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने वाले निवेशक सदैव लाभ में रहे हैं। आप जैसे चाहें वैसे उद्योग लगाएं और मुनाफा कमाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1100 से अधिक औद्योगिक इकाईयों को 450 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय प्रोत्साहन राशि पारदर्शी तरीके से डीबीटी से हस्तांतरित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और भोपाल के निवेशक बेहिचक न केवल निवेश करें, बल्कि 24-25 फरवरी को भोपाल में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की मेजबानी भी करें। उन्होंने कहा कि जीआईएस भोपाल में हो रहा एक वैश्विक समागम है और यह एक अत्यंत ऐतिहासिक अवसर होने जा रहा है। देश-विदेश से यहां आने वाले निवेशक हमारे मेहमान हैं। उनके स्वागत में कोई कमी न रहें, जो भी भोपाल आए, वह एक अच्छी स्मृति लेकर ही जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में मध्यप्रदेश का देश में 7वां स्थान है। यह प्रदेश का सबसे उभरता हुआ सेक्टर है। इसलिए हमने निर्णय लिया है कि प्रदेश में हर प्रकार के उत्पादों से जुड़े नए उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन किया जाएगा। साथ ही वर्तमान में चल रहे पुराने उद्योगों को भी जरूरी मदद मुहैया कराएंगे। पुराने उद्योगों को यदि आवश्यकता होगी, तो मांगे जाने पर उन्हें नवकरणीय ऊर्जा के जरिए विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के बजट की एक-एक राशि जनता के समग्र कल्याण और प्रदेश के औद्योगिक विकास में व्यय की जाएगी। उन्होंने बताया कि हम नए वित्त वर्ष में सरकार के बजट को 4 लाख करोड़ रूपए तक लेकर जाने की ओर बढ़ रहे हैं। हमारी सरकार उद्योगों को सभी जरूरी मदद और प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी सरकार ने सदैव अपने वचन का पालन किया और आगे भी करेंगे। उन्होंने कहा कि नई निवेश नीति में हमारी सरकार महिला उद्यमियों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट देने का प्रावधान करने जा रही है। उद्योगपतियों को मल्टी स्टोरी इंडस्ट्रियल परिसर तैयार करने में, तो सरकार एक निश्चित सीमा तक छूट देगी। हम इंडस्ट्रियल परिसर में आवासीय गुजाइंश को भी अनुमति योग्य करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि हमारी सरकार उद्योग ऋण पर ब्याज में समुचित सीमा तक छूट भी देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी उद्योगपतियों से रू-ब-रू संवाद किया और कहा कि भोपाल में हो रही जीआईएस मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी, इसकी सफलता के लिए सबका सहयोग और सहभागिता जरूरी है।

### मुख्यमंत्री ने की उद्योगपतियों से चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों से आत्मीय चर्चा की। इंडस्ट्री एसोसिएशन के श्री राधाशरण गोस्वामी ने कहा कि पिछले एक साल में हमारा सरकार की नीतियों पर विश्वास बढ़ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की विकास दर 30 प्रतिशत की दर से बढ़ने वाली है, इससे प्रदेश में रोजगार बढ़ेंगे, समृद्धि आएगी। लघु उद्योग भारती के श्री अतीत अग्रवाल ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से मध्यप्रदेश में अद्भुत और अकल्पनीय औद्योगिक वातावरण तैयार हुआ है। जीआईएस के बेहद सुखद परिणाम आने वाले हैं। गोविंदपुरा औद्योगिक प्रक्षेत्र संगठन के श्री विक्रम गौर ने कहा कि सरकार ने जो नई निवेश नीति तैयार की है, वह सबके लिए लाभकारी है। उन्होंने उद्योगपतियों के हित में इतनी अच्छी निवेश नीति तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह एक ऊर्जावान नेतृत्व की ऊर्जामय नीति है। डिक्की के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल सिरवैया ने कहा कि सरकार की नई निवेश नीति में प्रदेश के समेकित विकास की झलक दिखाई देती है। मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए सरकार के नवाचारी प्रयास निस्संदेह सराहनीय है। मावे और लघु उद्योग भारती की प्रतिनिधि श्रीमती रेणु नायक ने मुख्यमंत्री से महिला उद्यमियों के लिए और अधिक प्रोत्साहित करने वाले प्रावधान किए जाने तथा मल्टी स्टोरी इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किए जाने की मांग रखी। उन्होंने आशा जताई कि जीआईएस से प्रदेश के हित में बेहद पॉजिटिव रिजल्ट सामने आएंगे।

## कृषि आधारित उद्योगों को विकसित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने किया राज्य स्तरीय जैविक कृषि उत्पादन तथा मूल्य संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ



- प्रदेश में जैविक और प्राकृतिक खेती पर केन्द्रित लगाएं जाएंगे
- प्राकृतिक कृषि उत्पाद के लिए आदर्श जिले और विकासखंड किए जाएं विकसित
- जैविक खेती करने वाले किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे सोलर पम्प

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि रसायनों के असीमित प्रयोगों के कारण पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अत- जैविक एवं प्राकृतिक कृषि तकनीकों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। प्रदेश में वर्तमान वर्ष में भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार प्राकृतिक कृषि विकास योजना के अंतर्गत लगभग 1 लाख एकड़ क्षेत्रफल में जैविक खेती का कार्यक्रम लिया जा रहा है। आगामी वर्षों में जैविक-प्राकृतिक खेती को पाँच लाख हैक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य रखा जाए। जैविक उत्पादों के बेहतर मूल्य किसानों को मिल सकें, इस उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर जैविक हाट-बाजार लगाए जाएं। प्रदेश में प्राकृतिक कृषि उत्पाद के लिए आदर्श जिले और विकासखंड विकसित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में जैविक और प्राकृतिक खेती पर आधारित मेले लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जैविक खेती करने वाले किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय जैविक कृषि उत्पादन तथा मूल्य संवर्धन कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर एक जिला एक उत्पाद तथा विभिन्न विभागों और जैविक खेती के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी विदेश यात्राओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरा विश्व प्रदूषण रहित, स्वास्थ्यकारी प्राकृतिक कृषि उत्पादों के लिए मध्यप्रदेश की ओर देख रहा है। नवीन तकनीकों से कृषि उत्पादन वृद्धि तो होना चाहिये किन्तु पर्यावरण संरक्षण के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती से संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह वर्ष यद्यपि उद्योग वर्ष घोषित किया गया है किन्तु कृषि प्रधान राज्य मध्यप्रदेश में खेती को साथ लेकर नीतियां लागू करना आवश्यक है। अत- राज्य सरकार कृषि आधारित उद्योगों को विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। जिन जिलों में औद्योगिक दर कम हैं, वहां कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पशुओं की वर्तमान दुग्धोत्पादन क्षमता 9 प्रतिशत है जिसे 20 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा।


**CHANGE OF NAME**

I, AALO DEVI is legally MOTHER of Army No- 15679841L Rank- HAV Name- ARVIND BHARATI Unit- 1MTR 1STC (Corps of Signal) Home Address Vil- EKEDANGA PANDIT Post- SOHANPUR Teh- BHATPAR-RANI Dist- DEORIA State- UP Pin- 274704., I have change my name from AALO DEVI to ALOKA DEVI vide affidavit before Notary Jabalpur (MP)

INCORRECT NAME
AALO DEVI
CORRECT NAME
ALOKA DEVI
कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Velu Ben is legally MOTHER of Army No- 15712422W Rank- L/nk Name- Kukadiya Lalitkumar Bhurabhai Unit address 11 Rapid (H) Sig Regt C/O 56 APO Home Address Vill: Lakhachokiya Po:Reshamiya Teh: Chotila Dist: Surendra nagar State- Gujarat Pin- 363520., I have changed my name Velu Ben to Kukadiya Veluben Bhurabhai and date of birth 01/07/1953 to 01/07/1962 Vide Affidavit before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
Velu Ben
INCORRECT DOB -01/07/1953
CORRECT NAME
Kukadiya Veluben Bhurabhai
CORRECT DOB - 01/07/1962
कृति

**CHANGE OF NAME/DOB**

I, Army No.15682297A, RANK-L/HAV, NAME- RAVINDRA KUMAR YADAV presently residing at Village- SARAY MUHMMADPUR, Post- PURAINA, Teh- GHAZIPUR, Distt.- GHAZIPUR, State-UTTAR PRADESH, PIN- 233232 do hereby solemnly affirm and declare that my Father/Mother name is LALJEE YADAV[FATHER],GIRIJA DEVI[MOTHER] has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name Father/Mother is LALJI[father], GIRAJA DEVI[MOTHER] as per her Aadhar Card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No. Dated 21/02/25 before Notary, Jabalpur M.P

INCORRECT NAME FATHER- LALJEE YADAV
CORRECT NAME FATHER-LALJI
INCORRECT NAME MOTHER- GIRIJA DEVI
CORRECT NAME MOTHER- GIRAJA DEVI
कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं Army No. 2704238W RANK- NK/HK NAME-SONDARVA VIRAL KUMAR AMRUT LAL UNIT-24 GUARDS (17 GRENADIERS). R/O VILLAGE- DHORAJI, POST- DHORAJI, TEH- DHORAJI, DISTT- RAJKOT, STATE- (GUJRAT) PIN- 360410 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम AMRUT LAL BACHU BHAI एवं मेरी माताजी का नाम SONDARVA SHOBHNA BEN एवं मेरा नाम SONDARVA VIRAL KUMAR AMRUT LAL दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही नाम SONDARVA AMRUT LAL BACHU BHAI एवं मेरी माताजी का सही नाम SONDARVA SHOBHNA BEN AMRUT LAL एव मेरा सही नाम SONDARVA VIRAL KUMAR है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिताजी एवं माताजी के एंव मेरे इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
कृति

**In The Court Of XXIX Civil Judge Class-I District Court, Jabalpur**

Presiding Officer : शुभांगी पालो दत्त
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000489 /2019)
श्रीमति गोमती कोरी ..........................वादी
Vs.
ओम प्रकाश कोरी ........................प्रतिवादी
Process ID-/2025
पेशी दिनांक - 18/03/2025

प्रेषिती-
(1) नरेन्द्र प्रसाद कोरी पिता स्व. राम प्रसाद कोरी पता- अघोरी बाबा के पास त्रिमूर्ति नगर दमोह नाका जबलपुर म.प्र. (2) कीर्ति कोरी पिता दुर्गाशंकर कोरी पता-द्वारा श्रीमति मीरा कोरी वाद बाबा मोड 232 गणेश मंदिर रोड कुदवार अमखेरा जबलपुर म.प्र.।

यह कि प्रार्थी श्रीमति गोमती कोरी ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते बंटवारा हेतु कीमती कृषि भूमियों लगान का 20 गुना लगभग 500 रुपए स्थाई निषेधाज्ञा हेतु कीमती 500 रुपए कुल 1000 रुपए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 20 फरवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।
न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते बंटवारा हेतु कीमती कृषि भूमियों लगान का 20 गुना लगभग 500 रुपए स्थाई निषेधाज्ञा हेतु कीमती 500 रुपए कुल 1000 रुपए की छायाप्रति संलग्न
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

श्रीमती शुभांगी पालो दत्त
उन्तीसवें व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड)
र.नं.-3099 जबलपुर (म.प्र.)

**In The Court Of XXIX Civil Judge Class-I District Court, Jabalpur**

Presiding Officer : शुभांगी पालो दत्त
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000018 /2025)
दीपक कोल ....................................आवेदक
Vs.
रमेश कोल ..................................अनावेदक
Process ID-/2025
पेशी दिनांक - 10/03/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कोल पता बड़ा पत्थर मनमोहन नगर, रांझी मानेगांव। तहसील व जिला जबलपुर (म.प्र.) ने मृतक शकुन बाई निवासी शिवमंदिर के पास गंगामैया रांझी जबलपुर (म.प्र.) की पंजाब नेशनल बैंक शाखा- व्ही.एफ.जे. जबलपुर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा- मस्ताना चौक, रांझी जबलपुर से जमा राशि प्राप्त करने हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 10 मार्च 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 10 मार्च 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 08 फरवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन व उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति संलग्न।
कृपया ध्यान दें:-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

श्रीमती शुभांगी पालो दत्त
उन्तीसवें व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड)
र.नं.-3102 जबलपुर (म.प्र.)


## लखनऊ जनपद को बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त दिलाने चल रहा अभियान



**समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए दिशा निर्देश**

**लखनऊ, देशबन्धु।** जनपद को बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त करने एवं भिक्षा से शिक्षा की ओर अभियान के अंतर्गत आज जिलाधिकारी विशाख द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अभियान की गहन समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निम्नवत दिशा निर्देश दिए गए -

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि मोहनलालगंज तहसील स्थित नगराम और नगर निगम जोन 4 स्थित फैजुल्लागंज में भिक्षावृत्ति करने वाले परिवारों के पॉकेट्स चिन्हित किए गए थे। जिनमें नगराम के भजाखेड़ा, गुलरिहा, अमवा, कंकाहा और फैजुल्लागंज के घैला, डिगुरिया और मुत्तकीपुर में अभियान चालते हुए शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से परिवारों को अच्छादित करते हुए उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा चलाए जा रहे अभियान की गहन समीक्षा की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि नगराम पॉकेट में कुल 126 परिवारों को चिन्हित किया गया था। जिसमें से 37 बच्चों को सरकारी विद्यालय में और 9 बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाया गया है और 0-6 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी भेजा जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी और डीपीओ आईसीडीएस को निर्देश दिए गए की बीईओ और सीडीपीओ की ड्यूटी लगाते हुए विद्यालय/आंगनबाड़ी जाने वाले बच्चों का प्रतिदिन फॉलोअप लिया जाए की वह प्रतिदिन विद्यालय/आंगनबाड़ी आ रहे है या नहीं। जो बच्चे आंगनबाड़/विद्यालय नहीं आ रहे है उनके घर जा कर उनके अभिभावकों को जागरूक करते हुए बच्चों की उपस्थिति विद्यालय/आंगनबाड़ी में सुनिश्चित कराए। जिलाधिकारी ने इस अभियान के लिए ग्राम पंचायत में संयुक्त टास्क फोर्स बनाने भाजाखेड़ा, गुलरिहा, अमवा और कंकाहा में 14 परिवारों का सर्वे पूर्ण कर प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिलाने कहा ।

जिलाधिकारी द्वारा बैठक में भिक्षावृत्ति में लिप्त महिलाओं एवं बच्चों का आधार कार्ड बनवाना, आयुष्मान कार्ड बनवाना, राशन कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, हेल्थ कार्ड, समाज कल्याण एवं महिला कल्याण की योजनाओं से आच्छादित किये जाने के निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, खंड विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वाराणसी सड़क हादसे में पांच की मौत

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मिर्जामुराद हाईवे पर शुक्रवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। वाराणसी कमिश्नरेट के एडिशनल कमिश्नर एस. चन्नप्पा ने बताया कि नौ लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एस. चन्नप्पा ने मीडिया को बताया कि एक गाड़ी में 15 लोग सवार थे, जिसकी ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है और नौ अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, सभी श्रद्धालु कर्नाटक से आए थे। इस हादसे की जानकारी उनके परिवार वालों को दे दी गई है। साथ ही सभी घायलों का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, क्रूजर जीप में सवार होकर श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे। इसी दौरान जीप हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जीप के परखच्चे उड़ गए। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम और अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, जीप की रफ्तार काफी तेज थी। ऐसी संभावना है कि जीप के चालक को झपकी आ गई होगी, जिसकी वजह से ट्रक से जीप टकरा गई। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस के साथ श्रद्धालुओं को जीप से निकालने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। इसके बाद, क्रेन की मदद से ट्रक और जीप को अलग किया गया। क्रूजर जीप को काटकर घायलों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, जहां कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।


**नाम परिवर्तन**

मैं Sanjay Palliwar पिता Murlidhar Laxmanrao Palliwar निवासी 1233 Rajesh Chowk Near durga Temple New Shastri Nagar Jabalpur - 482003 Madhya Pradesh कथन करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नं.- mo 861486 में मेरा नाम Sanjay Kumar Palliwar पिता Murlidhar Palliwar लिखा है जिसे मैंने बदलकर Sanjay Palliwar पिता Murlidhar Laxmanrao Palliwar कर लिया है अतः मुझे Sanjay Palliwar पिता Murlidhar Laxmanrao Palliwar नाम से जाना व लिखा जावे।

पूर्व नाम Sanjay Kumar Palliwar
पिता Murlidhar Palliwar
परिवर्तित नाम Sanjay Palliwar
पिता Murlidhar Laxmanrao Palliwar
R.No. 3101

**न्यायालय तहसीलदार तहसील गोरखपुर, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/2722/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 11.02.2025

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम बदनपुर प.ह. बदनपुर तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती सारिका किलेदार एवं अन्य पति श्री अरूण किलेदार निवासी अरोरा कालोनी सांई बोर्ड हुजूर जिला भोपाल म.प्र. हाल मुकाम जिला जबलपुर के द्वारा ग्राम बदनपुर में स्थित भूमि ख.नं. 192/2, 200 से 204, 216/1, 219/2, 223/1 लेआउट प्लाट नं. 171 रकवा 1500 में से 900 वर्गफुट/हेक्टेयर भूमि पर विक्रय पत्र/ बंटवारा/ वसीयत/ फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्सम्बंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय-दस्तावेज पेशी दिनांक 26/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथ्वा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 11/02/2025
पेशी दिनांक- 26/02/2025

र.नं.- 3108 तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

फौती

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/1880/अ-6/2024-2025

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकित पांडे/ सुरेश पांडे निवासी- 2128 न्यू कंचनपुर शर्मा किराना स्टोर के पास ने नजूल ब्लाक नं. ..... प्लाट नं. 7/217 निर्मित रकवा 720 व.फु./ अवि. हिस्सा ..../व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक ..... मृत्यु दिनांक 14/02/2019 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र ....... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ..... प्लाट नं. 7/217 निर्मित रकवा/रकवा....... व.फु./ अवि. हिस्सा ..... व.फु./हे./ग्राम भड़पुरा प.ह.नं. ... खसरा नं. 289/6/11 (एस) रकवा ... व.फु./ हे. शिव कुमार पिता रघुवर दयाल वगैरह के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 06/03/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 18/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 18/02/2025
पेशी दिनांक 06/03/2025

कृति तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- स.क्र.11/19-20 दिनांक 21.2.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विशाल बघेल पिता राम कुमार बागरी ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहरलाल नेहरू के भवन क्रमांक 880/1 पीडब्ल्यूडी कालोनी के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 40600600, 1000428604 जलकर सर्विस क्रमांक 1002494050 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 924 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 700 व.फु. आरसीसी द्वितीय तल.... वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती लेखा वर्मा पति स्व. कामता प्रसाद वर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
र.नं. 3107 संभाग-11, नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/सं.क्र.03/एम- 317/24-25
दिनांक 21/02/2025

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति दिव्या सूर्येन पति श्री मयंक सूर्येन ने फ्लैट नं. A4 वार्ड ग्वारीघाट प्रथम तल 627 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त फ्लैट नं. A4 वार्ड ग्वारीघाट गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री ज्योतिर्मय राय पिता श्री जितेन्द्र नाथ के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्र.-3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी,
संभाग क्र.-03 रामपुर, नगर निगम, जबलपुर
कृति

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अजय कुमार आत्मज श्री बालाराम कनौजिया निवासी म.नं.217/2. पंचायती कुंआ के पास वार्ड नंबर 47 हनुमान मंदिर के पीछे गोकलपुर थाना रांझी तहसील रांझी जिला जबलपुर का निवासी हूँ तथा मैं 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत हूँ मेरा बैच नंबर 1318 है मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम अजय कुमार एवं पिता का नाम बालाराम कनौजिया दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड बैंक पासबुक में मेरा नाम अजय कुमार कनोजिया एवं पिता का नाम बालाराम कनोजिया दर्ज है ! मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम अजय कुमार कनोजिया एवं पिता का नाम बालाराम कनोजिया संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ मुझे अजय कुमार कनोजिया पिता बालाराम कनोजिया के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावें!

पिता को पुराना नाम
बालाराम कनौजिया
पिता का नया नाम
बालाराम कनोजिया
पुराना नाम - अजय कुमार
नया नाम - अजय कुमार कनोजिया
कृति

**नाम सुधार सूचना**

मैं, शारदा सिंह गुर्जर पति श्री मनमोहन सिंह गुर्जर, निवासी- म.नं. 624/1, आमानपुर रोड, गौरैया प्लाट, वीर सावरकर वार्ड, पुरवा, जबलपुर (म.प्र.), आधार नं. 3788 4705 9320 का शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि -
1. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 3788 4705 9320 में मेरा नाम शारदा सिंह गुर्जर (SHARDA SINGH GURJAR) दर्ज है।
3. यह कि मेरे पासपोर्ट क्र. M0860866 में मेरा नाम शारदा सिंह (SHARDA SINGH) दर्ज है।
4. यह कि शारदा सिंह गुर्जर (SHARDA SINGH GURJAR) एवं शारदा सिंह (SHARDA SINGH) दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के है। उक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।
स्थान-जबलपुर दिनांक- 21.02.2025
सही नाम - शारदा सिंह गुर्जर (SHARDA SINGH GURJAR)
गलत नाम - शारदा सिंह (SHARDA SINGH)
र.नं. 3104

**नाम सुधार सूचना**

मैं, मनमोहन सिंह गुर्जर पिता श्री बालकिशन गुर्जर, निवासी- म.नं. 624/1, आमानपुर रोड, गौरैया प्लाट, वीर सावरकर वार्ड, पुरवा, जबलपुर (म.प्र.), आधार नं. 8692 7213 0823 का शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि -
1. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 8692 7213 0823 में मेरा नाम मनमोहन सिंह गुर्जर (MANMOHAN SINGH GURJAR) दर्ज है।
3. यह कि मेरे पासपोर्ट क्र. M1249619 में मेरा नाम मनमोहन सिंह (MANMOHAN SINGH) दर्ज है।
4. यह कि मनमोहन सिंह गुर्जर (MANMOHAN SINGH GURJAR) एवं मनमोहन सिंह (MANMOHAN SINGH) दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही व्यक्ति के है। उक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।
स्थान-जबलपुर दिनांक- 21.02.2025
सही नाम - मनमोहन सिंह गुर्जर (MANMOHAN SINGH GURJAR)
गलत नाम - मनमोहन सिंह (MANMOHAN SINGH)
र.नं. 3104

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**

**इश्तहार**

रा.प्र.क्रं 2562/अ-6/2024-25

आवेदक मोहम्मद ईस्पाक पिता लाल मोहम्मद निवासी:- हाउस नं. 120/4 मदन मोहन मालवीय द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. ... दिनांक .... के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लाक बैतला नं. बं. ... प.ह.न. 22/25 स्थित भूमि खसरा नं./प्लाट नं. 190/13/33 रकवा 767 व.फु. पर विक्रेता/वसीयतकर्ता .......... से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक ........ तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक ........ इश्तहार किया गया।
जारी दिनांक- 17/02/2025
पेशी दिनांक- 03/03/2025

कृति नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल जबलपुर

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण महेश प्रसाद विश्वकर्मा पिता गुलाबचंद विश्वकर्मा, व शुभम विश्वकर्मा पिता महेश प्रसाद विश्वकर्मा दोनों निवासी मकान नं. 1149, गोपाल बिहार, नटबाबा की गली, उपरैनगंज जबलपुर द्वारा मौजा देवरीकला प.ह.नं. 13, गुरूनानक वार्ड तहसील पनागर जिला जबलपुर में स्थित खसरा नं. 627/50, का भाग 0.0590 हेक्टर में से 780 वर्गफुट जिस पर निर्मित रकवा 400 वर्गफुट पर दुकान शेष खुला ऐरिया का विक्रय अनुबंध विक्रेता मुकेश कुमार साहू पिता श्री तुलाराम साहू के मध्य किया गया है। यह कि निकट भविष्य में विक्रय पत्र का निष्पादन होने जा रहा है यदि किसी व्यक्ति/संस्था, वित्तीय संस्थाओं को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर उपस्थिति होकर वैध दस्तावेज के साथ स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से पेश करे।

कुलदीप अग्रवाल
अधिवक्ता
ऑफिस हाट बाजार
जबलपुर 9589693136
र.नं. 3103

# अभिमत

**इससे यह भी सीखा जा सकता है कि जो उत्पाद लघु व कुटीर स्तर पर गांव कस्बे में बन सकते हैं, उन्हें स्थानीय स्तर पर ही बनाना चाहिए, तभी आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। इससे गांवों में रोजगार बढ़ेंगे व गांववासियों में छिपी हुई रचनात्मकता और प्रतिभा को आगे आने का अवसर मिलेगा। इस पहल में महिलाओं को जोड़ा जाना बहुत ही महत्वपूर्ण है। पारंपरिक रूप से भी कृषि, पोषण, दस्तकारी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।**

## केरल में जीवन शिक्षा की पहल

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

केरल के पालक्कड़ जिले के शोरनूर में एक ऐसा प्रशिक्षण केन्द्र है, जहां न केवल युवा प्राकृतिक खेती, बुनाई, मिट्टी के बर्तन और शिल्प का हुनर सीख रहे हैं,बल्कि इससे सम्मानजनक आजीविका भी हासिल कर रहे हैं और आत्मनिर्भर बन रहे हैं। आज इस अनूठी पहल की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे शिक्षा को समग्रता से समझा जा सके। सिर्फ अल्पकालीन उद्देश्य ही नहीं, बल्कि उसे जीवन में कैसे अपनाया जा सके, यह समझा जा सके।

शोरनूर से 4 किलोमीटर दूर फार्मर शेयर नामक केन्द्र स्थित है। कुछ समय पहले मुझे यहां जाने और इसे देखने-समझने का मौका मिला। उसी अनुभव को यहां साझा कर रहा हूं। केरल को प्रकृति से भरपूर राज्य माना जाता है। इसके बारे में सुनते रहे हैं, पर देखने का मौका कुछ समय पूर्व मिला।

सुबह से शाम तक यहां की दैनंदिन गतिविधियां और प्रकृति के कई रूप देखने को मिले। टेंट में विश्राम के दौरान कीट-पतंगों की फरफराहट, पेड़ों के बीच शांति व एकान्त, सुबह पक्षियों की चहचहाहट, गिलहरियों की उछल-कूद, हवा की सरसराहट, शाम को बारिश, साफ वातावरण, पेड़ों की पत्तियों की चमक और परिसर के मनोरम दृश्य से मेरा साक्षात्कार हुआ।

परिसर में आवाजाही, रसोई कक्ष में दक्षिण भारतीय भोजन की खुशबू, हथकरघे की खट-पट, चाक पर मिट्टी को आकार देती कारीगर महिलाएं, पेड़ों की कटाई-छंटाई, पौधों की निंदाई-गुड़ाई, लाइब्रेरी में अध्ययन, यहां कुछ ऐसी ही गतिविधियां दिनचर्चा की हिस्सा थीं।

चारों ओर हरियाली से घिरा फार्मर शेयर का घर, बहुत ही साधारण चीजों से बना है। इसमें बेकार समझी जाने वाली चीजों का उपयोग किया गया है। जैसे साइकिल के रिम, लकड़ी के टुकड़े, स्टील की फ्रेम, जंगली बीज इत्यादि। दीवारों के पलस्तर में नीम की पत्तियां व तीखी गंधवाली पत्तियां मिला दी गई हैं, जिससे कीट नियंत्रण में मदद मिलती है।

इसके संस्थापक अम्ब्रोज़ कूलियत ने बतलाया कि वर्ष 2017 में इस केन्द्र की शुरूआत की गई। सबसे पहले मित्रों के साथ मिलकर एक ट्रस्ट बनाया गया, फिर 10 एकड़ ज़मीन पट्टे पर ली और प्राकृतिक खेती की शुरूआत की। धीरे-धीरे इसका विस्तार होते गया। अब यहां हथकरघे से कपड़े बनाना, मिट्टी के बर्तन बनाना और हस्तशिल्प की इकाईयां संचालित की जा रही हैं।

वे आगे बताते हैं कि केन्द्र की सोच गांधी के ग्राम स्वराज के विचारों से प्रभावित है। उनका मानना है कि प्रत्येक गांव और इलाके को स्वशासन, आजीविका और संसाधनों के उत्पादन व वितरण में आत्मनिर्भर होना चाहिए। यह केन्द्र इसी की एक छोटी पहल है।

इसके पूर्व उन्होंने जीविकोपार्जन के लिए कई तरह के काम किए। स्कूली पढ़ाई के बाद उन्होंने निर्माण मिस्त्री का काम किया। स्वाश्रय आंदोलन से जुड़े, जिसके तहत भोजन, रोजगार, स्वास्थ्य और खेती का प्रशिक्षण दिया, कोच्चि में जैविक उत्पादों से बने भोजन का रेस्तरां खोला। इन सब कामों से वे खुश थे, और उनकी इनमें दिलचस्पी भी थी। लेकिन वे आत्मनिर्भर और टिकाऊ समुदाय का मॉडल बनाना चाहते थे,इसलिए फार्मर शेयर की शुरूआत की।

उन्होंने बताया कि फार्मर शेयर में हम एक ऐसी संस्कृति विकसित करना चाहते हैं,जहां संसाधनों का उपयोग इस तरह से किया जाए जिससे पर्यावरण व प्रकृति का नुकसान न हो। और लालच की बजाय जरूरत के आधार पर संसाधनों का उपभोग हो। इसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को ऐसे श्रम आधारित कामों से आजीविका उपलब्ध कराना भी है,जिन कामों से उन्हें संतुष्टि व सम्मान मिले।

यहां मुख्य रूप से पर्माकल्चर पद्धति से फूलों की खेती की जाती है। शंखपुष्पी और हिबिस्कस की खेती करते हैं। यहां एक साथ कोई खेत भी नहीं है, जहां भी जगह होती है, वहीं पौधों को उगाया व रोपा जाता है। यहां आलू, कद्दू, भिंडी, बैंगन, सेमी इत्यादि सब्जियां भी होती हैं। इनमें किसी भी प्रकार का रासायनिक खाद व कीटनाशक का उपयोग नहीं किया जाता। गोबर खाद का इस्तेमाल किया जाता है। खेती और पशुपालन एक दूसरे के पूरक हैं। यहां 7 मवेशी हैं, जिसमें गाय भी शामिल हैं।

यहां कई तरह के खाद्य उत्पाद बनाए जाते हैं और बेचे जाते हैं। सूखे केले को शहद के साथ डुबाया जाता और फिर सुखाकर बिक्री की जाती है। इसी प्रकार, अचार, शहद, ताड़ का गुड़, जैम, शरबत पाउडर इत्यादि भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। यहां शंखपुष्पी और तुलसी जैसे औषधि पौधे भी हैं।

वे आगे बताते हैं कि हमने हस्तशिल्प पर जोर दिया है। यहां खादी भंडार के सहयोग से 3 हथकरघा स्थापित किए गए हैं, जहां हाथ से बुने सूत से हथकरघा से कपड़ा तैयार किया जाता है। उनकी प्राकृतिक रंगों से रंगाई होती है। यहां बच्चों के अभ्यास के लिए छोटा हथकरघा भी है।

वे बताते हैं कि प्राकृतिक रंगों का उत्पादन और उपयोग पर्यावरण के अनुकूल है, इससे किसी भी प्रकार मानव शरीर को नुकसान नहीं पहुंचता। जबकि सिंथेटिक रंग पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं। यह प्राकृतिक रंग पेड़ों की छाल, जामुन,फल, पत्तियों और फूलों से बनाए जाते हैं,फिर इनसे कपड़े रंगे जाते हैं।

हथकरघा इकाई में नजदीक गांव की 3 महिलाएं काम करती हैं। ये सभी तीनों घरेलू महिलाएं हैं, जिन्होंने पहले बाहर काम नहीं किया है। एक महिला प्रतिदिन करीब 2 मीटर कपड़ा तैयार कर लेती है। इस कपड़े को केन्द्र खरीद लेता है और फिर बेचता है। इस कपड़े से शर्ट, सलवार, फ्राक, बैग सभी कुछ बनाए जाते हैं।

यहां कार्यरत महिलाओं ने बताया कि 'पहले मिट्टी के बर्तन बनाने का काम कभी नहीं किया, लेकिन यहां प्रशिक्षण लेकर अब कर रही हैं। इससे उनकी आजीविका अच्छे से चलती है और खुशी भी होती हैं।'

इसके अलावा, एक इकाई कागज बनाने, साबुन बनाने और पुस्तक डिज़ाइनिंग पर शुरूआती शोध कर रही है। हस्तनिर्मित कागज़ बनाते हैं और बेकार कागज और केले के रेशे से लेबल और पैकेजिंग का काम करते हैं।

अम्ब्रोज़ कूलियत विचार व सिद्धांत के प्रति दृढ़ हैं। उन्होंने उनके बच्चों को स्कूल नहीं भेजा। उनका मानना है कि सच्ची शिक्षा जीवन भर के लिए कौशल हासिल करके हो सकती। वह कहते हैं कि आज की शिक्षा पहले के बने बनाए ढांचों में ढलना सिखाती है। उनके दोनों बेटे अमल और अखिल इस पूरे काम में सहयोगी हैं। बड़े बेटे अमल डिज़ाइनर हैं और छोटे बेटे अखिल मिट्टी के बर्तन वाली इकाई के प्रमुख हैं। अम्ब्रोज की पत्नी मिनी अम्ब्रोज़ ने भी इस पूरी पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि इस केन्द्र ने लुप्त होते शिल्प को पुनर्जीवित करके और हाशिये पर रहनेवाले समुदायों का समर्थन करके एक उम्मीद जगाई है। प्राकृतिक खेती में मिट्टी-पानी का संरक्षण करके जितनी ज़रूरत है, उतना ही उत्पादन किया। इसमें भी खाद्य चक्र को जहरीले पदार्थों से मुक्त रखा है, यह भी बड़ी सीख है।

इससे यह भी सीखा जा सकता है कि जो उत्पाद लघु व कुटीर स्तर पर गांव कस्बे में बन सकते हैं, उन्हें स्थानीय स्तर पर ही बनाना चाहिए, तभी आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। इससे गांवों में रोजगार बढ़ेंगे व गांववासियों में छिपी हुई रचनात्मकता और प्रतिभा को आगे आने का अवसर मिलेगा।

इस पहल में महिलाओं को जोड़ा जाना बहुत ही महत्वपूर्ण है। पारंपरिक रूप से भी कृषि, पोषण, दस्तकारी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यदि गांव में रहते हुए भी परिवार अपनी सभी जरूरतें पूरी करने में सक्षम होते हैं तो गांव के दीर्घकालीन विकास व पर्यावरण की रक्षा के लिए यह एक मिसाल है।

**संस्थापक अम्ब्रोज़ कूलियत ने बतलाया कि वर्ष 2017 में इस केन्द्र की शुरूआत की गई। सबसे पहले मित्रों के साथ मिलकर एक ट्रस्ट बनाया गया, फिर 10 एकड़ ज़मीन पट्टे पर ली और प्राकृतिक खेती की शुरूआत की। धीरे-धीरे इसका विस्तार होते गया। अब यहां हथकरघे से कपड़े बनाना, मिट्टी के बर्तन बनाना और हस्तशिल्प की इकाईयां संचालित की जा रही हैं।**

## बीता सप्ताह

**15 फरवरी**

- पीएम नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात हुई। तब्बुर राणा का प्रत्यर्पण का ऐलान ट्रंप ने किया।
- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने मुंबई के न्यू इंडिया को ऑपरेटिव्ह बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया।
- वियतनाम में मलेरिया के मामले में 48प्रांतों को मलेरिया मुक्त घोषित किया गया।
- पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम 6000 वन डे रन बनाने वाले संयुक्त रूप से तेज गेंदबाज बने।

**16 फरवरी**

- दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के शीशमहल बंगले की जांच के आदेश केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने दिए।
- गायक व संगीत निर्देशक प्रतुल मुखोपाध्याय का कोलकोता में निधन हो गया।
- निकाय चुनाव छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत हुई।
- प्रयागराज महाकुंभ जा रहे कोरबा के 10 श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत हो गई।

**17 फरवरी**

- छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए 33 जिलों में वोट डाले गए।
- अमेरिका से निर्वासित 116 भारतीय प्रवासियों का दूसरा जत्था अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा।
- दिल्ली रेलवे स्टेशन में भगदड़ से मरने वालों की संख्या 18 हुई।

0 फास्टैग का नया नियम आज से देशभर में लागू हुआ।

18 फरवरी

- चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भारत का मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है।
- मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज 18 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए।
- छत्तीसगढ़ में ग्राम सरकार चुनने पहले चरण का 17 को मतदान हुआ जिसका परिणाम आज 18 को आया।
- दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके लगी। रिएक्टर स्केल में तीव्रता 4.0 मापी गई।

**19 फरवरी**

- राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति पर असहमति व्यक्त की।
- नए कानून के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब 24 घंटे खुली रहेगी दुकानें।
- भारत के प्रमुख फैशन और लाइफस्टाइल प्लेटफार्म में से एक मित्रा ने अपने कार्पोरेट ऑफिस में एक पिकलबॉल कोर्ट लांच किया।
- झारखंड राज्य में गुटखा और पान मसाले पर लगा पूर्ण प्रतिबंध।
- दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता को नई मुख्यमंत्री घोषित किया गया।

**20 फरवरी**

- रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण का 43 विकासखंडों में मतदान हुआ।
- नए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपना पदभार संभाला।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केन्द्र बन गया है।

**21 फरवरी**

- हाईकोर्ट न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें कहा गया था कि भ्रष्टाचार शिकायत के मामले में जांच उसके (लोकपाल) के अधिकार क्षेत्र में आता है।
- झारखंड के एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने 10वीं बोर्ड के विज्ञान और हिंदी के पेपर लीक की पुष्टि होने पर दोनों विषयों की परीक्षा रद्द कर दी।
- छग के बलौदाबाजार में हिंसा आगजनी मामले में जेल में बंद भिलाई से कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी।

## फडणवीस-शिंदे के बीच बढ़ती दरार से महायुति की स्थिरता पर सवाल

■ सुशील कुट्टी

किसी को यह समझने में मुश्किल नहीं होनी चाहिए कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनके द्वारा विस्थापित पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच दरार बढ़ती जा रही है। फडणवीस अभी महाराष्ट्र के वर्तमान उपमुख्यमंत्री भी हैं और वह मुख्यमंत्रियों के खिलाफ जाने के लिए हमेशा तैयार ही रहते हैं जैसा कि उन्होंने उद्धव बालासाहेब ठाकरे जैसे नेता के मुख्यमंत्रित्व काल में किया था। क्या यह एक बेतुकी बात होगी, जो मूल मुद्दे से भटकती है, कि मुंबई शहर में सब कुछ ठीक नहीं है, जहां जल्द ही निकाय चुनाव होने वाले हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपनी कमर कस लेनी चाहिए। मीडिया ऐसा दिखा रहा है जैसे शिंदे खलनायक हैं और फडणवीस एक चमकता हुआ योद्धा। शिंदे को 'हमारे बीच 'ठंडा ठंडा, कूल कूल' रिश्ता है' जैसे बेतुके बयान देने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जैसे कि यह कोला का विज्ञापन हो!

सच तो यह है कि शिंदे द्वारा किसी भी दरार से इनकार करना उन 'अफवाहों' के खिलाफ है कि महायुति आंतरिक कलह की चपेट में है और सत्ता परिवर्तन की जरूरत है। फिर किसी तुलना से बचने के लिए, शिंदे ने कहा कि अगर उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते, तो आज शिवसेना एक इकाई होती। पुरानी यादें उपमुख्यमंत्री को मार रही हैं और मुख्यमंत्री में इतनी हिम्मत नहीं है कि वे अपने डिप्टी को पीछे हटने के लिए कह सकें। ऐसा कुछ तो उन्हें विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के समय करना चाहिए था।

मौजूदा दरार के लिए किसे दोषी ठहराया जाना चाहिए? भाजपा के शीर्ष पर तंबू फैलाये ऑक्टोपस को? वह व्यक्ति जिसका नाम नहीं लिया जा सकता या जिसे बेबाक मज़ाक का निशाना नहीं बनाया जा सकता? वह व्यक्ति जिसे महाराष्ट्र की जीत की तरह दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का श्रेय लेने के लिए चुना गया था? महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए भाजपा को शिंदे सेना की ज़रूरत नहीं थी और पहले तो उपमुख्यमंत्री की ज़रूरत ही नहीं थी, दो की तो बात ही छोड़िए! मुख्यमंत्री फडणवीस समेत हर कोई जानता है कि भाजपा में कौन फ़ैसला लेता है, किसे फैसला लेने की इजाज़त है। यह भी हर कोई जानता है कि एक व्यक्ति वाली भाजपा नेतृत्व में तानाशाही की प्रवृत्ति है।

सभी फ़ैसले सर्वसम्मति से लिए जाते हैं, जो आधुनिक समय की समकालीन राजनीति में बोला जाने वाला सबसे बड़ा झूठ है। उदाहरण के लिए, यह भ्रामक बयान कि भाजपा विधायकों ने बैठक की और रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने का फ़ैसला लिया! दिल्ली के मुख्यमंत्री को पदभार ग्रहण करते ही जो एक बड़ा फ़ैसला लेना चाहिए था, वह पहले ही छीन लिया गया था, यानी 'यमुना की सफ़ाई' मिशन, जिसे दिल्ली के उपराज्यपाल ने 'रेखा गुप्ता' के लॉन्च से ठीक पहले लॉन्च किया था- मुख्यमंत्री गुप्ता अब झाग उड़ते हुए देख सकती हैं! यमुना नदी तट पर विकास कार्य में यमुना को साबरमती नदी तट के बराबर खड़ा करने की क्षमता है, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को झूले पर घुमाया था, जिसे शी आज भी अच्छी तरह याद रखेंगे।

यह उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच दरार से ध्यान हटाने के लिए नहीं है, जो कि कोई बड़ी घटना नहीं थी, अगर फडणवीस आलाकमान के दबाव में आकर शिंदे सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट के साथ सत्ता साझा करने के लिए सहमत नहीं होते।

फिर शिंदे भाजपा के पिछलग्गू की तरह व्यवहार भी नहीं कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अपनी खुद की यात्रा की योजना बनाने में व्यस्त हैं। शिंदे सेना के सांसदों, शिंदे सेना के विधायकों और शिंदे सेना पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शिंदे अपनी सेना की रणनीति तैयार कर रहे हैं।

शिंदे ने भाजपा नेतृत्व की किताब से सीख लेते हुए एक समानांतर व्यवस्था स्थापित की है, जिसका उदाहरण मंत्रालय में एक चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ है, जो शिंदे की पहल है, जो आम तौर पर 'लोगों की मदद करने' के लिए है। इस पर कौन आपत्ति करेगा?

'उपमुख्यमंत्री का चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ पहले भी स्थापित किया गया था। यह मुख्यमंत्री के चिकित्सा राहत कोष प्रकोष्ठ के साथ समन्वय करेगा और गरीब और जरूरतमंद मरीजों की मदद करेगा। इसलिए काम का दोहराव नहीं है। केवल एक सीएम वार-रूम है। अब भी प्रमुख परियोजनाओं को वार रूम से आगे बढ़ाया जायेगा।'

क्या यही है, फडणवीस और शिंदे के बीच तथाकथित दरार? इसमें छिपे हुए तत्व होने चाहिए। शायद शिंदे नहीं चाहते कि उनके समर्थक उद्धव बालासाहेब ठाकरे की सेना में वापस चले जायें या, क्या इसका संबंध आगामी मुंबई नगर निगम चुनावों से है। यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि जब मुंबई में नगर निगम चुनावों की बात आती है तो शिवसेना (यूबीटी) को शिंदे सेना पर बढ़त हासिल है, जो देश की वित्तीय राजधानी में वर्षों से शिवसेना के वर्चस्व पर निर्भर करता है। शिंदे ने अपने समर्थकों को यह बात बताई और उनसे कहा कि वे शिवसेना-यूबीटी को एक और शिकस्त देने के लिए तैयार रहें, जैसा कि उन्होंने 2024 के विधानसभा चुनावों में किया था।

मंगलवार को शिंदे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय चुनावों की तैयारी करने और शिवसेना-यूबीटी को हराने के लिए कहा, जैसा कि उन्होंने 2024 के चुनावों में किया था, जिसके बारे में शिंदे ने दावा किया था कि इसने शिवसेना-यूबीटी को 'एक बड़ा झटका' दिया है। शिंदे का मानना है कि निकाय चुनावों में उद्धव ठाकरे की सेना को हराने से बालासाहेब ठाकरे द्वारा स्थापित सेना और भी टूट जायेगी तथा शिंदे सेना का विस्तार होगा।

शिंदे कहते हैं कि उनकी शिवसेना को 'विस्तार करना चाहिए' और निकाय चुनाव शिवसेना-यूबीटी के लिए मृत्यु-घंटी बजा देंगे। संक्षेप में, उपमुख्यमंत्री शिंदे के पास शिवसेना के अपने गुट के लिए बड़ी योजनाएं हैं और वे 'कार्य करने वाले' हैं। स्वाभाविक रूप से, भाजपा एकनाथ शिंदे से सावधान है और बृहन्मुंबई नगर निगम चुनाव एक परीक्षा है, जिसमें शिंदे और उद्धव बालासाहेब ठाकरे दोनों ही जीत के लिए लड़ रहे हैं।

इस मामले में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सबसे अलग हैं, जो विधानसभा चुनाव के बाद सबसे आगे थे,जब एक पूर्ण हिंदुत्व-आधारित रणनीति ने उन्हें बड़ा बहुमत दिलाया था। लेकिन एक व्यक्ति के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास' की वापसी के साथ, 'बटेंगे तो कटेंगे' अब चलन में नहीं है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने अपनी सख्त छवि खो दी है, जबकि शिंदे खुद को 'प्रतिस्थापन' के रूप में पेश कर रहे हैं।

शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ तुलना करने की कोशिश की, उन्होंने कहा, 'हम विकास का विरोध करने वालों के खिलाफ लड़ाई में हैं', लगभग ऐसा ही जैसे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मोदी और मोदी के मार्की 'विकसित भारत' के बीच खड़े हों। इस बीच, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शिंदे के सामने अपनी धार खो रहे हैं, जिन्हें 'सुपर चीफ मिनिस्टर' को जवाब देने की ज़रूरत नहीं है।

> **सभी फ़ैसले सर्वसम्मति से लिए जाते हैं, जो आधुनिक समय की समकालीन राजनीति में बोला जाने वाला सबसे बड़ा झूठ है। उदाहरण के लिए, यह भ्रामक बयान कि भाजपा विधायकों ने बैठक की और रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने का फ़ैसला लिया! दिल्ली के मुख्यमंत्री को पदभार ग्रहण करते ही जो एक बड़ा फ़ैसला लेना चाहिए था, वह पहले ही छीन लिया गया था, यानी 'यमुना की सफ़ाई' मिशन।**

## ट्रम्प के सामने घुटने न टेके भारत

दुनिया को फिर से ठीक-ठाक करने के अपने बेतुके प्रोजेक्ट को अंजाम देने में व्यस्त अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की है। इस तरह ट्रम्प के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद मिलने वाले कुछ नेताओं में मोदी शामिल हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस मुलाकात पर कहा- ' यह स्पष्ट हो गया कि मोदी ट्रम्प को खुश करने वाले नवीनतम नेता थे।'

आत्ममुग्ध, अहंकारी, यहां तक कि आत्मकेंद्रित के रूप में वर्णित एक शक्तिशाली विश्व नेता को खुश करने में सिद्धांत रूप में कुछ भी गलत नहीं है। तो भी खुश करने की यह कोशिश उन स्थितियों और नीतियों के अति उत्साही समर्थन से अलग है जिन्होंने दुनिया भर में कई सवाल एवं चिंताएं खड़ी की हैं। भारत ने ट्रम्प की प्रशंसा एक प्रेरक नेता के रूप में की लेकिन यह सब कहीं न कहीं अलग क्षेत्र में चला गया जब 'विस्किट भारत' (विकसित भारत) का विचार 'मेगा' (एमएजीए 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का मतलब-'अमेरिका को फिर से महान बनाओ') की राजनीति की भाषा में बदल गया।

मोदी ने इसे इस तरह व्यक्त किया- 'अगर मैं अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब है 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' यानी 'मिगा'- एमआईजीए। जब संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत एक साथ काम करते हैं यानी 'मेगा जब 'मिगा' से जुड़कर काम करेगा तो समृद्धि के लिए 'मेगा' साझेदारी बनती है तथा यह मेगा भावना हमारे लक्ष्यों को नया पैमाना एवं दायरा देती है।'

यह अतिशयोक्तिपूर्ण भाषा इस तथ्य के बावजूद आई कि मोदी के साथ बैठक से कुछ घंटे पहले ही ट्रम्प ने बिना किसी हिचकिचाहट के पारस्परिक टैरिफ की घोषणा की जिसका स्पष्ट रूप से भारत पर असर पड़ेगा। ट्रम्प ने वास्तव में मोदी के साथ अपनी टिप्पणी में टैरिफ को रेखांकित करते हुए भारत को 'दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ वाला देश' कहा और कहा कि 'भारत जो भी शुल्क लेगा, हम उससे वसूलेंगे।' यह विशेष रूप से आश्चर्यजनक नहीं है। यह हमेशा स्पष्ट था कि ट्रम्प अपने नियमों के अनुसार खेलेंगे और जैसा उन्होंने अन्य देशों के साथ किया है, वे भारत को दबाव में डालेंगे। उनके कुछ तरीके उनकी पुस्तक 'आर्ट ऑफ द डील' में बताए गए सरल विचारों पर आधारित हैं- एक अहंकारी रियल एस्टेट डेवलपर की मैनुअल जिसे अन्य क्षेत्रों और स्वयं जीवन में लागू करने के लिए बनाया गया है। 1997 में आई इस पुरानी किताब के अध्याय- 2 को 2005 में एक बड़े बाजार संस्करण में पुन: प्रकाशित किया गया जिसका शीर्षक है 'ट्रम्प कार्ड्स: द एलिमेंट्स ऑफ द डील'। किताब इस प्रकार शुरू होती है- 'सौदा करने का मेरा तरीका काफी सरल व सीधा है। मैं बहुत ऊंचा लक्ष्य रखता हूं और फिर मैं बस जो चाहता हूं उसे पाने के लिए जोर लगाता रहता हूं। कभी-कभी मैं जितना चाहता हूं उससे कम पर समझौता कर लेता हूं लेकिन ज्यादातर मामलों में मुझे फिर भी वही मिलता है जो मैं चाहता हूं।' अमेरिकी विदेश नीति हमेशा अमेरिकी हितों के बारे में रही है जो अल्पकालिक और एक साधन द्वारा चिह्नित है, जिसमें खुलेपन, लोकतंत्र या शांति के सिद्धांतों के कई खोखले दावे हैं। अब मुखौटा गिर गया है, मूल्यों का ढकोसला खत्म हो गया है और ताकत का नंगा खेल शुरू हो गया है। आगे बढ़ने की उम्मीद करते हुए भारत को इस साझेदारी को ध्यान से नेविगेट करने की आवश्यकता होगी और इसलिए भारत को पूछने व रेडलाइन तथा गैर-परक्राम्य की अपनी सूची के साथ तैयार रहना होगा। संक्षेप में कहें तो ट्रम्प के खेलने के तरीके का उपयोग ट्रम्प के खिलाफ ही करना होगा।

यदि राष्ट्र के पास एक ऐसी विदेश नीति हो जिस पर सभी दल सहमत हों, उसे अपना सकें और राजनीतिक विभाजनों से परे भारतीय आम सहमति के रूप में पेश कर सकें तो मोदी और भारत को इसमें मदद मिलेगी । इसके लिए भाजपा को कांग्रेस एवं अपने पक्ष के अन्य दलों की जरूरत है जो ट्रम्प के सामने मजबूत, स्पष्ट और विशिष्ट मांगों का एक सेट रखें बजाय इसके कि वे दूसरे पक्ष की हर मांग के आगे झुक जाएं।

लेकिन विदेशी मामलों में भी राजनीतिक कटुता आ गई है। नौकरशाह से विदेश मंत्री बने एस. जयशंकर ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ व्यक्तिगत रूप से कटाक्ष करके इसमें कुछ इज़ाफ़ा किया है जो जाहिर तौर पर द्विदलीय समर्थन की कीमत पर भाजपा तथा प्रधानमंत्री के साथ उनकी स्थिति को सुरक्षित करता है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा अमेरिका में अनधिकृत भारतीयों को निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू करने के तरीके की औपचारिक और सार्वजनिक रूप से निंदा करने के लिए इस तरह की कटुता के बिना भी सर्वदलीय आम सहमति बनाना मुश्किल नहीं होना चाहिए था।

निर्वासन आदेशों के तहत भारतीय नागरिकों को भेजने के लिए सैन्य विमान का उपयोग और अमेरिकी एजेंसियों द्वारा एक वीडियो में जंजीरों में बंधे भारतीय नागरिकों का वीडियो विधिवत प्रचारित करने का कृत्य अनुचित तथा भारतीय नागरिकों के सम्मान और अधिकारों की कीमत पर भारत की नकारात्मक छवि दिखाने की कोशिश करता है। यह चौंकाने वाली बात है कि भारतीयों के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जा रहा है जैसा वेनेजुएला के कुछ गिरोह के सदस्यों के साथ हो रहा है और जिन्हें 'बेहद खतरनाक व आपराधिक अवैध एलियंस' कहा जाता है तथा जिन्हें क्यूबा में अमेरिका संचालित कुख्यात ग्वांतानामो बे जेल शिविरों में भेज दिया गया है।


भारतीयों के साथ ऐसा व्यवहार करने के लिए भारत को अमेरिका की निंदा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने इस पर खुलकर बात न करने का फैसला किया। हालांकि उन्होंने बताया कि गरीब लोगों को गुमराह कर अपने जाल में फंसाने वाले और सीमाओं के पार अवैध रूप से लोगों की तस्करी में मदद करने वाले गिरोहों पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह सही स्थिति है। लेकिन अगला तार्किक कदम यह होगा कि अमेरिका से कहा जाए कि वह बिना दस्तावेज वाले भारतीयों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार न करें या वापस भेजते समय उन्हें बेड़ियों में न डालें।

लेकिन ऐसा नहीं हुआ और भारतीय विदेश मंत्री को पहले यह कहते हुए उद्धृत किया गया था कि स्तरीय 'यह अमेरिका के लिए सामान्य प्रक्रिया है।' उन्होंने कहा कि निर्वासितों को हटाने के लिए विमानों के उपयोग संबंधी 'आईसीई (अमेरिका के आव्रजन और ग्राहक प्रवर्तन) की मानक संचालन प्रक्रिया 2012 से प्रभावी है। यह बयान तकलीफ में पड़े लोगों की कैसे मदद कर सकता है? आम भारतीयों के साथ हुए इस व्यवहार पर क्या 'विश्व गुरु' राष्ट्र के विदेश मंत्री जयशंकर को शर्म नहीं आती?

अमेरिका से अगर 20 हजार भारतीयों में से सभी को वापस भेजा जाना है तो नियोजित निर्वासन के लिए लगातार उड़ानों की आवश्यकता होगी। यह संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि अमेरिकी आव्रजन विभाग के छापे जारी हैं। जो लोग पकड़े जाते हैं, उन्हें वकीलों, चिकित्सा सहायता और अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए और इन सुविधाओं के बिना हिरासत में रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उनमें से किसी को भी जंजीरों में जकड़ कर वापस भेजने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

यहां उन अन्य मुद्दों की बात नहीं हो रही है जिन पर ट्रम्प आगे बढ़ना जारी रखेंगे। दोनों देशों की टीमों के बीच ऊर्जा सौदों और रक्षा आपूर्ति के बारे में चर्चा जारी है। अमेरिका के साथ भारत एक सीमा तक ही खेल खेल सकता है। भारत किस सीमा तक झुक सकता है यह बताने के लिए एक स्पष्ट रेखा खींचनी जरूरी है। ट्रम्प को खुश करने के लिए भारत को झुकना नहीं चाहिए।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडीकेट: द बिलियन प्रेस )**



जगदीश रत्तनानी

> **यदि राष्ट्र के पास एक ऐसी विदेश नीति हो जिस पर सभी दल सहमत हों, उसे अपना सकें और राजनीतिक विभाजनों से परे भारतीय आम सहमति के रूप में पेश कर सकें तो मोदी और भारत को इसमें मदद मिलेगी । इसके लिए भाजपा को कांग्रेस एवं अपने पक्ष के अन्य दलों की जरूरत है जो ट्रम्प के सामने मजबूत, स्पष्टऔर विशिष्टमांगों का एक सेट रखें।**

# अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन का कड़ा विरोध,वकीलों ने बंद रखा काम

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन के विरोध में शुक्रवार को वकील अदालतों में पैरवी के लिए उपस्थित नहीं हुए। अधिवक्तागण न्यायालयीन कार्य से विरत् रहकर विरोध प्रकट किया। विगत दिवस हाईकोर्ट बार के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में हाई कोर्ट बार, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार व जिला बार एसासिएशन कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक में उक्त निर्णय लिया गया था। सभी ने अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधेयक-2025 के प्रविधानों को अधिवक्ता विरोधी निरूपित किया था। बैठक में विस्तृत चर्चा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि यदि संशोधन का विरोध नहीं किया गया तो ऐसा अधिनियम अस्तित्व में आ जाएगा, जिसके कारण अधिवक्ताओं की स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक वकालत घर कुठाराघात होगा। इसीलिए प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके संबंध में हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश को पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। साथ ही अपेक्षा की गई है कि हड़ताल के दौरान पक्षकारों के प्रकरणों में एकपक्षीय कार्रवाई न की जाए।



**ये है काला कानून: सैनी**

जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर के पूर्व अध्यक्ष व एमपी स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने साफ किया है कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए एडवोकेट एक्ट अमेंडमेंट बिल-2025 का महज मध्यप्रदेश में ही नहीं संपूर्ण भारत में घोर विरोध किया जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके जरिए अधिवक्तागणों पर वज्रपात किया गया है जो कि बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

पूर्व में भी कई बार राज्य शासन एवं केंद्र शासन को एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट के संबंध में कई बार लिखा पढ़ी की जा चुकी है, लेकिन एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट तो दूर रहा केंद्र सरकार द्वारा एडवोकेट अमेंडमेंट बिल-2025 को अधिवक्ताओं को परेशान करने के उद्देश्य से लाया गया है, जिसमें ऐसे-ऐसे नियम लाए गए हैं, जिनसे अधिवक्तगण स्वतंत्र रूप से वकालत नहीं कर पाएंगे। इस बिल के विरोध में दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत हैं।

एमपी स्टेट बार काउंसिल को बार काउंसिल इंडिया के द्वारा एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें एडवोकेटस अमेंडमेंट बिल 2025 में 28 तारीख तक अपने सुझाव मांगे गए हैं। लिहाजा, यदि वकीलों की मांगें न मानी गई तो प्रदेशव्यापी प्रतिवाद दिवस तय है।

# सर्वश्रेष्ठ दैनिक पीएलएफ का रिकार्ड बना

## पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों ने हासिल किया 90.74 प्रतिशत पीएलएफ


**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के चार ताप विद्युत गृहों ने 19 फरवरी को 90.74 प्रतिशत प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) अर्जित कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ दैनिक पीएलएफ का रिकार्ड बनाया। इससे पूर्व पावर जनरेटिंग कंपनी का सर्वश्रेष्ठ दैनिक पीएलएफ 85.03 प्रतिशत था, जो कि सात वर्ष पूर्व 19 अप्रैल 2018 को अर्जित किया गया था।

19 फरवरी को जब मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के चार ताप विद्युत गृहों द्वारा दैनिक 90.74 प्रतिशत पीएलएफ का रिकार्ड बनाया गया, तब इनका समग्र विद्युत उत्पादन 99.52 मिलियन यूनिट दर्ज किया गया। पावर जनरेटिंग कंपनी के चारों ताप विद्युत गृह की वर्तमान विद्युत उत्पादन क्षमता 4570 मेगावाट है।

विदित हो कि 210 मेगावाट क्षमता के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई द्वारा 4.94 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन करते हुए 98.06 प्रतिशत पीएलएफ हासिल किया गया। 500 मेगावाट क्षमता के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी ने 11.80 मिलियन यूनिट दैनिक उत्पादन करते हुए 98.32 प्रतिशत पीएलएफ, 1340 मेगावाट क्षमता के संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर ने 25.71 मिलियन यूनिट उत्पादन करते हुए 79.95 पीएलएफ व 2520 मेगावाट क्षमता के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने 57.07 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन करते हुए 94.36 प्रतिशत पीएलएफ अर्जित किया।

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने दी बधाई

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने चारों ताप विद्युत गृहों के अभियंताओं व कार्मिकों इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी विद्युत उत्पादन के नए रिकार्ड कायम होते रहेंगे।



# तिरछे जबड़े और ठुड्डी का किया गया सफल ऑपरेशन

**जबलपुर,देशबन्धु।** हितकारिणी डेंटल कॉलेज में पिछले दो दिन के सेमीनार एवं हेंड्स ऑन कार्यशाला के पश्चात जबलपुर हॉस्पिटल में लाईव सर्जरी प्रारम्भ की गई जिसमें 5 वर्षीय बालिका के चेहरे एवं नाक के उपर ब्रेन से निकले टयूमर का ऑपरेशन अमेरिका से पधारे डॉ. घाली, डॉ. स्तवन पटेल एवं न्यूरो सर्जन डॉ.प्रशांत कुशवाहा द्वारा किया गया निश्चेतना डॉ. दीपमाला के द्वारा दी गई। जबलपुर के आसपास के आदिवासी क्षेत्र से आई इस बालिका को जन्मजात यह चेहरे का टयूमर था जिसे मेनिन्गोएनसेफेलोसील कहा जाता है चेहरे को सामान्य करने के बाद इस बालिका के माता पिता की खुशी देखते ही बनती है। आज ही दूसरा केस एक 24 वर्षीय युवती जिसको टेम्पोरोमेन्डीबुलर एन्कायफोसिस की वजह से निचला जबड़ा और ठुडडी तिरछी हो गई थी, उसके जबड़े की सर्जरी करके एवं बोन ग्राफट के माध्यम से उसके चेहरे को सुडौल बनाया गया। इस ऑपरेशन को मुंबई रिलायंस एवं जसलो हॉस्पिटल के वरिष्ठ मेक्लिोफेशियल सर्जन डा. जे.एन. खन्ना एवं डॉ सूरज आहूजा द्वारा किया गया। निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. भरत श्रीवास्तव ने इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक कराया। तीसरा ऑपरेशन 38 वर्षीय युवती जिसके निचले जबड़े में बहुत बड़ा टयूमर पिछले कई वर्षों से हो गया था, उसका लगभग आधा जबड़ा काटकर टयूमर अमीलोब्लास्टोमा को अलग किया गया एवं पैर की फिब्यूला हड्डी से माइक्रोवैस्कुलर प्लास्टिक सर्जरी करके निचले जबड़े का रिकन्सट्रक्शन किया गया। निश्चेतना डॉ. प्रतिभा जैन द्वारा दी गई। चौथा ऑपरेशन न्यूयॉर्क, अमेरिका से पधारे डॉ. माईकल टर्नर द्वारा किया गया जिसमें 10 वर्षीय बच्चा जिसे फेशियल क्लेफ्ट था ओर पिछले वर्ष सर्जरी करके उसका क्लेफ्ट बंद किया गया था। इस वर्ष उसी बालक के ऊपर के जबड़े की विकलांगता डिस्ट्रेशन ऑस्टियोजिनेसिस का उपकरण लगाकर किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यशाला नियोजक डॉ. राजेश धीरावाणी, कार्यशाला अध्यक्ष डॉ. गुंजन दुबे, सचिव संयोग पाठक, चिकित्सा संयोजक डॉ. अंकित शर्मा, डॉ आदित्य धीरावणी ने सहयोग हेतु श्री प्रकाश धीरावाणी डायरेक्टर जबलपुर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, हितकारिणी सभा सचिव श्री विश्वमोहन को धन्यवाद प्रेषित किया शनिवार एवं रविवार को भी ऑपरेशन जारी रहेंगे।

# पीएम की सुरक्षा के लिए आईं 4 कारों को स्टेशन से बाहर निकालने में लगा दिए 2 घंटे

## रेलवे के जिम्मेदारों की लापरवाही, दिल्ली में आए सुरक्षा कर्मियों ने जताई नाराजगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के उच्च अधिकारी भले ही अपनी पीठ खुद थपथपाते हों, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। रेलवे के जिम्मेदार अधिकारी अपनी मनमर्जी से ही कार्य को संपादित करते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण है प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए श्रीधाम एक्सप्रेस से ब्रेकयान के माध्यम से दिल्ली से जबलपुर लाई गईं चारों कारों को स्टेशन से बाहर निकलने में दो घंटे से ज्यादा समय लग गया। दिल्ली से आए सुरक्षा कर्मियों ने रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों की इस लापरवाही पर नाराजगी भी जाहिर की और शीर्ष अधिकारियों से इसकी शिकायत की बता कही, यह चर्चा जोरों से है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को नई दिल्ली जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा के लिए चार कारों को ब्रेकयान में जबलपुर के लिए खाना किया गया। यह ट्रेन 21 फरवरी शुक्रवार को सुबह साढ़े नौ बजे जबलपुर स्टेशन में पहुंच गई, लेकिन इन सभी कारों को स्टेशन से बाहर आने में लगभग ढाई घंटे का समय लग गया।

### प्रधानमंत्री बागेश्वर धाम छतरपुर आएंगे

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री का बागेश्वर धाम छतरपुर में कैंसर अस्पताल के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम है। इसके लिए इन चार कारों को दिल्ली से विशेष तौर पर भेजा गया है। बता दें कि स्टेशन में स्टेशन डायरेक्टर जैसे जिम्मेदार अधिकारी की पदस्थापना होने के बाद इस प्रकार की लापरवाही होना मुहकमे जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

पमरे में महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक जैसे शीर्ष अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। आशा है कि वे इस प्रकार की लापरवाही पर रोक लगाएंगे, इसकी सभी को उम्मीद है।

# महाकुंभ महापर्व : श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भोपाल, जबलपुर एवं कोटा मण्डल ने किये विशेष प्रबंध

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाकुंभ 2025 के प्रयागराज में आने-जाने वाले तीर्थयात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे युद्ध स्तर पर काम कर रही है। इसी कड़ी में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ महापर्व के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पश्चिम मध्य रेल ने तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में व्यापक विशेष प्रबंध किए हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य महाकुंभ के लिए यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाना है।

पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट एवं गुजरने वाली महाकुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली प्रयागराज के लिए रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति, सोगरिया-बनारस-सोगरिया, रीवा-प्रयागराज-रीवा, रानी कमलापति-गाजीपुर सिटी-रानी कमलापति, कोटा-रीवा एवं कटनी-दुर्ग-कटनी रूट पर आरक्षित महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही है। इसके अतिरिक्त अतिरिक्त यात्रीभार को क्लीयर करने के उद्देश्य से प्रमुख स्टेशनों जैसे रानी कमलापति, भोपाल, बीना, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना एवं कोटा स्टेशनों से अनारक्षित महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के लिए अब तक पमरे के तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा से स्पेशल एवं नियमित ट्रेनों से आरक्षित एवं अनारक्षित श्रेणियों में लगभग 12 लाख से अधिक यात्रियों श्रद्धालुओं ने परिवहन किया है।

महाकुंभ के दौरान बढ़ते यात्रीभार को देखते हुए प्रमुख स्टेशनों पर प्रयागराज के लिए स्पेशल मेमू ट्रेनों का संचालन एवं अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया गया है। जिसमें टिकट चेकिंग, यात्री सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है।

**जबलपुर मंडल-** जबलपुर मंडल के आसपास के क्षेत्र विभिन्न स्टेशनों जैसे जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, रीवा, दमोह, सागर, नरसिंहपुर, पिपरिया, गाडरवारा एवं ब्यौहारी इत्यादि स्टेशनों से 12 जनवरी 2025 से 20 फरवरी 2025 तक 38 दिनो मे 145 ट्रेनो के माध्यम से 06 लाख 46 हजार 542 श्रद्धालुओं को महाकुंभ मेला में पहुंचाया गया।

**कोटा मण्डल-** 13 जनवरी से जारी शाही स्नान के दिन से 14 फरवरी तक एक माह में कोटा से ट्रेन से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या 10,491 है। जिसमें आरक्षित श्रेणी में प्रयागराज के लिए 6,838 एवं जनरल कोच के यात्रियों की संख्या 3,653 है। इस एक माह में नियमित एवं स्पेशल ट्रेनों के कुल 53 ट्रिप कोटा से प्रयागराज के लिए संचालित हुए। कोटा मंडल महाकुंभ पर यात्रियों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है अभी भी स्पेशल ट्रेनों का संचालन मंडल द्वारा प्रयागराज के लिए जारी है।

# गाजीबाग में लगे शिविर में 4280 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण



**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र के सात दिवसीय मानव सेवा का संकल्प स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को गाजीबाग बारातघर गोहलपुर में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुआ जो शाम 5 बजे तक जारी रहा। महिला एवं पुरूष ने भारी तादाद में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। दूसरे दिन में लगभग 4280 हितग्राहियों ने अपना परीक्षण कराया जिसमें 1140 हितग्राहियों का चश्मे के लिए पंजीयन किया गया। 56 हितग्राहियों के मोतियाबिन्द के ऑपरेशन के लिए पंजीयन किये गये। 1930 हितग्राहियों को दवाईयों का वितरण किया गया। पूर्व केबिनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि विगत 14 वर्षों से जारी इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लगातार हमारा प्रयास है कि कांग्रेस मानव सेवा संकल्प के तहत पूर्व विधानसभा क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस शिविर में यश घनघोरिया, याकूब अंसारी, पार्षद प्रमोद पटेल, पार्षद शफीक हीरा, ताहिर अली, हाजी सलीम, इश्तियाक अंसारी, राजू लईक, वृद्धावन कुशवाहा, निहाल मंसूरी, रिजवान अली कोटी, खुर्शीद अंसारी, तबस्सुम अंसारी, प्रियंका केशरवानी, आरिफ रब्बानी, आसिफ इकबाल, परवेज अख्तर, सुरेन्द्र तिवारी, सरमन रजक आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कछपुरा माल गोदाम में साइडिंग जारी

## रेल्वे द्वारा स्वयं दिये गये आदेश का हो रहा उल्लंघन

**जबलपुर,देशबन्धु।** रेल्वे मंत्रालय ने क्रमांक इआरबी-1/2016/23/19 दिनांक 08/04/2016 को आदेश जारी कर साइडलाईन/मालगोदामों को रहवासी क्षेत्र, स्कूल/कॉलेज/ऐतिहासिक/धार्मिक स्थल/पर्यावरण के दृष्टि से महत्वपूर्ण जगहों से दूर रखने को कहा है। जबलपुर का कछपुरा मालगोदाम घनी बस्ती से सटा हुआ है। वहां पर स्कूल है, बाजू में ही ऐतिहासिक गुलौआ तालाब है जबलपुर मास्टर प्लान में दर्शाया हुआ ग्रीन बेल्ट से यह मालगोदाम सटा हुआ है। इस मालगोदाम में रोजाना सैकड़ों ट्रकों की आवाजाही कर सीमेन्ट, फर्टिलाईजर, आयरनों तथा खाद्यान्न की अनलोडिंग/लोडिंग जारी है। परिणाम स्वरूप धूल, ध्वनि प्रदूषण, सीमेन्ट, फर्टिलाईजर तथा आयरन ओर से हो रहे जल एवं भूमिगत जल प्रदूषण इस समूचे क्षेत्र में खतरनाक स्थिति निर्मित हुई है। लगभग 20 हजार परिवारों के मानव अधिकारों का हनन हो रहा है।

### केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के गाईड लाईन की अनदेखी

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2010 में गाईड लाईन तथा पर्यावरण प्रबंधन पर गाईड लाईन जारी की है लेकिन इस गाईड लाईन की अनदेखी जारी रखकर लोडिंग/अनलोडिंग का कार्य जारी है। धूल ध्वनि तथा जल प्रदूषण की मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। अतः नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव तथा एड. प्रभात यादव ने म.प्र. मानव अधिकार आयोग को ई-मेल भेजकर तत्काल हस्तक्षेप करने का निवेदन किया है।

# लोडिंग-अनलोडिंग से 20 हजार परिवारों का जीवन पड़ा खतरे में

**जबलपुर, देशबन्धु।** कछपुरा मालगोदाम तथा आस-पास के क्षेत्रों की एयर मॉनीटरिंग करने के पश्चात प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वहां पर हो रही लोडिंग तथा अनलोडिंग बंद करने के निर्देश दिये थे इस पर रेल्वे प्रशासन यह प्रक्रिया कुछ दिनों के बंद कर बाद में जारी रखी है। रेल्वे प्रशासन ने यह भी वादा किया था कि यहां का मालगोदाम को शिफ्ट किया जायेगा, लेकिन अभी तक मालगोदाम शिफ्ट नहीं किया गया है।

### 20 हजार परिवारों का जीवन खतरे में

कछपुरा मालगोदाम के आजू-बाजू में घनी बस्ती स्थापित हुई है, यहां पर रहने वाले लगभग 20 हजार परिवारों का जीवन वाहनों की आवाजाही, धूल तथा ध्वनि प्रदूषण के कारण खतरे में पड़ा है।

### गाडरवारा तथा इटारसी में शिफ्टिंग हुई है

गाडरवाड़ा में जब ऐसी ही समस्या खड़ी हुई थी, तब वहां का मालगोदाम शिफ्ट किया गया था इटारसी का मालगोदाम नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा 21 नवम्बर 2022 को आदेशानुसार शिफ्ट किया गया है।

### नोटिस

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव तथा एड. प्रभात यादव ने रेल्वे बोर्ड, महाप्रबंधक जबलपुर रेल्वे जोन तथा डी.आर.एम जबलपुर को नोटिस जारी कर तत्काल कार्यवाही करने को कहा है।

# बॉलीबाल टूर्नामेन्ट 28 से

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर क्लब के तत्वावधान में तथा जिला वालीबाल संघ के मार्गदर्शन में आगामी 28 फरवरी 2025 से रेलवे स्टेडियम स्थित सिंथेटिक वॉलीबॉल कोर्ट पर फ्लड लाइट में जबलपुर क्लब ट्राफी वॉलीबॉल टूर्नामेन्ट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक टीमें जबलपुर वालीबाल संघ की सचिव नीलम चंसोरिया से संपर्क कर सकते हैं।

# वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीजानकी रमण महाविद्यालय जबलपुर का 54 वां वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज शनिवार को अपराह्न 1 बजे श्री जानकी रमण महाविद्यालय परिसर में आयोजित है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो राजेश कुमार वर्मा कुलगुरु रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर अध्यक्षता शरदचंद्र पालन अध्यक्ष शासी निकाय श्री जानकी रमण महाविद्यालय सारस्वत अतिथि प्रो अलकेश चतुर्वेदी प्राचार्य पी एम एक्सीलेंस महाविद्यालय जबलपुर डॉ अभिजात त्रिपाठी प्राचार्य श्री जानकी रमण महाविद्यालय समन्वयक डॉ शक्ति सिंह मंडलोई संयोजक डॉ आनंद सिंह राणा के आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

# उर्वरकों का अग्रिम उठाव करने की सलाह

**जबलपुर, देशबन्धु।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों को जायद एवं खरीफ में ली जाने वाली फसलों के लिए उर्वरक की मांग का कम से कम 50 से 60 प्रतिशत अग्रिम उठाव करने की सलाह दी है। ताकि जब फसल अवधि में उर्वरक की अत्यधिक मांग हो, तब कृषकों को उर्वरक के लिये यहां-वहां भटकना न पड़े और मिलावटी एवं अधिक दाम पर उर्वरक मिलने की समस्या का सामना न करना पड़े।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए सिटीजन फीडबैक शहर में प्रारंभ

## फीडबैक अभियान में आप दिला सकते हैं जबलपुर को जीत: निगमायुक्त प्रीति यादव

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए सिटीजन फीडबैक शहर में प्रारंभ हो चुका है। इस महतवपूर्ण घटक को ध्यान में रखते हुए, आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव शहर हित में जबलपुर वासियों से सिटीजन फीडबैक देने के लिए आग्रह किया साथ ही निगमायुक्त ने अपने सन्देश में कहा कि हमारा शहर हमारी जिम्मेदारी है, जिसको हम सब को मिलकर निभाना होगा चूँकि स्वच्छ सर्वेक्षण नजदीक आ चुका है, ऐसे में हम सभी को विशेष ध्यान रखना होगा जैसे कि अपने घर के आस पास सफाई बनायें रखे, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करते हुए बाजार जाते समय कपड़े से बने थैले का ही उपयोग करें और साथ में सिटीजन फीडबैक देने के लिए आप नीचे दिए गए क्यू आर कोड को स्कैन करे या https://sbmurban.org/feedback पर जाकर शहर हित में आप अपना फीडबैक जरुर दें।




निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नागरिकों से आसान सवालों का जवाब पूछा जायेगा, जिसका जबाव साकारात्मक देने पर शहर का मान बढ़ेगा। आप सभी गणमान्यजन फीडबैक देकर राष्ट्रीय स्तर पर जबलपुर का मान बढ़ा सकते हैं। सकारात्मक सुझाव देने के लिए नागरिकों के पास स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की टीम पहुंचेगी जिनके द्वारा निर्धारित प्रपत्र में नागरिकों से सवाल किए जाएंगे एवं उनके जवाब दस्तावेज एवं डिजिटल माध्यम से पंजीकृत किए जाएंगे। फीडबैक के लिए फोन कॉल भी आएगा जिसपर आपको सकारात्मक जबाव देना है।




उल्लेखनीय है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत जबलपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। शहर की सड़कों, मुख्य बाजारों, रहवासी क्षेत्रों के अलावा सभी निर्धारित स्थानों पर स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा है, इसके अतिरिक्त नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने अधिकारियों द्वारा उनके साथ निरन्तर संवाद भी किया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत स्वच्छता के कार्यों का पर्यवेक्षण करने अधिकारियों की टीमों का गठन किया गया है जिसके अंतर्गत वार्ड सुपरवाईजर, नागरिकों के घर घर जाकर सर्वे करेंगे तथा फीडबैक प्राप्त करेगें। निगमायुक्त ने शहर के सभी सम्माननीय नागरिकों से स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत सकारात्मक फीडबैक देकर अपने जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व निभाने की अपील की है।

**शनिवार एवं रविवार को भी खुले रहेंगें नगर निगम के सभी कैश काउंटर-** निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिए आज शनिवार एवं रविवार अवकाश दिवस में भी सभी कैश काउंटर खुले रहेगें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों से भी अपील की है कि सभी करदाता शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया कारों की राशि का भुगतान करें, किरायेदारी दर्ज कराएँ एवं निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

# मंगलगान से गूंजा श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय

## धर्मायतन में हुई जिनबिंबों की स्थापना



**जबलपुर, देशबन्धु।** फाल्गुन कृष्ण अष्टमी शुक्रवार के शुभ दिन राईट टाऊन गोल बाजार स्थित श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय धर्मायतन तीर्थंकर महावीर भगवान सहित देव - शास्त्र - गुरु भगवन्तों की मंगलकारी जयघोष से गुंजायमान हो उठा। मंगलमय प्रसंग था संस्कारधानी में बने जिनशासन की मंगल प्रभावना एवं धर्माराधना का प्रतीक सुंदर एवं मनोहारी संकुल धर्मायतन में विराजमान हुए मनोहारी जिनबिंबों की स्थापना का जिसका सौभाग्य मिला श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन जबलपुर के जिनशासन सेवकों को। फेडरेशन के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन एवं नितिन जैन ने बताया कि प्रातःकाल की मंगल बेला पर बड़ी संख्या में श्रावणगणों ने मनोहारी जिनबिंबों के प्रक्षालन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया पश्चात सकल समाज ने विधि विधान पूर्वक मूलनायक 1008 तीर्थंकर महावीर स्वामी के साथ तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान एवं तीर्थंकर मल्लीनाथ भगवान की प्रतिमा को वेदी पर विराजमान कर उनका गुणगान करते हुए शिखर पर कलशारोहण किया गया। मंगलमय अनुष्ठान में जैनदर्शनाचार्य पंडित अभयकुमार शास्त्री देवलाली द्वारा रचित शांति विधान किया गया जिसके विधानकर्ता बनने का सौभाग्य आतम जैन परिवार को मिला, कार्यक्रम में नगर गौरव पंडित राजेंद्रकुमार जैन, ब्रह्मचारी डॉ. मनोज जैन, श्रेणिक जैन, जिनेंद्र जैन सहित अन्य विद्वतजनों ने विधान की मांगलिक क्रियाएं सम्पन्न कराई, सभी अनुष्ठानों का कुशल निर्देशन पंडित विराग शास्त्री एवं मंगलार्थी अनुभव शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अशोक जैन, फेडरेशन अध्यक्ष संजय जैन के साथ अनुभव जैन दिगम्बर, अभिषेक जैन दिगम्बर, विशाल जैन, प्रशांत जैन, निशांत जैन, अंकित जैन दिगंबर सहित बड़ी संख्या में मंडल, फेडरेशन एवं त्रिशला महिला मंडल के पदाधिकारियों के साथ जिनशासन सेवकगण सम्मिलित हुए और सभी ने मिलकर धर्माराधना करते हुए जिनशासन की मंगल प्रभावना की।

# 18वां निशुल्क नेत्र शिविर नरसिंह मंदिर में आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** 2005 से साकेतवासी पूज्य नृसिंह पीठाधीश्वर महंत रामचंद्र दासजी की पावन स्मृति मे आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर आज 22 फरवरी को सुबह 9 बजे से नरसिंह मंदिर में पूज्य जगतगुरु डॉ श्यामदेवाचार्य जी महाराज के सूक्ष्म दिव्य कृपा छाया में राम रंगी व्दाराचार्य जगद्गुरु नरसिंहपीठाधीश्वर डॉ स्वामी नरसिंहदास जी महाराज के सानिध्य में होगा।

निःशुल्क नेत्र शिविर को आयोजित कराने वाले नरसिंह भगवान के परमभक्त अमेरिका निवासी हरकेश सिंह ठाकुर परिवार सहित जबलपुर पहुंच गए हैं। नगर के ख्यातिलब्ध नेत्र चिकित्सक डा पवन स्थापक देवजी नेत्र चिकित्सालय के डाक्टरों व्दारा सभी जांचें कर रोगियों को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, दवाईयों का वितरण किया जाएगा।

नेत्र रोगियों से आज 22 फरवरी को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क नेत्र शिविर का लाभ लेने का आग्रह श्याम साहनी, अशोक मनोध्या, गुलशन मखीजा, लकी भाटिया, हैप्पी परमार , हरकेश ठाकुर सहित नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त परिवार, सनातन धर्म महासभा जबलपुर ने की है।

# ट्रिपलआइटीडीएम में फिजिक्स अवेयर डीप लर्निंग वर्कशॉप का समापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी व मशीन लर्निंग का उपयोग शोध और नवाचार को नए आयाम दे सकता है। वहीं युवा पायथन व पाइटॉर्च का इस्तेमाल कर शोध के नए कंटेंट पर काम कर सकते हैं। ट्रिपलआइटीडीएम में जियान पाठ्यक्रम वर्कशॉप फिजिक्स-अवेयर डीप लर्निंग का समापन हुआ। पाठ्यक्रम में न्यूरल नेटवर्क, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग पर व्याख्यान दिया। 10 दिवसीय वर्कशॉप में वर्जीनिया यूनिवर्सिटी से आए डेटा साइंस के प्रोफेसर डॉ. स्टीफन बैक ने प्रतिभागियों को रोचक जानकारियां दी।

## देश-विदेश में शामिल हुए प्रतिभागी

डॉ. स्टीफन ने कहा कि मशीन लर्निंग और वैज्ञानिक कंप्यूटिंग के जरिए छात्र शोध को नई दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. प्रीति खन्ना व प्रो. पुनीत टंडन थे। वर्कशॉप में विभिन्न शहरों से 29 प्रतिभागी और पोलैंड से एक प्रतिभागी ने हिस्सा लिया। इस मौके पर संस्थान निदेशक प्रो. भारतेन्दु सिंह, डॉ. मुकेश रॉय मौजूद थे।

# मातृभाषा केवल संवाद का साधन नहीं बल्कि समाज की रीढ




**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर अरुण शुक्ल संभागीय नोडल अधिकारी ने कहा की मातृभाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है बल्कि यह समाज संस्कृति, परंपरा और पहचान का एक महत्वपूर्ण अंग है मातृभाषा व्यक्ति की सोच, व्यवहार और सामाजिक संबंधों को प्रभावित करती है इसके माध्यम से संस्कृति, रीति रिवाज, परंपराएं एवं सोच प्रदर्शित होती है, भाषा संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखती है, मातृभाषा को संरक्षित और सशक्त करने से ही हमारी सामाजिक पहचान एवं सांस्कृतिक धरोहर बनी रहती है इस कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. तृप्ति उकास एवं डॉ. महेंद्र कुमार कुशवाहा ने अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में डॉ. तरूणेन्द्र प्रसाद साकेत, डॉ. नीलिमा, डॉ. सुनीता, डॉ. रश्मि बुनकर, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया के साथ लगभग 55 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# दुर्गेश ब्यौहार विद्या वाचस्पति 'से विभूषित



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के जाने माने संगीत साधक और साहित्यकार, इंजी. डॉ. दुर्गेश ब्यौहार दर्शन को, काशी विद्यापीठ वाराणसी (बनारस) द्वारा विद्या वाचस्पति उपाधि से विभूषित किया गया। इनको यह उपाधि अयोध्या में आयोजित एक भव्य समारोह में काशी विद्यापीठ के कुलाधिपति डॉ. सुखमंगल सिंह मंगल के द्वारा, कुलपति डॉ. ओम प्रकाश पांडेय निर्भय, सचिव श्री इन्द्रजीत तिवारी निर्भीक, अयोध्या के संभागायुक्त अजय कांत सैनी तथा आबू धाबू से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार जय कृष्ण मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. श्याम कुंवर भारती (बोकारो) एवं अनेकों विशिष्ट जनों और हजारों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्रदान की गई है। कुशल संचालन श्री जे. के. मिश्रा (दुबई) एवं शिव प्रकाश (काशी) ने संपन्न किया।

इसके साथ-साथ ही, अयोध्या में ही, कहानिका हिन्दी पत्रिका एवं महिला कल्याण समिति बोकारो द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन सह विद्या वाचस्पति मानद सम्मान समारोह भी अपार सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें श्री ब्यौहार को पुरुषोत्तम काव्य शिरोमणि सम्मान से भी विभूषित किया गया। इस कवि सम्मेलन में देश-विदेश से पधारे 20 कवियों ने भगवान राम जी और हनुमान जी से संबंधित रचनाओं का पाठ किया।

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम

**जबलपुर. देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। वक्ता प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी ने कहा कि मातृभाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह लोगों से जुड़ाव का जरिया है। भाषा हमेशा समाज संस्कृति, परंपरा और पहचान को प्रभावित करती है। भाषा संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखती है। इसे सशक्त बनाने के लिए सभी को सहभागिता देनी चाहिए। इस मौके पर डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. महेंद्र कुमार कुशवाहा, डॉ. तरूणेन्द्र प्रसाद साकेत, डॉ. नीलिमा, डॉ. सुनीता, डॉ. रश्मि बुनकर, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया मौजूद थे।

## शिक्षा के क्षेत्र में मातृभाषा की बड़ी भूमिका



जबलपुर, देशबन्धु। माता गुजरी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में विविध प्रतियोगिताएं हुईं। मुख्य अतिथि डॉ. सपना श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि डॉ. कीर्ति वाजपेयी ने शिक्षा के क्षेत्र में मातृभाषा की भूमिका बताई। इस मौके पर डॉ. सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्या डॉ. संगीता झाम्ब, डॉ. सत्येन्द्र कुररिया, प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. रत्ना वर्मा,नम्रता शर्मा, सहायक प्राध्यापक हर्षिता चौरसिया, सहायक प्राध्यापक राकेश तिवारी मौजूद थे।

# चंचल बाई महिला महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन आयोजित



**जबलपुर, देशबन्धु।** वार्षिक स्नेह सम्मेलन में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मंच सजाया, वहीं पुरस्कार वितरण समारोह में उनकी योग्यता को अलंकृत किया गया। चंचल बाई महिला महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन और पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. एचबी पालन थे। विशिष्ट अतिथि अनामिका मिश्रा, प्रीति पाली जैन, प्राचार्य डॉ. वंदना पांडेय रहीं। अतिथियों ने कहा कि महिलाएं घरों के काम के साथ बाहरी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी बखूबी कर रहीं हैं।

## सांस्कृतिक, शैक्षणिक व खेल अलंकरण

छात्राओं को शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेलकूद के पुरस्कार दिए गए। द्वितीय चरण में प्राची कुशवाहा, तनु यादव, तनु साहु, प्रिया रजक ने नृत्य प्रस्तुति दी। इसके साथ ही छात्राओं ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, गीतों की प्रस्तुति से समां बांधा। कार्यक्रम में सम्मेलन प्रभारी डॉ. संजुल शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी प्रो. श्रेया पाठक, डॉ. सुनीता खरे मौजूद रहीं।

# दैनिक राशिफल

**शनिवार 22 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की नवमी, नक्षत्र- जेष्ठा।**

### मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

### वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

### मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क-

### कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

### सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

### कन्या
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

### तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

### वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

### धनु
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

### मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

### कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

### मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

# रक्तदान को जीवन का उद्देश्य बनाएं



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला परिषद आदिनाथ शाखा एवं चेलना संभाग के संयुक्त तत्वावधान में लाखा भवन में रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. विवेक जैन, डॉ. अश्विनी कुमार त्रिवेदी, डॉ. संजय मिश्रा ने इस दौरान हृदय, दंत, अस्थि, नेत्र रोग के साथ फिजियोथैरेपी और पैथॉलाजी की जांच की। विशिष्ट अतिथि मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह थे। शिविर में रश्मि पारस, मनीषा जैन, संभागाध्यक्ष सविता जैन, अध्यक्ष प्राची जैन, डॉ. विमला, डॉ. कुसुम, अर्चना मलैया, इंदिरा जैन, मधु जैन का सहयोग रहा।

# सेवाकार्य से जुड़ने तैयार हो रही कब-बुलबुल, रोवर-रेंजर की टुकड़ियां



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्काउट गाइड सेवा का दूसरा रूप है। बच्चों में नैतिक मूल्यों का बीजारोपण करने के लिए स्काउट जॉइन करना भी बेहद जरूरी है। नई शिक्षा नीति के बाद से स्कूलों में स्काउट से जुड़ना आवश्यक है, इसलिए हर साल कब-बुलबुल से लेकर रोवर एंड रेंजर तक की टुकड़ियां तैयार हो रहीं हैं। इससे जुड़कर स्काउट एंड गाइड्स को ईश्वर के प्रति कर्तव्य, दूसरों के प्रति कर्तव्य, स्वयं के प्रति कर्तव्य का पाठ सिखा रहा है। वहीं कम उम्र से ही स्टूडेंट्स चरित्र निर्माण, समाज सेवा, स्वास्थ्य, हस्त कौशल, धार्मिकता से जुड़ी जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं।




# कुर्मी क्षत्रिय समाज का परिचय सम्मेलन 23 फरवरी को

**जबलपुर, देशबन्धु।** कुर्मी क्षत्रिय समाज जबलपुर द्वारा 23 फरवरी 2025 को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, पत्रकार वार्ता में कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष इंजी. कुर्मी विवेक चौधरी ने बताया कि जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज जबलपुर महिला संगठन एवं युवा संगठन, विधि प्रकोष्ठ जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 19 वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन आगामी 23 फरवरी 2025 दिन रविवार के दिन मानस भवन जबलपुर में सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 तक सम्पन्न होगा, कार्यक्रम में समाज की एक पत्रिका का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया जायेगा। पत्रिका में समाज में विवाह योग्य लगभग 500 युवक-युवतियों के बायोडाटा, उनकी फोटो के साथ उपलब्ध हैं। परिचय सम्मेलन में सभी युवक-युवतियां शामिल होंगे और अपना परिचय देंगे। पत्रकार वार्ता में प्रदेश संरक्षक राजकुमार पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश , प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पटेल, प्रदेश सचिव अटल पटेल, महासचिव ओमप्रकाश सचान, ललितेश्वर पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ सुरेश पटेल, श्याम मनोहर पटेल, नरबद पटेल, जीवन पटेल, नवीन पटेल, राहुल पटेल, महिला संगठन से अर्चना पटेल, रोशनी पटेल, बबली पटेल, सरोज पटेल एवं सभी पदाधिकारियों के साथ समाज के लोग उपस्थित थे ।

# समरसता सेवा संगठन द्वारा विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह कल

**जबलपुर, देशबन्धु।** समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जानें - सब सबको मानें, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा संत गाडगे जी महाराज एवं माता शबरी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन कल 22 फरवरी 2025 शनिवार को दोपहर 3 बजे से टिंबर भवन, महानद्दा तालाब के पास मदनमहल में किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री रतनसी भाई पटेल-** कछपुरा पुष्पनगर निवासी श्री रतनसी भाई पटेल (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजिन्दर कौर ढिल्लो-** मदनमहल गुरूद्वारा के पास निवासी श्री अमरजीत सिंह ढिल्लो की धर्मपत्नी श्रीमती रजिन्दर कौर ढिल्लो (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आनंद कुमार-** कजरवारा निवासी श्री आनंद कुमार (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव चरण कनौजिया-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री शिव चरण कनौजिया (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती बीना बाई क्षत्री-** चेरीताल कन्या शाला के पास निवासी श्री रामकृष्ण क्षत्री की धर्मपत्नी श्रीमती बीना बाई क्षत्री (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शारदा देवी श्रीवास्तव-** जय नारायण का बाड़ा घमापुर चौक निवासी श्री रामाधार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा देवी श्रीवास्तव (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुम्मी लाल रजक-** नरसिंह नगर रांझी निवासी श्री सुम्मी लाल रजक (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय कुमार यादव-** पार्वती नगर कृष्णा टाउन महाराजपुर निवासी श्री अजय कुमार यादव (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कनन गांगुली-** सविता ग्रीन एवेन्यू कजरवारा निवासी श्री कनन गांगुली (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मगन रैकवार-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मगन रैकवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कविता लालवानी-** वैशाली परिसर नर्मदा रोड निवासी श्री गोपाल दास लालवानी की धर्मपत्नी श्रीमती कविता लालवानी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री त्रिवेणी प्रसाद साहू-** आजाद व्यायाम शाला आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री त्रिवेणी प्रसाद साहू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती सीता तिवारी-** नेपियर टाउन निवासी श्री पीएस तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सीता तिवारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला बाई-** समदड़िया कॉलोनी कांचघर निवासी श्री रवींद्र मराठा की धर्मपत्नी श्रीमती सरला बाई मराठा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# पूर्व विशप पीसी सिंह का नया घोटाला उजागर

## ईओडब्ल्यू भोपाल ने दर्ज की एफआईआर

**जबलपुर,देशबन्धु।** पूर्व विषय पी सी सिंह का मिशनरी स्कूलों की संपत्ति के खुद बुर्द करने एक और घोटाला सामने आया है। विषय रहते हुए उन्होंने बिना अनुमति एक लाख वर्ग फुट अधिक जमीन कौड़ियों के नाम लीज पर प्रदान कर दी थी। आर्थिक अपराध शाखा ने पूर्व विषय सहित अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

गौरतलब है कि ईओडब्ल्यू की टीम ने तत्कालीन बिशप पीसी सिंह के नेपियर टाउन स्थित निवास पर 8 सितंबर 2022 को दबिश दी थी। दबिश के दौरान 12 लाख का सोना, 1 करोड़ 65 लाख रुपए नगद, 48 बैंक खाते, 18352 यूएस डॉलर, 118 पांउड, 9 लग्जरी गाड़ियां, 17 संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे। ईओडब्ल्यू ने फर्जी तरीके से संस्था का रिजर्वेशन करवाकर मिशनरी स्कूलों कर कब्जा करने, स्कूल की राशि का दुरुपयोग करने, मिशनरी स्कूल की जमीन अपने ट्रस्ट के नाम पर दर्ज करवाने सहित अन्य मामले में बिशप पीसी सिंह, उनके खास राजदार सुरेश जैकब, बेटा पीयूष तथा बीके सोलंकी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। इसके अलावा उनके






द्वारा प्रदेश में स्थित मिषनरी स्कूलों की कई सम्पत्तियां कौड़ियों के भाव बेची गयी थी। इसके अलावा अन्य प्रदेश में भी उनके खिलाफ इस तरफ के दर्जनों अपराध दर्ज है।

ताजा मामला पचमढ़ी के मुख्य व्यवसायिक क्षेत्र स्थित 1,05,837 वर्ग फीट भूमि एवं उस पर निर्मित भवन को कौडियों के भाव लीज पर देने का है। उन्होने सतपुड़ा रिसॉर्ट प्रा.लि. के मालिक प्रमोद पुरी को उक्त जमीन 14 वर्ष की लीज पर केवल 12,500 रूपये के मासिक किराये दी थी। नितिन लॉरेंस एवं एनडीटीए के पूर्व प्रॉपर्टी सचिव प्रशांत सत्रालकर द्वारा की गयी थी। एनडीटीए के स्वामित्व की पचमढ़ी स्थित भूमि एवं भवन को एनडीटीए व चैरिटी कमिश्नर नागपुर से बिना अधिकारिता अनुमति लिये लीज पर दिया गया था।

ईओडब्ल्यू भोपाल ने जांच के बाद तत्कालीन मोडरेटर एवं बिशप जबलपुर डायेसिस, चर्च ऑफ नार्थ इंडिया पीसी सिंह, प्रॉपर्टी सचिव एम.के सिंह (मृत) एवं सतपुड़ा रिसॉर्ट प्रा.लि. के मालिक प्रमोद पुरी एवं अन्य के विरूद्ध धारा 120बी, 406, 420 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# ट्रांसपोर्ट नगर में सीजीएसटी के छापे में उजागर हुई अनियमितताएं

## चौकसे रोडवेज सर्विस के कार्यालय व गोदाम में दबिश



**जबलपुर, देशबन्धु।** बिना बिल पान मसाला व गुटखा बुलाने की शिकायत सीजीएसटी के सुप्रिटेंडेंट अनूप सिंगोर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचना प्राप्त हुई थी कि ट्रांसपोर्ट नगर स्थित चौकसे रोडवेज सर्विस में बिना बिल का माल बुलाया गया है। माल के रूप में दिल्ली से भारी मात्रा में पान मसाला व गुटखा बुलाया गया है। सीजीएसटी की टीम ने सूचना के आधार पर बुधवार की देर रात चौकसे रोडवेज सर्विस के कार्यालय व गोदाम में दबिश दी गयी थी।

उन्होंने बताया कि गोदाम में मिले माल के दस्तावेज व बिल से उसका मिलान किया जा रहा है। जांच के बाद ही स्पष्ट तौर पर बताया जा सकेगा कि कितना माल बिना बिल के बुलाया गया है। सीजीएसटी की टीम ने माल का पंचनामा तैयार कर लिया है। दस्तावेज तथा बिल से मिलना नहीं होने पर पूछताछ के बाद विधि अनुसार कार्यवाही की जायेगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार माल का मूल्य लाखों रुपये में है,जिनमें से अधिकांश बिना बिल का बुलाया गया है।

# डीजल-पेट्रोल का अवैध कारोबार करने वाला पकड़ाया

## सिहोरा पुलिस की कार्यवाही, 205 लीटर डीजल व बीस लीटर पेट्रोल जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा पुलिस ने क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर ग्राम धनगवां वेयरहाउस के पीछे से एक व्यक्ति को अवैध डीजल व पेट्रोल का व्यवसाय करते हुए दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 205 लीटर डीजल व बीस लीटर पेट्रोल जप्त किया है। पुलिस ने बताया कि क्राईम ब्रांच के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर धनगवां वेयरहाउस के पीछे दबिश दी। जहां से मथुरा प्रसाद चौधरी उम्र 56 वर्ष निवासी धनगंवा को पकड़ा गया। जो कि वेयर हाउस के आजू बाजू में चार प्लास्टिक के डिब्बों में उक्त ज्वलनशील पदार्थ छिपाकर रखा हुआ था। पुलिस ने तीन डिब्बों से 205 लीटर डीजल व एक डिब्बे से बीस लीटर पेट्रोल जप्त किया है।

## शराब के लिए रुपये न देने पर लाठी से धुना

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोराबाजार थानान्तर्गत शराब के लिए रुपये देने से इंकार करने पर आरोपी ने लाठी मारकर अधेड़ का हाथ तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

गोरा बाजार पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती सरस्वती प्रधान उम्र 48 वर्ष निवासी बेलमाई मोहल्ला पुरानी बस्ती कजरवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करती है। वह एवं उसके पति प्रीतम प्रधान आंगन में खम्बा गाड़ के बल्ली बांध रहे थे। दोपहर लगभग 2 बजे राजा ठाकुर आकर उसके पति से शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा। उसके पति ने रूपये देने से मना किया तो वह गाली गलौज करने लगा तथा आंगन में पड़ी लाठी से हमलाकर बायें हाथ की कलाई में चोट पहुँचा दी। उसका भतीजा नितेश प्रधान बीच बचाव करने लगा तो राजा ठाकुर ने लाठी से नितेश प्रधान के हाथ में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# डेयरी व्यवसाय में हिस्सेदारी का लालच देकर 32 हड़पे

## आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** डेयरी व्यवसाय में हिस्सेदार का लालच देकर एक युवक ने दो दोस्तों को 32 लाख रूपय की चपत लगा दी। पुलिस ने षिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

गढ़ा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय रजक उम्र 23 वर्ष पता गंगानगर की रानी दुर्गावती स्कूल के पास एमपी ऑनलाइन की दुकान है। उसके मित्र सौरभ दुबे उम्र 35 साल की पंडा की मढिया के समीप दवा की दुकान है। वह अपने दोस्त की दुकान में अक्सर आता-जाता था। दवा दुकान में गगन वैष्णव नाम युवक भी आता जाता था। जिसके




कारण तीनों में दोस्ती हो गयी थी गगन ने दोनों दोस्तों को बताया कि वह डेयरी व पोल्ट्री फार्म का काम करता है। उसकी पूर्णिमा नाम से डेयरी व पोल्ट्री फार्म भी है। व्यवसाय व्यवसाय बढ़ाने के लिए उसे रूपये की आवश्यकता है। वह देने पर वह दोनों को हिस्सेदारी देने को तैयार है। वह हमें डेयरी व पोल्ट्री फार्म घुमाने भी ले गया था। जिसमें भैंसे व गायें बंधी हुई थी और डेयरी फार्म का लीज इकरारनामा भी उसकने वाट्सअप पर भेजा। विष्वास में आकर संजय रजक ने 15 लाख रुपये तथा सौरभ दुबे ने 17 लाख रुपये यूपीआई व नकदी युवक को दे दिये। कुछ दिन बाद उन्हें पता चाला की गगन वैष्णन ने डेयरी फार्म किसी को बेच दिया है। रकम मांगने पर गगन वैष्णव हीलाहवाली करने लगा और फिर अपना मोबाइल बंद कर दिया। किराये का घर भी खाली कर चला गया है। पुलिस ने आरोपी गगन वैष्णव निवासी करेली जिला नरसिंहपुर के विरुध्द धारा 420, 406 भादवि का अपराध पंजीबध्द कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

# दो सटोरिये पुलिस के हत्थे चढ़े

## ग्वारीघाट पुलिस की कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** ग्वारीघाट पुलिस ने सब्जी मंडी बाउंड्रीबाल के पास से दो सटोरियों को सट्टा पट्टी लिखते हुए रंगे हाथ दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने सट्टा पट्टी व चार हजार 250 रुपये की नगदी जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सब्जी मंडी के पास दबिश दी। जहां पुलिस को देखकर सट्टा लिखा रहे लोग भागने लगे, वहीं सट्टा पट्टी लिख रहे सटोरियों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम क्रमशरू प्रभू अहिरवार उम्र 28 वर्ष निवासी साकेत धाम नई बस्ती ग्वारीघाट एवं नरेश चक्रवर्ती उम्र 50 वर्ष निवासी कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर बताये। पुलिस ने आरोपी प्रभु अहिरवार 23 सौ रुपये की नगदी व तीन सट्टा पट्टी एवं नरेश चक्रवर्ती के पास से 1950 रुपये की नदी व सट्टा पट्टी की रशीद बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि एक सप्ताह से उमेश पटेल निवासी पुरानी बस्ती ग्वारीघाट के कहने पर सट्टा पट्टी लिख रहे है।

जिसका हिसाब-किताब रोजाना शाम को उमेश पटेल को देते है, जिसके एवज में उन्हें प्रतिदिन सा? तीन सौ रुपये मजदूरी मिलती है। व शाम को सट्टे का हिसाब उमेश पटैल को देना बताया जिसके एवज में उमेश द्वारा 350 रूपये प्रतिदिन मजदूरी देना बताते हुये बताया कि उमेश पटैल भी यहीं पर ख?ा था जो पुलिस को देखकर भाग गया है। पुलिस ने दोनों सटोरियों से नगद 4 हजार 250 रूपये जप्त करते हुये सटोरियों के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# जिला अस्पताल में कट्टा-लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

## ओमती पुलिस की कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** ओमती पुलिस ने जिला अस्पताल विक्टोरिया परिसर में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में कट्टा कारतूस लेकर घूम रहे एक बदमाश को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी कट्टा व दो कारतूस बरामद किये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की।ओमती टीआई राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जिला अस्पताल में दबिश दी गई। जहां वैक्सीन भंडार के पास से सुमित बेन उम्र 24 वर्ष निवासी बेलबाग टोरिया शिव साई मंदिर के पास बेलबाग को हिरासत में लिया। जिसके पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा व दो कारतूस बरामद किये हैं। पूछताछ में आरोपी ने उक्त पिस्टल अपने दोस्त अरशद खान से 15 हजार में लगभग 2 माह पूर्व मंडी मदार टेकरी में खरीदना बताया। आरोपी के कब्जे से देशी पिस्टल एवं 2 कारतूस जप्त करते हुए आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## स्पीड ब्रेकर तोड़ने के बाद कर दी पिटाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्पीड ब्रेकर तोड़ने के बाद आरोपियों ने युवक की धुनाई कर दी। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। गोहलपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हसनैन रजा उम्र 38 वर्ष निवासी गाजीनगर दोपहर को घर के सामने सड़क पर सुरक्षा की दृष्टि में ब्रेकर का निर्माण कर रहा था। तभी पडौस में रहने वाला बबलू किराना वाले एवं उनका लड़का नसीम, उसका भाई तथा दोस्त समीर आकर उसे गाली गलौज करते हुये ब्रेकर निर्माण का विरोध करने लगे। इसी बात को लेकर विवाद होने पर ब्रेकर को राड एवं पत्थरों से तोड़ दिये आरोपियों ने उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट कर नाक, मुंह, हाथ में चोट पहुँचा दी । इसके बाद चचारों जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सीआरपीसी की धारा 482 के तहत घरेलू हिंसा की शिकायत नहीं कर सकते रद्द

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने अपने अहम आदेष में कहा है कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत दायर याचिका में एफआईआर को निरस्त किया जा सकता है। घरेलू हिंसा से महिला का संरक्षण अधिनियम के तहत दायर शिकायत के आरोपों को निरस्त नहीं किया जा सकता है। एकलपीठ ने उक्त आदेष के साथ याचिका को खारिज कर दिया।

जबलपुर निवासी संदीप रघुवंशी सहित अन्य की तरफ से सीआरपीसी की धारा 482 के तहत दायर याचिका में घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम के तहत पत्नी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत को निरस्त करने की राहत चाही गयी थी।याचिका में कहा गया उसने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 12 के तहत विवाह को शून्य व अमान्य घोषित करने न्यायालय में आवेदन किया था। जिसके बाद अनावेदक पत्नी ने उसके व परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ घरेलू हिंसा की शिकायत दर्ज करवा दी गई। इसके अलावा आईपीसी की धारा 498-ए, 377, 506, 34 और दहेज निषेध अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत आपराधिक शिकायत भी दर्ज करवाई गई। हाईकोर्ट ने उसके पिता तथा बहन के खिलाफ आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया था।

एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 3 में वर्णित किये गये तत्वों के आधार पर याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। जिसके कारण याचिकाकर्ताओं के बचाव पर विचार नहीं किया जा सकता। सीआरपीसी की धारा 482 के तहत याचिका में एफआईआर निरस्त करने का प्रावधान है। घरेलू हिंसा के तहत दर्ज शिकायत के आरोपों पर फैसला नहीं सुनाया जा सकता। एकलपीठ ने उक्त आदेष के साथ याचिका को खारिज कर दिया।




## अतिथि विद्वानों के लिए च्वाइस फिलिंग भरने की अनिवार्यता पर रोक

### हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने आयुक्त उच्च शिक्षा के उस आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके जरिए महाविद्यालयों में पदस्थ अतिथि विद्वानों को च्वाइस फिलिंग भरने की अनिवार्यता की गई है। एकलपीठ ने मामले में उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये हैं।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी डॉ. वर्षा जैन की ओर से कहा गया कि आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा 17 जनवरी 2025 को जारी आदेश के तहत इन अतिथि विद्वानों को निर्देश दिया गया है कि प्रोफेसरों और सहायक प्रोफेसरों की पदस्थापना के अनुसार उन्हें अन्य स्थानों पर स्थानांतरण के लिए फार्म भरना होगा। जैसे ही यह फार्म भरा जायेगा, सभी अतिथि विद्वान फालेन आउट की श्रेणी में आ जायेंगे। याचिकाकर्ता विगत डेढ़ से दो दशक से कालेज में पढ़ा रहे हैं। हाईकोर्ट ने तर्क सुनने के बाद उक्त अंतरिम राहत देते हुए अनावेदकों से जवाब तलब किया है।

## निजी स्कूल को हाइकोर्ट से झटका

### शेष दो माह का भी अंशदान वसूलने दिये गये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक रूसिया की एकलपीठ ने जबलपुर के एक निजी स्कूल द्वारा कर्मचारियों का 12 की जगह 10 माह का ईपीएफ. ईएसआई अंशदान जमा करने के रवैये को सर्वथा अनुचित करार दिया है। इसी के साथ निजी स्कूल की वह याचिका निरस्त कर दी, जिसके जरिये दो माह शिक्षण बंद होने के आधार पर 12 के स्थान पर महज 10 माह के दायित्व का दावा किया गया था। एकलपीठ ने जिम्मेदार विभाग को निजी स्कूल से शेष दो माह का अंशदान वसूलने निर्देशित कर दिया है।

दरअसल याचिकाकर्ता स्कूल असेम्बली आफ गॉड, रसल चौक की ओर से दलील दी गई कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम, भोपाल व अपीलीय प्राधिकरण का वह आदेश चुनौती के योग्य है, जिसके जरिये ग्रीष्मावकाश के दौरान कर्मचारियों के ईएसआई अंशदान की राशि जमा न करने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। ग्रीष्म अवकाश के दौरान दो माह स्कूल में शिक्षण कर्मचारियों द्वारा अध्यापन न करने के कारण शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिस कारण वे ईएसआई अंशदान जमा करने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं। इस तर्क को नामंजूर कर अंशदान जमा करने का आदेश दिया गया। इसीलिए हाईकोर्ट की शरण ली गई। प्रतिवादी ईएसई और विभाग की ओर से दलील दी कि ग्रीष्मावकाश के दौरान भी कर्मचारी सेवा में थे। वे आजीविका कमाने के लिए अनयत्र नौकरी नहीं कर रहे थे। इसकी अनुमति भी नहीं थी। जिस कारण दो माह गैर कार्य अवकाश के कारण वेतन देने से इनकार नहीं किया जा सकता। अवकाश के दौरान केवल कक्षाएं स्थगित की जाती हैं, लेकिन नियोक्ता-कर्मचारी संबंध जारी रहता है। विद्यालय परिसर में शिक्षण व अन्य स्टाफ द्वारा समर कैंप जैसी गतिविधियां जारी रहती हैं। आगामी शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया भी चलती है। सेवा में कोई नियमित या कृत्रिम अवकाश नहीं है। इसलिए 12 माह का ईपीएफ व ईएसआई अंशदान अनिवार्य है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## भोपाल में पदस्थ रहे सभी सीजेएम से मांगा स्पष्टीकरण

### कांग्रेस नेत्री सरला मिश्रा हत्याकांड से जुड़ा बहुचर्चित मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने सीजेएम भोपाल की कोर्ट से स्थगन न होने के बावजूद एक प्रकरण को अनावश्यक रूप से दीर्घ अवधि तक लंबित रखने के रवैये को आड़े हाथों लिया है। एकलपीठ ने नाराजगी जताते हुए सात नवंबर 2019 से 21 मई 2024 के बीच भोपाल में पदस्थ रहे सभी सीजेएम को इस संदर्भ में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को निर्देशित किया है कि उक्त सभी सीजेएम से स्पष्टीकरण तलब कर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। हाईकोर्ट ने 10 दिन के भीतर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी दिये हैं। यह मामला वर्ष 1997 में हुए कांग्रेस नेत्री सरला मिश्रा हत्याकांड से जुड़ा है। वर्तमान में सीजेएम भोपाल के समक्ष लंबित है।

दरअसल मृतिका के भाई अनुराग मिश्रा ने 2018 में हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि पुलिस ने सही से जांच नहीं की है, इसलिए मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। विगत सुनवाई के दौरान कोर्ट ने भोपाल के पुलिस कमिश्नर को तलब किया था। सुनवाई के दौरान कमिश्नर हरिनारायण चारी हाजिर हुए। राज्य शासन की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली और यश सोनी ने अवगत कराया कि पुलिस ने सात नवंबर 2019 को अंतिम खातमा रिपोर्ट पेश कर दी थी। याचिकाकर्ता ही सीजेएम कोर्ट में यह कहता रहा कि मामला हाई कोर्ट में लंबित है। हाई कोर्ट ने 21 मईए 2024 को सीजेएम कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगाई थी। हाईकोर्ट ने इस रवैये पर आश्चर्य जताया कि खातमा रिपोर्ट पेश होने और स्टे होने के बीच संबंधित सीजेएम ने कार्रवाई क्यों नहीं की। हाईकोर्ट ने उक्त निर्देश के साथ पूर्व में लगाई रोक समाप्त कर दी। कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को कहा कि वे इस आदेश की प्रति भोपाल सीजेएम को भेजें।

## पैथोलॉजी केंद्रों में अमानक केमिकल को लेकर जवाब-तलब

### मानक निर्धारित न होने को चुनौती

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने पैथोलॉजी केंद्रों में अमानक केमिकल प्रयुक्त किये जाने के आरोप संबंधी मामले में जवाब तलब किया है। युगलपीठ ने मामले में केंद्र शासन सहित अन्य को तीन सप्ताह की मोहलत दीहै।

जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा। जिन्होंने बताया कि यह मामला वर्ष-2015 से लंबित है। इसके जरिये व्यापक जनहित का बिंदु रेखांकित किया गया है। दरअसल, पैथोलॉजी में विभिन्न परीक्षणों के लिए केमिकल का उपयोग किया जाता है। परीक्षणों की शुद्धता के लिए यह अनिवार्य है कि कैमिकल उच्च यानि मानक गुणवत्ता के हों। इनके अभाव में परीक्षण रिपोर्ट की विश्वसनीयता कठघरे में चली जाती है। 2009 में इस सिलसिले में गठित आयोग को मानक तय करने थे। लेकिन इतने वर्ष गुजरने के बावजूद मानक निर्धारण नदारद है। नतीजतन पैथोलॉजी केन्द्रों में अमानक केमिकल से जांच किये जाने पर अपेक्षाकृत विरोधाभासी रिपोर्ट सामने आ जाती हैं। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। एनएबीएल से सम्बद्धता भी नाम मात्र ने ली, उन्होंने बताया कि कि पैथालाजी केंद्रों को एनएबीएल से सम्बद्धता लेनी होती है। लेकिन आलम यह है कि मप्र में 2017 की स्थिति में सात करोड़ के बीच मात्र 17 पैथालाजी एनएबीएल से सम्बद्ध थीं। कालांतर में यह संख्या 17 से बढ?र सिर्फ 49 हुई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभी कितनी बड़ी संख्या में असम्बद्ध पैथोलॉजी केंद्र संचालित हैं। जिस पर एनएबीएल से उठाए गए कदमों की जानकारी तलब की जानी चाहिए, सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को जवाब पेश करने तीन सप्ताह की मोहलत दी है।

## प्राणघातक हमले के आरोपी को सात साल की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश चंद्रसेन मुवेल की अदालत ने प्राणघातक हमला करने के आरोपी ग्राम महगंवा कुंडम निवासी वीरू उर्फ वीरेंद्र यादव का दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को सात साल की सजा व दो हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत के समक्ष अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कुक्कू दत्त ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि दो जून 2022 को रात्रि डेढ़ बजे आरोपी ने अंजे उर्फ विनोद यादव को धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया था। यदि समय पर अस्पताल न ले जाते तो अधिक खून बहने से मृत्यु तक हो सकती थी। जिस पर पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया। अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई।

# जहरीली वस्तु खाने से युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** जहरीली वस्तु खाने के कारण युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।



पनागर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गणेश तिवारी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बम्होरी को जहरीली वस्तु खाने के कारण उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। युवक ने किन्ह कारणों वश जहरीली वस्तु का सेवन किया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

## रस्सी का फंदा बनाकर झूल गया फांसी पर

**जबलपुर,देशबन्धु।** हनुमानताल थाना अंतर्गत एक युवक सुतली की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

हनुमानताल थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबा टोला निवासी मसूर चौधरी उम्र 25 साल घर में अलग कमरे में सो रहा था। परिवार के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह उसका छोटा भाई चाय देने के लिए कमरे में गया तो देखा कि मसूर का ष्षव फांसी के फंदे में झूल रहा है। बडे भाई ने सुतली की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने सूचना मिलने पर लाष को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। युवक ने किन कारणों वष फांसी लगाई यह स्पस्ष्ट नहीं हो पाया है।

# बदुआ हिरन नदी ब्रिज के निर्माण में गुणवत्ता की हो रही अनदेखी

## ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत के चलते घटिया निर्माण



**कुंडम, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री सड़क योजना के विभाग से बदुआ मार्ग में हिरन नदी का ब्रिज बनाया जा रहा है, यह ब्रिज करोड़ों रुपए की लागत से बन रहा है, जिसमें ठेकेदार और अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से कार्य को किया जा रहा है। कम सीमेंट डालकर मिक्सर मशीन से ठीक तरीके से मिक्सर ना करते हुए पुल के ऊपर लेबरों द्वारा ढलाई की जा रही है। जिससे गिट्टी दिख रही है, जो गुणवत्ताहीन है और उसमें सीमेंट की मात्रा कम डाली जा रही है। पुल की लंबाई और चौड़ाई दोनों ही कम कर दी गई है। आप देख सकते हैं वीडियो के माध्यम से। पुल की ऊंचाई बहुत छोटी है और पुल की चौड़ाई भी बहुत छोटी कर दी गई है। बरसात में पर पुल के ऊपर पानी दिखेगा, जिससे ग्रामीणजनों का यातायात साधन रुक जाएगा। जब नदी की बाढ़ आएगी तो पुल के काफी ऊपर तक पानी चढ़ेगा, जिससे आवागमन हफ्तों हफ्तों प्रभावित रहेगा। धीमी गति से निर्माण कार्य होने से जंग लगी सरियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकार के करोड़ रुपयो को चुना लगाया जा रहा है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत विभागीय देखरेख नहीं हो रही है।

### इनका कहना है

जीएम साक्षी जी का कहना है कि समय-समय पर निर्माण का कार्य का निरीक्षण-परीक्षण किया जाता है, इसके बाद ही पैसा स्वीकृत किया जाता है। पुल का निर्माण 3.15 करोड रुपए से हो रहा है। सब इंजीनियर अजय रजक का कहना है कि पुल का निर्माण सही हो रहा है। मैं कार्य स्थल पर नहीं हूं।

# दो दशक से 50 गांवों के हजारों किसानों को नर्मदा नहर का इंतजार

**बरेला, देशबन्धु।** परिक्षेत्र के हजारों किसानों को पिछले दो दशकों से नर्मदा नहर का इंतजार है नहर का निर्माण के समय किसानों को उम्मीद थी कि यह नहर बरेलाके ऊपर क्षेत्र में जावेगी। ज्ञात हो कि समय के साथ सिंचाई का छेत्र तो बढ़ रहा लेकिन पिछले दो दशक में सिंचाई के लिए नए साधन नहीं बनाए गए जिसकी वजह से अब किसानों को रवि के मौसम में पानी के लिए तरसना पड़ता है और जमीन पानी के अभाव में खाली पड़ी रह जाती है। शासन द्वारा बरगी बांध (बरेला नहर ) से यदि धनपुरी एवं पड़वार तक सब माइनर नहर का निर्माण होता है तो समीपस्थ लगे हुए ग्राम रिछाई, पुरवा, जुनवानी, महंगमा, देवरी, गाड़रखेड़ा, धनपुरी, सिहोरा, लहंगी, हिनोतिया, परतला,सिहोरा , लहंगी सहित कई गांवों के किसानों की सिंचाई का एक मुख्य साधन बन जावेगा और जमीन पर जल स्त्रोत बढ़ जाएगा। किसान रवि सीजन में अपनी सिंचाई करने हेतु परेशानी से हर वर्ष गुजरते हैं। जिला कलेक्टर एवं क्षेत्रीय विधायक से मांग करते हुए कृषक विपिन पटेल, शेखर सबड़े, ठाकुर गोविंद सिंह, खूबचंद पटेल, जगदेव पटेल, गणेश पटेल, बलराम पटेल ,महेंद्र दुबे, सुरेंद्र विश्वकर्मा सहित क्षेत्र के अनेक किसानों ने शासन से मांग की है कि समय रहते बरेला बरगी बांध नहर से धनपुरी एवं पड़वार तक सबमाइनर नहर बनाने की मांग की है ताकि किसानों को हर वर्ष हो रही समस्या से निजात मिल सके।



# थैलेसीमिया और सिकल सेल पीड़ित बच्चों के लिए गुहार

**जबलपुर, देशबन्धु।** आनुवंशिक बीमारियों थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों को हर महीने,15 दिन या सप्ताह में रक्त चढ़ाना पड़ता है। इसी ब्लड पर ही उनका जीवन निर्भर है। शीर्ष रक्तदाता हर 3 माह में इनके लिए रक्तदान करके इनके जीवन संघर्ष में इनका लगातार साथ दे रहे हैं। लेकिन शासकीय अस्पतालों में इन्हें तथा माता-पिता को अनेक परेशानियों और दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है।

विशेषज्ञ चिकित्सकों, रक्त फ़िल्टर और दवा की कमी जैसी अनेक बातों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए इन्होंने मुख्य स्वास्थ अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी तथा डॉ. संजय मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। साथ ही इस बात का भी आग्रह किया कि सभी गाइनोकोलॉजिस्ट को जंचकी के समय टेस्ट अनिवार्य करने को कहें, जिससे ऐसे बच्चे ही जन्म न लें। शतकवीर रक्तदाताओं सरबजीत सिंह नारंग, अजय घोष, विकास खंडेलवाल, नीलेश गुप्ता, डॉ. संजय असाटी, रूपाली सिंघई शहडोल, शैलेश जैन, महेंद्र जैन बरेला, राहुल तिवारी, भीष्म सदरंगानी ,इलुविंदर सिंह छावड़ा, कपिल थडानी, अमर पटेल, नेहा शर्मा, नवदीप प्रिंसी जैन,परी शर्मा आदि नियमित रक्तदाता इस मौक़े पर मौजूद रहे।



## सार-समाचार

### विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन




**पाटन, देशबन्धु।** विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर श्री ओमप्रकाश रजक,जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष,तहसील विधिक सेवा समिति, पाटन के निर्देशन में ग्राम पंचायत रमपुरा में गरीबी उन्मूलयन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिये विधिक सेवाए विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से न्यायाधीश गणों द्वारा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिये विधिक सेवाए विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुये,विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य कार्य कमजोर वर्ग,जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों को मानव के दुर्व्यवहार या किसी बेगार का शिकार हो,महिला या बालक हो, मानसिक रूप से अस्वस्थ या एक निशक्त व्यक्ति,सामुदायिक विपदा जातीय हिंसा,जातीय अत्याचार,बाढ़, सूखा,भूकंप या औद्योगिक विपदा का शिकार होने के कारण दरिद्रता की परिस्थिति के अधीन व्यक्ति को,औद्योगिक कर्मकार को,जेल में निरुद्ध बंदी को एवं समस्त स्त्रोतों से जिनकी वार्षिक आय 02 लाख रुपए से कम हो इसे पीड़ित को नि:शुल्क विधिक सहायता संबंधी जानकारी दी गई। उक्त विधिक जागरूकता शिविर में श्रीमती रीतिका शर्मा खरे प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड,श्रीमती अमृता मिश्रा तिवारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सरपंच,सचिव ग्राम पंचायत रामपुरा,अध्यापकगण एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मझौली महर्षि विद्या मंदिर में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ पर जताया शोक



**मझौली, देशबन्धु।** नई दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर गढ़ दिवस हुई भगदड़ और बहुमूल्य जीवन की हानि का समाचार प्रकार वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश जी ने दुख व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और भगवान विष्णु से उन सभी को अपनी दिव्य कृपा प्रदान करने की कामना करते हुए घायलों को शीघ्र स्वस्थ लाभ एवं सदा स्वस्थ रहने की कामना की है इसी कार्यक्रम के दौरान मझौली के महर्षि विद्या मंदिर के विद्यालय प्रांगण में भी विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ मिलकर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कांग्रेसजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** गत दिवस सुआतलई थाना क्षेत्र के ग्राम कुरेला पहाड़ी के समीप एम पी 20 49 सी 23 13 टा टा कंपनी की पुलिस ने जप्त कर मामला दर्ज कर न्यालय में पेश किया। थाना प्रभारी वीएल त्यागी ने बताया कि कार चालक नंदगांव के निवासी बताये जाते हैं। घटना की विवेचना कर रहे थाना उपनिरीक्षक अवधेश बघेल ने बताया कि सात फ़रवरी को तीन बजे एक कार्यक्रम से लौट रहे राम कुमार पटेल एवं चाचा भीकम सिंह पटेल को दूसरी तरफ़ से आ रही कार ने टक्कर मार दी थी, जिससे दोनों की घटनास्थल पर पर मौत हो गई थी। पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों जनों को सौंप दिया था। कल तेरहवीं कार्यक्रम था और पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया है। इस घटना में शहपुरा कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष और चाचा भीकम सिंह पटेल के रूप में शिनाख्त हुई थी।

### कुंभ मेले में जा रहे श्रद्धालुओं की कार पलटी, एक ही परिवार के पांच लोग घायल

**रीवा देशबन्धु।** रायपुर छत्तीसगढ़ से महाकुंभ स्नान करने के लिए निकले श्रद्धालुओं से भरी कार सोहागी घाटी में पलट गई इस घटना में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए आधी रात को हुई घटना के बाद संबंधित थाने की पुलिस और प्रशासन की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है यह सड़क हादसा कार के सामने एक आवारा के आ जाने के कारण होना बताया जा रहा है गाड़ी की रफ्तार तेज होने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर तकरीबन चार बार पलटी मारते हुए दूर जा गिरी जिसके कारण कार सवार लोगों को गंभीर चोट आई है घटना के संबंध में पीड़ित ने बताया कि वह रायपुर छत्तीसगढ़ के निवासी है और गंगा स्नान के लिए घर से निकले थे घायलों में साहू परिवार के तीरथ प्रसाद साहू,पद्मिनी साहू, हार्दिक, स्वाति , और दीक्षित साहू बताए गए हैं जिन्हें रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# जमुनिया क्रिकेट टूर्नामेंट रजगवां क्रिकेट टीम ने 19 रनों से जीता

**कुंडम, देशबन्धु।** बघराजी के समीपस्त ग्राम पंचायत जमुनिया में चल रहे टेनिस वॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला ग्राम पंचायत रजगवा एवं जमुनिया के बीच खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए रजगवा की टीम ने 16 ओवर के मैच में रोहित के धुआंधार 58 रन, जितेंद्र 37 रन 2 धर्म नीरज 1 रन, रोहित 2 रन, राज तीन रन एवं कुछ अतिरिक्त रनों की मदद से 8 विकेट खोकर 16 ओवर में 152 रन बनाए। जमुनिया के गेंदबाज हिमांशु विश्वकर्मा ने 2 सोनू ने 2 अमित ने 2 विकेट सुनील ने 2 विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

जवाबी पारी खेलने उतरी जमुनिया की टीम सुनील की 31 रन अमित के 18 हिमांशु 12 राजा के साथरन की मदद से पूरी टीम 133 रन बनाकर आउट हो गई और मैच रजगवा टीम ने 19 रनों से जीत लिया। रजगवा टीम के गेंदबाज धर्म 2 रोहित 2 राज 3 नीरज ने 1 विकेट लिया। 2 खिलाड़ी रन आउट हुए। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथिखेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश सोनी, कार्यक्रम के अध्यक्ष जनपद सदस्य ओमप्रकाश सेन, सरपंच सोनू सिंह, मेंबर सनी हर्षित साहू, डिप्टी रेंजर यादव का तिलक वंदनकर स्वागत किया गया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश सोनी ने बताया कि खेलों का आयोजन करना बहुत जरूरी है। छोटी-छोटी जगह में खेलों के आयोजन होने से वहां छुपी प्रतिभा सामने निकल कर आती है। खेलों के आयोजन नहीं होंगे तो खिलाड़ियों को खेलने का अवसर नहीं मिल पाता। आयोजन कमेटी टीम को कमेटी को शुभकामनाएं दी। जनपद सदस्य ओम प्रकाश सेन सनी हर्षित साहू ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएं दी। अतिथियों ने विजेता टीम रजगवा क्रिकेट टीम को 11000 नगद एवं ट्राफी तथा विजेता टीम को 5100 की नगद एवं ट्रॉफी भेंट की। टूर्नामेंट को सफल बनाने में सचिव विनीष साहू, मुस्की पटेल, विकास महोबिया, सबल सिंह दादा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मैच के अंपायर प्रशांत रजक एवं रतन पटेल थे।



# प्रदेश स्तरीय रोज़गार मेले का आयोजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय कैरियर अवसर मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसरों से अवगत कराना तथा उन्हें इन क्षेत्रों की मांग के अनुरूप तैयार करना था। साथ ही, यह मेला युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने उद्घाटन समारोह में कहा कि विद्यार्थियों को वर्तमान बाजार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने कौशल का विकास करना चाहिए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि छोटे स्तर से शुरू किया गया कार्य भी समय के साथ अनुभव और कौशल के विकास से बड़ा बन सकता है। इसी क्रम में, आइ.क्यू.ए.सी. संयोजक डॉ. सुनु आर. के. मैथ्यू ने कैरियर मेले के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहाँ विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां स्वयं रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए उपस्थित हैं। कार्यक्रम के दौरान, डॉ. अर्चना नामदेव ने विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों के प्रोफाइल और साक्षात्कार प्रक्रियाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एसके मेहरोलिया ने बताया कि रोजगार मेले में कई प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया और 69 उम्मीदवारों का चयन विभिन्न जॉब प्रोफाइल्स के लिए किया गया। प्रमुख कंपनियों में डी.एम.सी.एफ.एस.-पुणे, प्रगतिशील बायोटेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, फ्लिपकार्ट, उत्कर्ष माइक्रोफाइनेंस, जस्ट डायल, और शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड शामिल हैं।



# बजरंगगढ़ ग्राम के कावंड़ियों की पांच दिवसीय कांवड़ यात्रा शुरू

**पाटन, देशबन्धु।** बजरंगगढ़ ग्राम के कावंड़ियों का जत्था नर्मदा तट के छर्राउवा त्रिवेणी संगम से नर्मदा जल लेकर पांच दिवसीय कांवड़ यात्रा शुरू की है। जो महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दमोह जिले के बांदकपुर धाम में बाबा भोलेनाथ जी का नर्मदा जल से अभिषेक करेंगे। ग्रामीण वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि बजरंगगढ़ ग्राम के बालमुकुंद सिंह ठाकुर,लीला बाई,हाकम सिंह,बहादुर सिंह,हरपाल सिंह,नाहर सिंह विगत दो वर्षों से नर्मदा तट के छर्रौवा त्रिवेणी संगम जाकर पूरे विधिविधान से पूजन अर्चन के बाद पवित्र नर्मदा जल अपनी अपनी कांवड़ में लेकर भोले बाबा के जयकारे लगाते हुए पैदल पाटन, तेंदूखेड़ा,तेजगढ़,अभाना होते हुए जागेश्वर धाम बांदकपुर पहुंचेंगे जहां बाबा भोलेनाथ जी का जलाभिषेक महाशिवरात्रि पर्व पर किया जाना है। बजरंगगढ़ ग्राम के कावंड़ियों का जत्था बुधवार 26 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व पर बांदकपुर धाम में भोले नाथ को नर्मदा जल अर्पित कर विधिवत पूजन करके महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा की आरती में सम्मिलित होंगे।

# स्काउट एंड गाइड का वार्षिक का कार्यक्रम आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत स्काउट एंड गाइड कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्काउट के जनक लार्ड वेडन पॉवेल के जन्मदिवस (विश्व विचार दिवस) पर कला विथिका, परिसर, भंवरलाल गार्डन के सामने स्काउट एंड गाइड कार्यक्रम सांसद के मुख्य आतिथ्य, विधायक, अभिलाष पांडे के विशिष्ट आतिथ्य तथा रिंकूज विज अध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड एवं अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर की अध्यक्षता एवं पदेन कमिश्नर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें ललित मिश्रा मिश्रा सहायक राज्य संगठन आयुक्त जिला संरक्षक, अजय तिवारी, जिला मुख्य आयुक्त, विजय कांत तिवारी, जिला सचिव विजय झारिया सहित समस्त पदाधिकारी स्काउट एंड गाइड उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम आज 22 फरबरी सुबह 9 से 12 तक आयोजित है।

# अधिवक्ता संसोधन विधेयक के विरोध में अधिवक्ताओं नहीं की न्यायालय में पैरवी

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पाटन, देशबन्धु।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के विरोध में पाटन अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्ता न्यायालय के कार्य से विरत होकर इस बिल के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ता संदीप पटेल,केशव प्रताप सिंह ने बताया कि अधिवक्ता शुक्रवार को अपर सत्र न्यायालय सिविल कोर्ट की चारों न्यायालय में अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए बताया जा रहा है कि अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता निष्पक्षता निर्भीकता पर केंद्र सरकार के द्वारा कुठाराघात किया जा रहा है। यदि एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 पास हो जाता है तो देश के समस्त अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता छिन जाएगी और सरकार का पूरा कंट्रोल अधिवक्ताओं के ऊपर हो जाएगा इन सभी समस्याओं को देखते हुए देश के सभी अधिवक्ता बंधु एवं पाटन अपर सत्र न्यायालय के अधिवक्ताओं द्वारा देश व्यापी हड़ताल पर चले गए है।

वही इस बिल के विरोध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानवेंद्र सिंह राजपूत को अधिवक्ता संघ पाटन के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर, सचिव राघवेन्द्र सिंह यादव, सुरेश हरि नारायण पटेल, रोहिणी प्रसाद खंपरिया, शारदेद सिंह ठाकुर, तरुवर सिंह ठाकुर, देवराज सिंह, राजेश नेमा, वीरेंद्र जैन, मुकेश पटेल, राजदीप नेमा, सुनील दुबे, हीरालाल चौरसिया, दीपक चौबे, वीरेंद्र सिंह, विकास वैरागी, प्रमोद चक्रवर्ती, विकास मिश्रा, दिलीप पटेल सहित पाटन अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्ता बंधु राजस्व न्यायालय में उपस्थित होकर पाटन एसडीएम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष उक्त ज्ञापन जिला कलेक्टर के नाम सौंपा वही आज क्षमता प्रकरण अगले कार्य दिवस में सुने जाएंगे किसी भी प्रकरण में अधिवक्ता की अनुपस्थिति में कोई भी अदालत से प्रकरण एक पक्षीय नहीं होंगे।



# ट्रांसफॉर्मर के नीचे मिला शव, हत्या की आशंका

## कोठी थाना क्षेत्र के पवैया का मामला जांच करने पहुंची फॉरेंसिक टीम



**सतना, देशबन्धु।** कोठी थाना क्षेत्र के पवैया में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव खेत में लगे ट्रांसफार्मर के नीचे मिला है। पुलिस की प्राथमिक जांच में मामला बिजली का करंट लगने से मौत हो जाने का समझ आया। जब जांच आगे बढ़ी और शव का पोस्टमार्टम हुआ तो कुछ तथ्य ऐसे सामने आए जो हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं।

पुलिस के अनुसार, गोपाल टोला पवैया निवासी मनीष सिंह पिता राम सिंह (32) का शव खेत में लगे ट्रांसफार्मर के नीचे मिला है। सूचना पर सुबह 8 बजे पुलिस पहुंच गई थी। मामला संदेहास्पद समझ आने पर सीन ऑफ क्राइम यूनिट सतना से डॉ. महेंद्र सिंह को जांच के लिए बुलाया गया। सूत्र बताते हैं की मृतक के शरीर पर बिजली के करंट से जलने के आलावा और भी घाव हैं। पोस्टमार्टम के बाद ऐसी आशंका जताई गई है कि मृतक की ट्रेकिया और पसलियां टूटी हुई हैं। ऐसे में पुलिस अब हत्या का मामला मानकर गंभीरता से जांच कार्यवाही में जुटी है। टीआई श्वेता मौर्य पुलिस टीम के साथ यह पता लगाने में जुटी हैं कि अगर हत्या है तो वारदात कौन और क्यों कर सकता है?

# शराबियों से पनागर की जनता परेशान, नहीं दे रहा प्रशासन ध्यान

**पनागर, देशबन्धु।** पनागर में शराबियों की समस्या ने क्षेत्रीय जनता को परेशान कर रखा है। पनागर, जो जबलपुर का एक उप नगरीय क्षेत्र है, में सड़क किनारे शराब दुकानें और अवैध चखना की दुकानें संचालित हो रही हैं। शाम 6 बजे के बाद, इन दुकानों की गतिविधियाँ और भी बढ़ जाती हैं, जिससे राहगीरों को परेशानी होती है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे बड़े आंदोलन का आयोजन करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रशासनिक अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर रहे हैं और नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस समस्या का समाधान करने के लिए, प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।



# पूर्व सांसद पं. चंद्रिका प्रसाद त्रिपाठी की 104वीं जयंती पर छात्र-छात्राओं को बांटे उपहार

**कुंडम, देशबन्धु।** बघराजी प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. पं. चंद्रिका प्रसाद त्रिपाठी की जन्म जयंती के पवन अवसर पर शुक्रवार को बालक शाल, प्राथमिक कन्या शाला एवं शिक्षा गारंटी केंद्र बघराजी के स्कूल छात्रों को उपहार स्वरूप कंपास बॉक्स, पेंसिल, पेन-कॉपी, चॉकलेट, टॉफी, नमकीन, चिप्स के पैकेट उनके पुत्र नाती सुकीर्थ मनु त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता राजेशसोनी, मोहम्मद अकरम खान, मोनू बागरी, बंटी दुबे, राजकुमार धनगर, संजू विश्वकर्मा के साथ मिलकर भेंट किए। स्कूली बच्चे यह गिफ्ट पाकर बहुत खुश थे। उन्होंने सुकीर्थ त्रिपाठी से पूछा अंकल अब कब आओगे, जिस पर जवाब दिया, आपको जो भी समस्या हो मुझे याद कर लेना। अपने टीचरों को बता देना मैं आपके बीच हमेशा उपलब्ध रहूंगा। इस अवसर पर सभी ने मिलकर श्री त्रिपाठी को श्रद्धांजलि सभा अर्पित कर, उन्हें पुष्पांजलि भेंट की।

## गाजा से लौटा शव शिरी बिबास का नहीं, पीएम नेत्याहू बोले- हमास को चुकानी पड़ेगी कीमत

**यरूशलम, ( आईएएनएस )।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि हमास को बंधक शिरी बिबास के शव को समझौते के अनुसार रिहा न करने के लिए कीमत चुकानी होगी। यहूदी राष्ट्र ने फिलिस्तीनी ग्रुप पर युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया, क्योंकि फोरेंसिक जांच से पता चला है कि गुरुवार को गाजा से लौटा शव शिरी बिबास का नहीं था। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो बयान में कहा, हम शिरी को सभी बंधकों – [जीवित और मृत दोनों] – के साथ घर वापस लाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास समझौते के इस क्रूर और बुरे उल्लंघन के लिए पूरी कीमत चुकाए। इज़रायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बताया कि सौंपे गए चार शवों में से दो की पहचान शिरी के बेटों एरियल और केफिर के रूप में हुई। एक शव ओडेड लिफशिट्ज का था। आईडीएफ ने कहा कि पहचान प्रक्रिया के दौरान, यह सामने आया कि जो चौथा शव प्राप्त हुआ है, वह शिरी बिबास का नहीं था, और किसी अन्य बंधक से भी उसका कोई मेल नहीं पाया गया। यह एक अनाम, अज्ञात शव है।

# यह तो रिश्वतखोरी है, भारत को 21 मिलियन की मदद पर फिर भड़के ट्रंप

## बीजेपी-कांग्रेस में भी भिड़ंत

**वाशिंगटन।** अमेरिका द्वारा भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 मिलियन की फंडिंग देना लगातार विवाद का कारण बनता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर से इस फंडिंग पर हमला बोला है। उन्होंने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमेरिकी टैक्सपेयर्स का पैसा दिए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह एक रिश्वतखोरी की स्कीम की तरह है क्योंकि किसी को पता नहीं कि इस पैसे का इस्तेमाल कहा हुआ।

ट्रंप के इस बयान के बाद भारत में भाजपा और कांग्रेस के बीच में आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया। वाशिंगटन में रिपब्लिकन गवर्नर्स की बैठक में ट्रंप ने कहा कि भारत में मतदान बढ़ाने के लिए 21 मिलिनय डॉलर दिए जा रहे थे। आखिर अमेरिका भारत का मतदान बढ़ाने के लिए इतनी परवाह क्यों कर रहा था। हमारे पास अपनी भी बहुत सारी समस्याएं हैं, हमें अपना मतदान बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए था। ट्रंप ने कहा कि भारत में मतदान बढ़ाने के नाम पर 21 मिलियन, बांग्लादेश में राजनैतिक परिदृश्य के लिए 29 मिलियन दिए गए। लेकिन मुझे पता है कि कई मामलों में तो अमेरिका की जनता को कभी पता ही नहीं चलेगा कि यह पैसा कहां खर्च हुआ या हम किस बारे में बात कर रहे हैं। इसलिए यह एक रिश्वत की तरह है, क्योंकि इसका कोई अता-पता नहीं कि यह कहां गया।

हमने बांग्लादेश में 29 मिलियन डाल दिए, राजनीतिक परिदृश्य के लिए.. यहां कौन जानता है कि बांग्लादेश में राजनैतिक परिदृश्य का क्या मतलब है? इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार को भी 21 मिलियन की मदद को लेकर पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन पर हमला बोला था। ट्रंप ने कहा था कि ऐसा लगता है कि वह भारत में सत्ता परिवर्तन



के लिए मदद कर रहे थे। क्योंकि हमें भारत को इस मामले में मदद करने की जरूरत नहीं है। हम भारत सरकार को इस बारे में बताएंगे।

**भाजपा ने उठाए सवाल**- ट्रंप के इन बयानों के बाद भारत में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर बयानबाजी हुई। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि ट्रंप ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि भारत में 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग की थी। यह रिश्वत भारत में मौजूद अमेरिकी डीप स्टेट एसेस्ट्स की मदद करने के लिए थी।

**कांग्रेस का पलटवार**- कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस पूरे मामले में पलटवार करते हुए कहा,पिछले एक हफ्ते से यह कहानी चल रही है कि अमेरिका की तरफ से नरेंद्र मोदी सरकार को अस्थिर करने के लिए 21 मिलियन डॉलर की फंडिंग की गई थी। इतनी सारी एजेंसियां हो जाने के बाद अगर ऐसा हुआ है तो यह भारत सरकार की नाकामी है। मोदी सरकार से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह पैसा 2012 में आया था। ऐसे में सवाल यही है तो क्या 2014 का चुनाव भाजपा इसी पैसे से जीती थी?

# अमेरिका में खुलेगी बड़े-बड़ों की सेक्स फाइल, डोनाल्ड ट्रंप के फैसले पर मची है हलचल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से ही हलचल तेज है। इसकी वजह वाइट हाउस की ओर से लिए जाने वाले फैसले हैं। अब डोनाल्ड ट्रंप एक और फैसला लेने वाले हैं, जिससे पूरे देश में हलचल मच सकती है। डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आने से पहले ही वादा किया था कि वह राष्ट्रपति चुने गए तो फिर वह जेफरी एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में शामिल रहे लोगों के नाम उजागर करेंगे। माना जा रहा है कि यदि फाइल खुली तो कई बड़े नामों का भी खुलासा हो सकता है, जिससे अमेरिकी राजनीति में बड़ी हलचल होगी। अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप कभी कोई झूठा वादा नहीं करते हैं। यदि उन्होंने कहा है तो यह फाइल खुलकर रहेगी।

बोंडी ने कहा, मैंने इस बारे में कल ही बात की थी। सार्वजनिक तौर पर कुछ नहीं कहना है, लेकिन आप जानते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप जो कहते हैं, उसे करने के लिए पूरा जोर लगाते हैं। इसलिए जो कहा है, वही वह करेंगे। चुनाव के दौरान यह मामला खूब चर्चा में था। डोनाल्ड ट्रंप के अलावा बोंडी ने भी कहा था कि जेफरी एप्सटीन केस की फाइल को सार्वजनिक कर दिया जाए। यही नहीं उनका कहना था कि जो लोग नाम उजागर न करने की मांग कर रहे हैं, उनके पास इसका कानूनी आधार नहीं है। जेफरी एपस्टीन ने 2019 में जेल में ही फांसी लगाकर जान दे दी थी। तब से ही यह कयास लगाए जा रहे हैं कि इस मामले में कई बड़े लोग शामिल हो सकते हैं।

बोंडी का कहना है कि लंबे समय से यह फाइलें दबी हुई हैं। इससे लोगों में निराशा है और वे चाहते हैं कि सच बाहर लाया जाए। उन्होंने कहा कि यह मानव तस्करी का भी मामला है। बोंडी ने कहा कि अमेरिका में मानव तस्करी अरबों डॉलर का बिजनेस है। जेफरी एपस्टीन अब मर गया है, जबकि इसी केस में उसकी गर्लफ्रेंड गिसलेन



मैक्सवेल 20 सालों से जेल में है। बोंडी ने कहा कि इस रिपोर्ट में जिन लोगों के नाम हैं, उनके पास यह कहने का कोई कानूनी आधार नहीं है कि फाइल सार्वजनिक न की जाए। इस फाइल में कई ऐसे पीड़ितों के नाम भी हो सकते हैं, जो उस समय बच्चे रहे हों। एपस्टीन ने बड़े पैमाने पर दौलत जुटा ली थी और माना जाता है कि इस काले धंधे से ही उसने बड़ी पूंजी जुटा ली थी। जेफरी एपस्टीन पेशे से फाइनेंसर था, लेकिन उसकी पहचान बच्चों का यौन उत्पीड़न करने वाले शख्स के तौर पर बनी। उसने कई बच्चियों का यौन उत्पीड़न किया था तो वहीं मानव तस्करी का भी आरोप उस पर है। एपस्टीन को पहली बार 2005 में तब अरेस्ट किया गया था, जब उस पर एक 14 साल की लड़की से पैसों के बदले सेक्स का आरोप लगा। इसके अलावा भी कई कम आयु की लड़कियों के यौन उत्पीड़न के आरोप उस पर लगे। ऐसे ही एक मामले में उसे 13 महीने की जेल हो गई थी। इसके अलावा कई केस पर उस पर चल रहे थे। माना जाता है कि एप्सटीन के सेक्स नेटवर्क से अमेरिका की कई प्रभावशाली हस्तियां जुड़ गई थीं। इसी केस में एप्सटीन की गर्लफ्रेंड मैक्सवेल को 20 साल कैद की सजा मिली है। फिलहाल वह जेल में ही बंद है। उस पर आरोप है कि उसने सेक्स रैकेट का संचालन किया और वही लड़कियों को बहला-फुसलाकर ले आती थी। फिर इस गंदे धंधे में उन लोगों को धकेल दिया जाता था।

## आज का इतिहास

1495-फ़्रांस नरेश चार्ल्स आठवें के नेतृत्व में सेना नेपल्स, इटली पहुँची।
1724-स्वीडन और रूस ने आपसी सहायता सम्बन्धी समझौता किया।
1732-अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति वाशिंगटन का जन्म।
1746-फ्रांसीसी सेनाओं ने बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स पर क़ब्ज़ा किया।
1775-यूरोपीय देश पौलेंड की राजधानी वारसा के बाहरी इलाकों से यहूदियों को निकाला गया।
1784-चीन के साथ व्यापार के लिए अमेरिका का पहला व्यापारिक पोत न्यूयॉर्क से रवाना।
1845-ईस्ट इंडिया कम्पनी ने डच ईस्ट इंडिया कम्पनी से सेरामपोर और बालासोर को ख़रीदा।
1847-भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी नरसिम्हा रेड्डी का निधन।
1848-लुई फ़िलिप के शासन की असफलताओं के कारण पेरिस में विद्रोह हुआ।
1878-भारतीय बांग्ला भाषा के कवि, गीतकार, संगीतकार और देशभक्त मुकुन्द दास का जन्म।
1885-भारतीय स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक यतीन्द्र मोहन सेन गुप्त का जन्म।

## सुडोकू 6833

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 9 | 1 | | |
| | 8 | 5 | | | 4 | | | |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | 5 | 6 | 4 | 3 | | 2 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | 2 | | 5 | 8 | 9 | 7 | |
| | | | | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | 3 | |
| | | 7 | 3 | 4 | | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## तेल का बादशाह, अकूत दौलत; कभी मुस्लिम दुनिया का था रहनुमा, आज अपनों के बीच ही क्यों बना बेगाना

कभी इस्लामी दुनिया की अगुआई करने वाला सऊदी अरब आज खुद अपने पड़ोसियों और साथी मुस्लिम देशों में अलग-थलग पड़ता जा रहा है। इसका बड़ा कारण प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की नीतियां मानी जा रही हैं, जिन्होंने कई बार ऐसे फैसले लिए जो पारंपरिक इस्लामिक सहयोग को कमजोर कर गए। एक समय था जब सऊदी अरब अपने तेल के दम पर पूरी दुनिया में अपनी धाक जमाए बैठा था, लेकिन अब उसके कई पुराने साथी उससे किनारा करने लगे हैं। खासतौर पर फिलिस्तीन समर्थकों की नजर में सऊदी अब पहले जैसा नहीं रहा। फिलिस्तीन को लेकर सऊदी अरब की नीति में बदलाव आया, जिससे अरब जगत में उसकी साख गिरी। पहले सऊदी अरब खुले तौर पर इजरायल के खिलाफ और फिलिस्तीन के समर्थन में खड़ा दिखता था, लेकिन अब उसने इजरायल के साथ संबंध सुधारने की दिशा में कदम बढ़ा लिए हैं। अब्राहम समझौते के तहत संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सूडान और मोरक्को पहले ही इजरायल से हाथ मिला चुके हैं, और सऊदी भी इसी रास्ते पर बढ़ रहा है। इस नीति से फिलिस्तीन समर्थक गुटों में नाराजगी फैल गई, जो सऊदी को अब एक भरोसेमंद इस्लामिक नेतृत्व नहीं मानते।

**अपनों में बढ़ा मतबेद**- सऊदी अरब और ईरान के रिश्ते तो पहले ही कटु थे, लेकिन हाल के वर्षों में कतर, तुर्किये और अन्य इस्लामी देशों से भी उसके मतभेद बढ़े हैं। 2017 में कतर पर आर्थिक प्रतिबंध लगाकर उसे अलग-थलग करने की कोशिश की गई, लेकिन यह कदम उलटा पड़ गया। कतर ने ईरान के साथ अपने संबंध मजबूत कर लिए और धीरे-धीरे आर्थिक मोर्चे पर और ताकतवर बन गया। इसके अलावा, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगान भी इस्लामी दुनिया में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे सऊदी के वर्चस्व को सीधी चुनौती मिल रही है। प्रिंस सलमान की एक और बड़ी नाकामी यमन में देखी गई, जहां उन्होंने 2015 से हूती विद्रोहियों के खिलाफ युद्ध छेड़ा, लेकिन आज तक उसे खत्म नहीं कर सके। यमन युद्ध में सऊदी अरब को भारी नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन हौथी विद्रोही लगातार मजबूत होते गए। यहां तक कि उन्होंने सऊदी अरब के तेल प्रतिष्ठानों पर हमले भी कर दिए, जिससे रियाद की सुरक्षा नीतियों पर सवाल खड़े हो गए। इस असफलता ने सऊदी अरब को और कमजोर कर दिया, और उसकी क्षेत्रीय ताकत पहले जैसी नहीं रही।

# एलन मस्क को हजम नहीं हो रही जेलेंस्की की लोकप्रियता, सर्वे पर भड़के, अब एक्स को करेंगे ठीक

टेस्ला के सीईओ और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क (ट्विटर) के मालिक एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में खड़े होते हुए एक्स के कम्युनिटी नोट्स फीचर में बदलाव करने का वादा किया है। यह घोषणा तब आई जब एक सर्वे ने ट्रंप के उस दावे का खंडन किया जिसमें उन्होंने कहा था कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की अपने देश में अत्यधिक अलोकप्रिय हैं। मस्क ने दावा किया कि उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का कम्युनिटी नोट्स फीचर सरकारों और पारंपरिक मीडिया द्वारा कंट्रोल किया जा रहा है। मस्क ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, दुर्भाग्यवश, कम्युनिटी नोट्स को सरकारों और पारंपरिक मीडिया द्वारा तेजी से प्रभावित किया जा रहा है। इसे ठीक करने पर काम कर रहा हूं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जेलेंस्की के समर्थन में दिखाए गए पोल जेलेंस्की-नियंत्रित हैं और विश्वसनीय नहीं हैं। मस्क ने आगे कहा, असल में, यूक्रेन के लोग उनसे नफरत करते हैं। यही कारण है कि उन्होंने चुनाव कराने से इनकार कर दिया। यह विवाद तब शुरू हुआ जब ट्रंप ने जेलेंस्की पर हमला बोला और उन्हें तानाशाह करार दिया। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि जेलेंस्की की लोकप्रियता केवल 4 प्रतिशत है, हालांकि इसके लिए कोई सबूत नहीं दिया गया। दूसरी ओर, कीव इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशियोलॉजी द्वारा बुधवार को प्रकाशित एक पोल में 57त्न लोगों ने कहा कि वे जेलेंस्की पर भरोसा करते हैं। ये पोल जेलेंस्की की अप्रूव रेटिंग में पहले से पांच अंकों की बढ़ोतरी दर्शाता है।

**मस्क ने दिए चुनाव कराने की चुनौती**- मस्क ने एक्स पर लिखा, अगर जेलेंस्की वास्तव में यूक्रेन के लोगों के बीच लोकप्रिय होते, तो वे चुनाव कराते। उन्हें पता है कि वह भारी अंतर से हार जाएंगे, इसलिए उन्होंने चुनाव रद्द कर दिया है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि जेलेंस्की ने सभी यूक्रेनी मीडिया पर नियंत्रण कर लिया है और चुनाव नहीं करवा रहे, क्योंकि उन्हें पता है कि जनता उन्हें पसंद नहीं करती।

ट्रंप की तरह मस्क ने भी एक अप्रमाणित दावे को शेयर करते हुए कहा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के आकलन के अनुसार जेलेंस्की की लोकप्रियता सिर्फ 4 प्रतिशत है। मस्क ने आगे कहा, मैं जेलेंस्की को चुनौती देता हूं कि वह चुनाव कराएं और इस दावे को गलत साबित करें। लेकिन वे ऐसा नहीं करेंगे। यूक्रेन में चुनाव न कराने के दावे को जेलेंस्की ने खारिज करते हुए कहा कि यह फैसला 2022 में रूस के आक्रमण के बाद मार्शल लॉ लागू होने के कारण लिया गया था।

# धरती के हर कोने तक करेंगे पीछा, एफबीआई डायरेक्टर बनते ही काश पटेल ने किसे दी चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन के निदेशक के रूप में काश पटेल के नाम पर मुहर लगा दी। भारतीय मूल के शख्स ने सीनेट में हुए मतदान में मामूली अंतर से जीत हासिल की।

इस तरह, वह देश की प्रमुख संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसी के शीर्ष पद पर पहुंच गए। एफबीआई चीफ बनते ही काश पटेल ने उन लोगों को कड़ी चेतावनी दी, जो अमेरिका को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एजेंसी ऐसे लोगों का इस ग्रह के हर कोने तक पीछा करने वाली है। उन्होंने अपनी नियुक्ति को लेकर आभार जताया औरएफबीआई को एक ऐसी एजेंसी में बदलने का संकल्प लिया जो पारदर्शी, जवाबदेह और न्याय के लिए प्रतिबद्ध हो। काश पटेल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही, उन्होंने ब्यूरो में जनता का विश्वास बहाल करने के लिए पूरे समर्पण की बात कही। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके कहा, संघीय जांच ब्यूरो का नौवां निदेशक नियुक्त होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। राष्ट्रपति ट्रंप और अटॉर्नी जनरल बॉन्डी को इस अटूट विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।

## वर्ग पहेली 6833

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. चरम सीमा
३. अनियंत्रित
५. निवेदक (उर्दू)
६. झण्डा, ध्वज
७. हिंसा, खूनखराबा (उर्दू)
९. दुर्गा
१०. 'हाईकमिश्नरं'
१२. पक्का, मजबूत, जो कभी न टूटे
१३. विस्मय
१४. अयोग्य, नाकाबिल(उर्दू)
१६.अन्यथा (उर्दू)
१८. पीड़ित, उत्सुक
२०. महत्ता
२१. अज्ञानता
२३. सेंधमारी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पूरी तरह पका हुआ
२. सूनी सुनाई बातों पर तुरंत विश्वास कर लेने वाला (उपमा)
३. अविश्वनीयता, लेन-देन में खोटापन (उर्दू)
४. गीत गाने वाली
५. अविभाजित, अखण्ड
८. टर्राना, बहुत ज्यादा बातें करना
१०. प्रकाश, रोशनी
११. लड़ाकू
१२. कमी, कसर
१३. बल्कि, किंतु
१४. मूर्ख, अविवेकी
१५. पूजा करने या कराने वाला
१७. रसेदार, आम, गन्ना, गेंहू
१८. सहारा, भरोसा, टेक
१९. रात्रि, रात
२२. अंधकार

### वर्ग पहेली-6832

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ति | जा | २ र | त | ■ | ■ | ३ क | र्ण | ४ क | टु |
| थि | ■ | ह | ■ | ५ प्र | वि | ष्ट | ■ | र्क | ■ |
| ६ प | रा | म | र्श | क | ■ | ७ क | र्म | शा | ८ ला |
| त्र | ■ | दि | ■ | ९ र | फ्ता | र | ■ | ■ | भ |
| ■ | १० वि | ल | ११ क्ष | ण | ■ | ■ | १२ झ | ट | का |
| ■ | क्र | ■ | मि | ■ | १३ ब | ग | ल | ■ | र |
| १४ ह | ता | १५ ह | त | ■ | वा | ■ | १६ क | १७ न | क |
| थ | ■ | म | ■ | १८ ति | ल | १९ स्म | ■ | र्त | ■ |
| २० कं | गा | ल | ■ | ल | ■ | २१ र | वि | क | २२ र |
| डा | ■ | ■ | २३ आ | क | र्ष | ण | ■ | ■ | ब |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**चिंता** *घाटी में पिछले साल के मुकाबले ज्यादा और जल्दी गर्मी आने की संभावना से मौसम विज्ञानी चिंतित*

# तापमान में बढ़ोतरी से ट्यूलिप के फूलों पर संकट के आसार

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)। इस बार कश्मीर में चाहे बर्फ कम हो या नहीं, आने वाले महीनों में ट्यूलिप खिलने के लिए तैयार हैं, जो पर्यटकों और स्थानीय लोगों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। यह दावा है ट्यूलिप गार्डन में कार्य करने वाले मालियों और उसके इंचार्ज का।**

हालांकि उन्हें इस बात की चिंता जरूर थी कि अगर तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी हुई तो इस पर संकट आ सकता है। यह चिंता इसलिए है क्योंकि मौसम विज्ञानी वर्ष 2025 में पिछले साल के मुकाबले ज्यादा और जल्दी गर्मी आने की संभावना जता रहे हैं।

वर्तमान में, कश्मीर में पिछले साल दिसम्बर से लंबे समय तक शुष्क मौसम देखा जा रहा है, जबकि 40 दिनों की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि, जिसे चिल्ले कलां के नाम से जाना जाता है, अभी तक कोई राहत नहीं लेकर आई है क्योंकि आज 50 दिनों के बाद हुई बूंदाबांदी भी कश्मीर को सूखे से निजात नहीं दिला सकी है।

विशेषज्ञों के अनुसार लंबे समय तक सूखा रहना चिंता का गंभीर कारण है क्योंकि आने वाले महीनों में इसके गंभीर परिणाम होंगे। हालांकि, ट्यूलिप के गार्डनर अली मुहम्मद ने कहा कि लगातार सूखे के कारण ट्यूलिप पर सबसे



■ **कुछ महीनों बाद ट्यूलिप खिलना हो जाएंगे शुरू**

कम प्रभाव पड़ेगा। उनका कहना था कि ट्यूलिप को विशेष रूप से बर्फ या सूरज की आवश्यकता नहीं होती है। यह किसी भी स्थिति में बढ़ सकता है। इसके अलावा वे कहते थे कि कि जमीनी काम दिसम्बर के मध्य में ही पूरा हो चुका है और मौसम की स्थिति के आधार पर कुछ महीनों के बाद ट्यूलिप खिलना शुरू हो जाएंगे। ट्यूलिप गार्डन के प्रभारी जावेद मसूद ने बताया कि ट्यूलिप हर मौसम में उगने वाले फूल हैं और किसी भी स्थिति में उग सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसे बढ़ने के लिए किसी विशिष्ट मौसम की स्थिति या अनिवार्य रूप से बर्फ की जरूरत नहीं है। वे कहते थे कि फूलों की क्यारियों में पानी डाला जा रहा है, जो ट्यूलिप के पूरी तरह खिलने के लिए पर्याप्त है।

प्रासंगिक रूप से, आगामी सीजन में पांच और किस्मों के साथ, डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच स्थित एशिया का सबसे बड़ा, इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन ट्यूलिप गार्डन पहली बार 1.7 मिलियन ट्यूलिप बल्बों के खिलने का गवाह बनेगा। अधिकारियों ने कहा कि पिछले वर्ष की 68 किस्मों की तुलना में, उन्होंने इस सीजन में किस्मों की संख्या बढ़ाकर 73 करने का निर्णय लिया है। यह सच है कि कश्मीर को एक नई पहचान दिलवाने वाले ट्यूलिप गार्डन में माली अभी से भयानक सर्दी में इसलिए जुटे हुए थे क्योंकि वे चाहते हैं कि इस बार पिछले साल के मुकाबले अधिक ट्यूलिप के फूल खिलें और एक नया रिकार्ड बनाएं पहले ही ट्यूलिप गार्डन को देखने वाले हर साल एक नया रिकार्ड बना रहे हैं।

# खेल जगत

## कोकीन स्मगलर बना राडजा निंगगोलन, चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नई दिल्ली।** बेल्जियम के पूर्व अंतरराष्ट्रीय राडजा निंगगोलन को गिरफ्तार किया गया है. ब्रुसेल्स पब्लिक प्रोसिक्यूटर आफिस ने कहा कि साउथ अमेरिका से यूरोप में कोकीन की तस्करी की व्यापक जांच के तहत इस खिलाड़ी को दबोचा गया। ब्रुसेल्स फेडरल पुलिस ने सोमवार सुबह मुख्य रूप से एंटवर्प प्रांत और ब्रुसेल्स के आसपास तीस स्थानों पर तलाशी ली, जिसमें 2.7 किलो (लगभग 6 पाउंड) कोकीन के साथ-साथ नकदी और बड़ी संख्या में लग्जरी आइटम जब्त किए गए। 36 वर्षीय निंगगोलन ने बेल्जियम के लिए 30 मैच खेले हैं, लेकिन मार्च 2018 के बाद से अपनी टीम के लिए नहीं खेले हैं। अपने उग्र स्वभाव के लिए प्रसिद्ध इस सेंट्रल मिडफील्डर ने अपना अधिकांश करियर इटली में बिताया, विशेष रूप से रोमा और इंटर मिलान के लिए खेलते हुए।



# शमी एक लीजेंड, चोट के बाद वापसी करना कभी आसान नहीं होता : गिल

■ शमी ने 14 महीने बाद चोट से उबरकर वापसी की और आते ही पांच विकेट झटककर इतिहास रच दिया



**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मुकाबले में बांग्लादेश को छह विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की। इस जीत के बाद उप-कप्तान शुभमन गिल ने मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए कहा कि चोट के बाद वापसी करना आसान नहीं होता, लेकिन शमी ने शानदार गेंदबाजी की और वह सच में एक दिग्गज खिलाड़ी हैं। शमी ने 14 महीने बाद चोट से उबरकर वापसी की और आते ही पांच विकेट झटककर इतिहास रच दिया। वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए और आईसीसी के 50 ओवरों के टूर्नामेंट में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए। गिल ने बीसीसीआई टीवी पर एक वीडियो पोस्ट में कहा कि जब भी शमी आईसीसी टूर्नामेंट में गेंदबाजी करने आते हैं, तो पांच विकेट से कम नहीं लेते।

कभी 4, कभी 5, फिर 4, फिर 5... कई बार तो हमें पता भी नहीं चलता कि कब उन्होंने पांच विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने यह भी कहा कि मेहदी हसन हमारे खिलाफ अच्छा खेलते हैं। जब हम बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज खेल रहे थे, तब भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। लेकिन जिस लाइन और लेंथ पर शमी ने गेंदबाजी की, उससे नए बल्लेबाज पर लगातार दबाव बना रहा। उन्होंने लगातार सही लाइन पर गेंद डाली और स्विंग कराई, जिससे बल्लेबाज को रन बनाने में मुश्किल हुई। चोट के बाद वापसी करना आसान नहीं होता, लेकिन शमी ने जिस तरह वापसी की है, वह उन्हें एक दिग्गज खिलाड़ी बनाता है। 229 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शुभमन गिल ने 129 गेंदों में नाबाद 101 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और दो छक्के शामिल थे। भारत ने 21 गेंद बाकी रहते जीत हासिल की। गिल ने कहा कि यह आईसीसी टूर्नामेंट में मेरा पहला शतक है। वर्ल्ड कप में मैं दो-तीन बार चूक गया था, एक बार तो 90 पर आउट हो गया था।

## चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 : शुभमन गिल की शतकीय पारी, छह विकेट से जीती टीम इंडिया

**दुबई।** दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को छह विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की। इस जीत में स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल का सबसे बड़ा योगदान रहा। उन्होंने 129 गेंद में नाबाद 101 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेलकर टीम को जीत दिला दी। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन, यह फैसला उस वक्त गलत साबित होने लगा जब टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की आग उगलती गेंदों के आगे बांग्लादेशी बल्लेबाजों ने हथियार डाल दिए। शमी ने 53 रन देकर पांच विकेट झटके और बांग्लादेश 49.4 ओवर में महज 228 रन ही बना पाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की ओर से गिल ने वनडे इंटरनेशनल में अपना आठवां शतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके और दो गगनचुंबी छक्के भी जड़े। भारत ने 46.3 ओवर में 231/4 के स्कोर के साथ मैच जीत लिया।

## शमी जब भी आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं तो अलग गेंदबाज बन जाते हैं : पीयूष चावला



**दुबई।** भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने मोहम्मद शमी की आईसीसी टूर्नामेंटों में प्रभावशाली वापसी की सराहना की। उनके प्रदर्शन के दम पर मेन इन ब्लू टीम की बांग्लादेश पर चैंपियंस ट्रॉफी गेम में शानदार जीत हुई। चावला ने कहा कि जब भी शमी आईसीसी टूर्नामेंट में खेलते हैं, तो वह एक अलग गेंदबाज बन जाते हैं। शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश पर भारतीय टीम की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई थी और पांच विकेट हासिल किए थे। शमी ने बेहतर प्रदर्शन किया और 5-5× के आंकड़े के साथ भारत को गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ छह विकेट से शानदार जीत दिलाई। दुबई में पांच विकेट चटकाने के साथ ही शमी आईसीसी वनडे मुकाबलों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

# विराट खराब फॉर्म से बाहर आने के लिए कुछ ज्यादा ही प्रयास कर रहे हैं : कुंबले

**नई दिल्ली,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच अनिल कुंबले को लगता है कि विराट कोहली अपनी खराब फॉर्म से बाहर आने के लिए 'बहुत ज्यादा प्रयास' कर रहे हैं। कोहली का खराब फॉर्म चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के पहले मुकाबले में जारी रहा जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 38 गेंदों पर 22 रनों की पारी खेली।

■ विराट ने 2023 विश्व कप के बाद खेली गई छह वनडे पारियों में सिर्फ 137 रन बनाए



विराट कोहली अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन का शिकार हो गए। हालांकि, सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के नाबाद 101 और केएल राहुल के 41 रनों की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। कोहली की खराब फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय रही है क्योंकि पूर्व कप्तान ने 2023 विश्व कप के बाद खेली गई छह वनडे पारियों में सिर्फ 137 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्द्धशतक शामिल है। पर्थ में शतक को छोड़कर, ऑस्ट्रेलिया में भारत के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के दौरान भी उनका संघर्ष जारी रहा। कुंबले ने ईएसपीएन क्रिक इन्फो मैच डे पर कहा कि खासकर सफेद गेंद वाले क्रिकेट में खराब दौर से गुजरने के बाद उन्होंने लंबे समय तक उस तरह का प्रदर्शन नहीं किया है। मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही कोशिश कर रहे हैं।

कुंबले ने आगे कहा कि आपके पास ऐसे खिलाड़ी हैं, जो पहले भी ऐसा कर चुके हैं और हर कोई आपकी तरफ देखता है और कहता है कि यह वह व्यक्ति है, जो खेल को अपने पक्ष में ले जाएगा और वह टीम में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है। कुंबले ने कहा कि जब आप पर इस तरह का दबाव होता है और आपसे इस तरह की अपेक्षा की जाती है, तो आप अचानक से इन सभी चीजों को अनावश्यक महत्व देना शुरू कर देते हैं और फिर अच्छा प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करते हैं। जब आप ऐसा करते हैं, तो आप वास्तव में तनाव मुक्त नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वह कुछ 'यादा ही कोशिश कर रहे हैं।

आप देख सकते हैं कि वह अपनी पारी किस तरह से खेल रहे हैं। उसे बस इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। रोहित की तरह विराट को भी किसी और चीज के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुंबले ने कहा कि कोहली के पिछले सभी छह आउट स्पिन के कारण हुए हैं, जिनमें से पांच लेग स्पिनरों के कारण हुए हैं। उनका मानना है कि यह कोहली द्वारा स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान देने के बजाय रन बनाने के लिए बहुत ज्यादा प्रयास करने का नतीजा है। कुंबले ने कहा कि स्पिन के खिलाफ शुरुआत करने के लिए, ऐसी सतहों पर आपको बहुत ज्यादा आत्मविश्वास की जरूरत होती है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**
अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन नं.-07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक 0035 अ-20(4) वर्ष 2024-25 के तहत जारी
**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकद्वय श्रीमती सरला पत्नी राधेश्याम लोधी निवासी-डोलाबाबा, विवेकानंद वार्ड, गाडरवारा एवं श्रीमती पार्वती बाई पत्नी मुन्नालाल लोधी निवासी राजीव वार्ड, गाडरवारा, तहसील-गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल नगर गाडरवारा स्थित भूमि खसरा नंबर 337 में से 25ङ्ग15=375 वर्गफुट का झुग्गी झोपड़ी पट्टा मुख्यमंत्री आश्रय योजना के अंतर्गत उनकी माँ श्रीमती शकुन बाई पत्नी शंकर लाल निवासी-शिवाजी वार्ड, गाडरवारा को वर्ष 2017-18 में स्वीकृत किया गया था। आवेदकों की माँ श्रीमती शकुन बाई का दिनांक 04.06.2021 को स्वर्गवास हो गया है, जिनके विधिक वारिसों में आवेदकगण के अलावा अन्य कोई नहीं है, नियमानुसार फौती नामांतरण किया जावे। अपने आवेदन पत्र के साथ 100 रूपये का आवेदन शुल्क का चालान, शपथ पत्र, पार्षद का प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पट्टा,, आधार पत्रों की छाया प्रतियां प्रस्तुत की गई हैं।

उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 06.03.2025 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा/आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी ।
जारी दिनांक :- 18.02.2025
सुनवाई दिनांक :-06.03.2025
**नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**
अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन नं.-07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक 0034 अ-20(4) वर्ष 2024-25 के तहत जारी
**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार आ. स्व. बृजकिशोर मालपानी, निवासी पुरानी गल्लामंडी, सुभाषवार्ड, गाडरवारा, तहसील-गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल नगर गाडरवारा स्थित स्थाई पट्टे की नजूल भूमि शीट क्रमांक 6 प्लाट क्रमांक 21/1 क्षेत्रफल 2089 वर्गफुट आवेदक के पिता बृजकिशोर आ. वल्लभदास मालपानी के नाम से नजूल अभिलेखों में दर्ज है। आवेदक के पिता का दिनांक 05.07.2016 को तथा माता श्रीमती श्यामलता पत्नी बृजकिशोर मालपानी का दिनांक 24.01.2013 को निधन हो गया है, जिनके वैध वारिसों में तीन पुत्र संजय कुमार, महेश, विवेक एवं एक पुत्री संगीता पलोड़ हैं, इनके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है, नियमानुसार फौती नामांतरण किया जावे। अपने आवेदन पत्र के साथ 100 रूपये का आवेदन शुल्क का चालान, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्रों की एवं नजूल खसरा की छाया प्रतियां प्रस्तुत की गई हैं।

उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 06.03.2025 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा/आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 17.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी ।
जारी दिनांक :- 17.02.2025
सुनवाई दिनांक :-06.03.2025
**नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा**


# टीम इंडिया चैम्पियंस ट्रॉफी की प्रबल दावेदार


**नाम परिवर्तन सूचना**

शिवानी गुप्ता पति राम चरण गुप्ता निवासी ग्रा. पनिहा पो.गिजवार तह.थाना मझौली जिला सीधी मध्य प्रदेश द्वारा इंडियन बैंक के खाता संख्या 00000059088547873 IFSC C0DE. ALLA 0210252 में नाम परिवर्तन किए जाने हेतु शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक शाखा मझौली के नाम शपथ पत्र प्रस्तुत कर बताया है कि जब मेरा बैंक खाता खुलवाया गया था उस समय रानी विश्वकर्मा के नाम से जानी जाती थी। आज मैं शिवानी गुप्ता के नाम से जानी जाने लगी हूं (यानी रानी विश्वकर्मा व शिवानी गुप्ता एक ही महिला है) जिसका आधार नंबर 335315296116 है। जो सर्वसाधारण को सूचित करते हुए शाखा प्रबंधक से आग्रह किया है कि बैंक के खाता संख्या 00000059088547873 IFSC CODE. ALLA0210252 में रानी की जगह शिवानी गुप्ता किया जाए ताकि किसी तरह से परेशानी न उठानी पड़े।


## एक तरफा रहे हैं पिछले 10-15 सालों में भारत-पाक मैच : गांगुली

**कोलकाता,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत शानदार की है। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कोलकाता में एक इवेंट के दौरान टीम के प्रदर्शन, टीम संयोजन, पाकिस्तान के खिलाफ आने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले और चैंपियंस ट्रॉफी के संभावित दावेदारों पर बात की। भारत ने दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में छह विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि यह मुकाबला आसान नहीं रहा और बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन भारतीय टीम की बल्लेबाजी गहराई ने अंत में लक्ष्य को आसानी से हासिल



कर लिया। इससे पहले भारत के गेंदबाजों ने शानदार काम किया था, जिसमें मोहम्मद शमी ने वापसी के बाद आगे बढ़कर अगुवाई करते हुए पांच विकेट हासिल किए थे। भारतीय टीम को अब 23 फरवरी को दुबई में ही पाकिस्तान के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलना है। पाकिस्तान अपना पहला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ हार चुका है। भारत के खिलाफ एक और हार उसकी विदाई तय कर सकती है। इस मैच में भारत टीम के गेंदबाजी संयोजन पर बात करते हुए गांगुली ने कहा कि भारतीय टीम के लिए इस गेंदबाजी संयोजन ने बढ़िया काम किया है। इसलिए टीम कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे तीन स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ जाएगी।

जिस तरह से हर्षित राणा ने गेंदबाजी की है, वह काफी अ'छा है। शमी टॉप बॉलर हैं और हार्दिक पांड्या भी बढ़िया कर रहे हैं। पाकिस्तान की टीम स्पिनरों को अच्छा नहीं खेलती है और मुझे लगता है कि दुबई की पिच पर टर्न मौजूद रहेगा। इसलिए भारत के लिए यह संयोजन फायदे का सौदा साबित होगा।


**इंडियन बैंक Indian Bank**
**इलाहाबाद ALLAHABAD**

**विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई- नीलामी द्वारा)**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित सम्पत्तियों का इंडियन बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का सृजन है जिसका कब्जा इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत लिया गया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, चार्जेस आदि वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिभूति आस्तियों का ''जैसा है जहाँ है'', ''जैसा है जो है'', और ''जो कुछ भी है'' आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई- नीलामी द्वारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। विक्रय अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्विस प्रदाता की ई- नीलामी वेबसाइट प्लेटफार्मः https://www.ebkray.in पर संपन्न होगा। वर्तमान में संपत्ति पर **भौतिक कब्जा** नहीं है।

| क्रं. सं. | शाखा का नाम एवं पता | (1) खाते का नाम एवं पता (2) ऋणी का नाम एवं पता प्रोपराइटर/पार्टनर/ डायरेक्टर का नाम (3) जमानतदार एवं उसके पिता/पति का नाम | (1) बंधक संपत्ति जिसकी नीलामी हो रही है का विवरण एवं (2) टाइटल डीड होल्डर का नाम | (1) मांग सूचना दिनांक (2) कब्जा दिनांक (3) सुरक्षित ऋण का विवरण | (1) आरक्षित मूल्य (2) धरोहर राशि (3) बिड बढ़ाने की राशि (4) विक्रय की दिनांक एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतना एसएमई सम्पर्क नं. 9811464399 | **ऋणीः 1. मेसर्स काली ट्रेडर्स (प्रोप. श्री पवन लालवानी),** डेलौरा बाय पास रोड, सोनवर्षा मोड़, सतना- 485001 **प्रोप्राईटर- 2. श्री पवन लालवानी पिता श्री रमेश लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 3. श्रीमति जया लालवानी पत्नि श्री पवन लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 4. श्रीमति प्रिया लालवानी पत्नि श्री इन्दर लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 5. श्रीमति संगीता लालवानी पत्नि श्री रमेश लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग आवासीय भूमि म्युनिसिपल मकान, सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति जया लालवानी पत्नि पवन लालवानी एवं श्रीमति प्रिया लालवानी पत्नि इन्दर लालवानी, अराजी खसरा नं. **100/1/2/1/1/1/3/7/1**, एरिया- 2041 वर्गफुट, मौजा- डेलौरा, वार्ड नं. 37/45, टिकुरिया टोला, शिवपुरम कॉलोनी, रामपीर मंदिर के बाजू में , प.ह.नं. 78/97, रा.नि.मं.- सतना, विकास खण्ड- सोहावल, तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना (सेल डीड नं. 611 दिनांक 03.07.2023) । **चतुर्सीमा-** उत्तर- हरिजन बस्ती, दक्षिण- भगवानदास एवं अन्य, पूर्व- 30 फुट रोड, पश्चिम- सीताराम का एरिया **Property ID No. IDIB50172982179** | 28-04-2023 / 14-07-2023 / Rs. 2,29,93,966/- + ब्याज 28.04.2023 से एवं अन्य खर्च | Rs. 83,20,000/- / Rs. 8,32,000/- / Rs. 50,000/- / दि. 14-03-2025 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक | श्री दिनेश कुमार 9811464399 |
| 2 | कटनी मुड़वारा सम्पर्क नं. 7566384589 | **ऋणी- 1. श्री अमित पाण्डे पिता विजय पाण्डे,** जी-14, शुभ सिटी अमीर गंज, रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड नं. 45, मुड़वारा, कटनी (म.प्र.)- 483504 **सह- ऋणी- 2. श्रीमति प्रियंका पाण्डे पत्नि श्री अमित पाण्डे,** जी-14, शुभ सिटी अमीर गंज, रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड नं. 45, मुड़वारा, कटनी (म.प्र.)- 483504 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग एवं उससे जुड़े आवासीय भूमि एवं बिल्डिंग सम्पत्ति स्वामी- श्री अमित पाण्डे पिता श्री विजय पाण्डे स्थित पी-II खसरा नं. 204/21 का भाग, लेआउट प्लाट नं. 484, एरिया- 1125 वर्गफुट (104.55 वर्गमीटर), पूर्व-पश्चिम- 25 फुट एवं उत्तर- दक्षिण- 45 फुट, ग्राम- पडरवारा, एन.बी.- 14, प.ह.नं. 35/44, स्थित रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, ज्ञात एरिया ''शुभ सिटी कॉलोनी'', तहसील- कटनी नगर, जिला- कटनी। चतुर्सीमाः उत्तर- प्लाट नं. 483, दक्षिण- प्लाट नं. 485, पूर्व- प्लाट नं. 489, पश्चिम- रोड। **Property ID No. IDIB7333214562** | 16-09-2024 / 15-01-2025 / Rs. 20,43,842/- + ब्याज 15.09.2024 से एवं अन्य खर्च | Rs. 20,09,000/- / Rs. 2,00,900/- / Rs. 25,000/- / दि. 26-03-2025 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक | श्री संतोष कुमार नायक 8056170076 |

**ई- नीलामी की दिनांक एवं समय- 14/03/2025 & 26/03/2025, सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक, ई- नीलामी प्लेटफार्म https://www.ebkray.in, https://indianbank.in पर सम्पन्न होगी**

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

**दिनांकः 22/02/2025, स्थान- आंचलिक कार्यालयः द्वितीय तल, बैंक बिल्डिंग, जय स्तम्भ चौक, सतना (म.प्र.)** **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**


## राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैम्पियनशिप में हरियाणा बना चैम्पियन

**चंडीगढ़,** 21 फरवरी (एजेंसियां)। खेल के क्षेत्र में देशभर में सिरमौर बने हरियाणा के पैरा एथलीटों ने भी चेन्नई में आयोजित 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में अपना जलवा दिखाते हुए 'चैंपियनशिप ट्रॉफी' अपने नाम कर ली। राज्य के पैरा एथलीटों द्वारा चैंपियन ट्रॉफी जीतने पर 'पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ हरियाणा' की अध्यक्ष एवं हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा है कि हौसलों के आगे कोई भी शारीरिक बाधा आड़े नहीं आती है, यह हमारे खिलाडियों के जोश और जज़्बे ने साबित कर दिखाया है। सुश्री राव ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी तो मेहनती हैं ही, प्रदेश सरकार भी खिलाड़ियों को उनके खेल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। राज्य सरकार की खेल नीति की बदौलत प्रदेश के खिलाड़ी सभी खेलों में अपनी धाक जमा रहे हैं। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ हरियाणा के महासचिव ज्योति छाबड़ा ने बताया की इस प्रतियोगिता में हरियाणा के 172 खिलाड़ियों की टीम ने हिस्सा लिया था जिनमें से 113 खिलाड़ियों ने मैडल प्राप्त कर प्रदेश को चैंपियनशिप ट्रॉफी दिलवाने में भागीदारी की। इनमें पुरुष खिलाड़ियों ने 66 मैडल और महिला खिलड़ियों ने 37 मैडल जीते हैं। हरियाणा की टीम ने कुल 53 स्वर्ण पदक, 31 रजत पदक और 29 काँस्य पदक प्राप्त किए हैं द्य सुश्री छाबड़ा ने बताया कि पैरालिंपिक कमेटी ऑफ़ इंडिया के तत्वधान में तमिलनाडु पैरालिंपिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा चैन्नई तमिलनाडु में 23 वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन करवाया।

### सार संक्षेप

## मुंबई को 80 रन से हराकर विदर्भ रणजी ट्रॉफी के फाइनल में

**नागपुर।** हर्ष दुबे (पांच विकेट), यश ठाकुर और पार्थ रेखड़े (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत विदर्भ ने रणजी ट्राफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के पांचवें दिन शुक्रवार को मुम्बई को 325 रन पर समेटकर 80 रनों की जीत के साथ टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। मुम्बई ने कल के तीन विकेट पर 83 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में यश ठाकुर ने शिवम दुबे (12) को आउट कर विदर्भ को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सूर्यकुमार यादव ने आकाश आनंद के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। हर्ष दुबे ने सूर्यकुमार यादव (23) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हर्ष का अगला शिकार आकाश आनंद (39) रहे। इसके बाद शम्स मुलानी और शार्दुल ठाकुर मुम्बई की धूमिल होती उम्मीद को फिर से जगा दिया। शम्स मुलानी (46) के रनआउट होने पर मुम्बई को बड़ा झटका लगा। इसके बाद यश ठाकुर ने शार्दुल ठाकुर (66) को बोल्डकर पवेलियन भेज दिया।

## एंड्रीवा दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

दुबई। रूस की टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व की दूसरे नंबर की पोलैंड़ खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। गुरुवार को खेले गये मुकाबले में 17 वर्षीय एंड्रीवा ने इगा को क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ ही रूस की एंड्रीवा टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। एंड्रीवा दूसरे सेट में 3-1 से पिछड़ रही थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच गेम जीतकर पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियाटेक को एक घंटे 36 मिनट तक चले मुकाबले में हरा दिया। सेमीफाइनल में एंड्रीवा का मुकाबला रूस में जन्मी कज़ाकिस्तान की पेशेवर टेनिस खिलाड़ी एलेना रयबाकिना से होगा।

## केरल रणजी के फाइनल में

अहमदाबाद। आदित्य सरवटे और जलज सक्सेना (चार-चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत केरल और गुजरात के बीच खेला गया पहला सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को ड्रा रहा और केरल ने पहली पारी में मिली दो रनों की मामूली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की कर ली है।

गुजरात ने कल के सात विकेट पर 429 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में सरवटे ने जयमीत पटेल (78) को मोहम्मद अजहरूद्दीन के हाथों स्टंप करवाकर केरल को 436 के स्कोर पर आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सरवटे ने सिद्धार्थ देसाई (30) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। अरजान नागवासवाला (10) भी सरवटे का शिकार बने। केरल के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम 174.4 ओवर में 455 के स्कोर पर समेट कर दो रनों की बढ़त ले ली।

## सुडोकू 6833 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 |

# अर्थ जगत

**उद्योग को इस्पात आयात पर लगाम लगाने के लिए सरकार की कार्रवाई का इंतजार- टाटा स्टील**

**नयी दिल्ली।** टाटा स्टील के सीईओ टी वी नरेंद्रन ने कहा कि उद्योग को इस्पात आयात पर लगाम लगाने के लिए सरकार की कार्रवाई का इंतजार है, क्योंकि इससे घरेलू कंपनियां प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि बढ़ते आयात की मौजूदा स्थिति के कारण इस्पात क्षेत्र में भविष्य में निवेश प्रभावित हो सकता है। इस्पात उद्योग पिछले कुछ वर्षों में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े निवेशकों में से एक रहा है। उद्योग की सभी कंपनियों ने बड़ी विस्तार योजनाओं की घोषणा की है।



# आम आदमी की पहुंच से बाहर हुआ सोना

## 13 महीनों में 40 फीसदी की तेजी, अब खर्च करने पड़ेंगे 25000 रुपये ज्यादा

*नई दिल्ली। सोने की कीमतें बीते कुछ महीनों से जिस तरह से बढ़ रही हैं, उसे देखकर लगता है कि जल्द ही 10 ग्राम 24 कैरेट सोना एक लाख रुपये के पार चला जाएगा. सिर्फ बीते 13 महीनों की बात करें तो इन महीनों में सोने की कीमतों में गजब की तेजी देखी गई है. जहां, 21 जनवरी, 2024 को 24 कैरेट सोने का मानक मूल्य लगभग 63,000 प्रति 10 ग्राम था. वहीं, 21 फरवरी, 2025 तक, यह कीमत बढ़कर 88,223 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो 25,223 की बढ़त को दिखाता है. यह लगभग 40 फीसदी की वृद्धि है।*

**जयपुर में सोने के भाव-** एक रिपोर्ट के अनुसार, जयपुर में आज (21 फरवरी 2025) सोने का भाव 88,216 रुपये प्रति 10 ग्राम है. कल (20 फरवरी 2025) को सोने की कीमत 87,126 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जबकि पिछले हफ्ते 15 फरवरी 2025 को सोना 87,336 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. यानी पिछले एक हफ्ते में जयपुर में सोने के भाव में लगभग 880 रुपये प्रति 10 ग्राम का उछाल आया है।

**लखनऊ में सोने के भाव-**लखनऊ में आज सोने का भाव 88,239 रुपये प्रति 10 ग्राम है. कल सोने की कीमत 87,149 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जबकि पिछले हफ्ते 15 फरवरी को यह 87,359 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था. यहां भी पिछले एक हफ्ते में सोने के भाव में करीब 880 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी दर्ज की गई है



**क्यों बढ़ रहे हैं सोने के भाव-**एक्सपर्ट्स के अनुसार, सोने की कीमतों में यह उछाल वैश्विक बाजारों में आई तेजी और भारत में बढ़ती मांग के कारण आई है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें 2,000 डॉलर प्रति औंस को पार पहुंच चुकी हैं. इसके अलावा, ट्रंप की टैरिफ धमकियों की वजह से बढ़ते ट्रेड वॉर के खतरे को देखते हुए, निवेशक सोने में अपना पैसा निवेश कर रहे हैं, जिसकी वजह से पूरी दुनिया में सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं.

**सोने में निवेश करना चाहिए या नहीं-**सोने में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो इसके लिए विशेषज्ञों की सलाह है कि बाजार के रुझानों पर नजर रखें और सही समय पर निवेश करें. सोना हमेशा से एक सुरक्षित निवेश विकल्प रहा है, लेकिन कीमतों में उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए ही फैसला लेना चाहिए.

### शुक्रवार को वायदा कारोबार में नरमी

सोने चांदी के वायदा कारोबार में नरमी देखी जा रही है। आज दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय आज सोने के वायदा भाव 85,800 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 96,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट आज 309 रुपये की गिरावट के साथ 85,715 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 224 रुपये की गिरावट के साथ 85,800 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 85,890 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 85,690 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इसी महीने 86,592 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट आज 311 रुपये की गिरावट के साथ 96,802 रुपये पर खुला।

# यूपीआई यूजर्स को बड़ा झटका, अब कई सर्विस के लिए अलग से देने होंगे पैसे

*नई दिल्ली। देश की आबादी का एक बड़ा हिस्सा डेली ट्रांजैक्शन के लिए यूपीआई का इस्तेमाल करता है। यूपीआई के जरिए अब न सिर्फ दुकानों पर पेमेंट की जा सकती है, बल्कि कई जरूरी काम भी आसानी से निपटाए जा सकते हैं। देश की दूसरी सबसे बड़ी यूपीआई पेमेंट कंपनी गूगल पे कई सर्विस के लिए यूजर्स से कन्वीनियंस फीस वसूल रही है। लेकिन ऐसा देखने को मिला है कि गूगल पे के ज्यादातर यूजर्स अलग-अलग सर्विस के लिए वसूले जा रहे कन्वीनियंस फीस को लेकर अनजान हैं। इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल पे ने अपने यूजर्स से उन सेवाओं के लिए फीस वसूली है, जो पहले बिल्कुल फ्री थीं।*

**इन सेवाओं के लिए अलग से देने होंगे पैसे-** रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल पे ने यूजर्स से बिजली का बिल, गैस का बिल जैसी पेमेंट के लिए कन्वीनियंस फीस वसूला है। हालांकि, ये वसूली तब की गई है जब यूजर ने क्रेडिट कार्ड से इन बिल का पेमेंट किया है। क्रेडिट या डेबिट कार्ड से बिजली और गैस का बिल भरने वाले यूजर्स से अब फीस लिया जा रहा है। बताते चलें कि यूपीआई पेमेंट कंपनियां मोबाइल रिचार्ज के लिए पहले से ही फीस वसूल रही हैं। गूगल पे के अलावा फोनपे और पेटीएम भी ग्राहकों से फीस ले रही हैं। ये फीस ट्रांजैक्शन





वैल्यू का 0.5 प्रतिशत से 1 प्रतिशत तक हो सकता है। इतना ही नहीं, इस सेवाओं के लिए जीएसटी भी चुकाना पड़ रहा है।

**कार्ड से पेमेंट करने पर ही देनी होगी फीस-** गूगल पे कई तरह के बिल पेमेंट की सुविधा देता है। हालांकि, इस प्लेटफॉर्म पर कई पेमेंट के लिए कार्ड से पेमेंट करने का ऑप्शन नहीं मिलता है। अगर गूगल पे यूजर अपने क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के जरिए बिल का पेमेंट करते हैं तो उन्हें फीस का भी भुगतान करना होगा। हालांकि, अगर वे डायरेक्ट यूपीआई लिंक्ड बैंक खाते से पेमेंट करते हैं तो उन्हें फीस नहीं देनी होगी। बताते चलें कि भारत में यूपीआई सेवाएं देने वाली प्रमुख कंपनियों की लिस्ट में फोनपे पहले स्थान पर है, जिसके बाद कुल 47.8 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। गूगल पे 37 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर है।

# रुपए ने डॉलर को दिया मुंह तोड़ जवाब



*मुम्बई। रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 14 पैसे मजबूत होकर 86.50 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण रुपए के थोड़े नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की आशंका है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में समग्र कमजोरी तेज गिरावट को कम कर सकती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.50 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की बढ़त दर्शाता है।*

रुपया बृहस्पतिवार को 34 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.64 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.41 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.46 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,311.55 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

# प्रोमोडोम कम्युनिकेशंस ने दिल्ली चुनाव 2025 के लिए सशक्त विज्ञापन अभियान के साथ भाजपा की जीत की कहानी को आगे बढ़ाया

*नई दिल्ली। प्रोमोडोम कम्युनिकेशंस एक पूरी तरह से एकीकृत विज्ञापन एजेंसी है, जो एक और मील के पत्थर की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के साथ अपनी एक दशक लंबी साझेदारी में, प्रोमोडोम ने दस वर्षों से अधिक समय तक विभिन्न राज्यों में राजनीतिक अभियानों का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा के लिए परिणाम-संचालित और प्रभावशाली विज्ञापन अभियान चलाकर अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया।*

एक सुनियोजित और रणनीतिक विज्ञापन दृष्टिकोण के साथ, प्रोमोडोम कम्युनिकेशंस ने भाजपा के संदेश को बढ़ाने, अधिकतम पहुंच, जुड़ाव और प्रभाव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। **अभियान की सफलता कई प्रमुख कारकों से प्रेरित थी-** रणनीतिक और परिणाम-संचालित विज्ञापन योजना दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए भाजपा के दृष्टिकोण के लिए एक लक्षित और उच्च प्रभाव वाला अभियान डिजाइन और क्रियान्वित किया गया। प्रभावी मीडिया वार्ता, रणनीतिक मीडिया प्लेसमेंट के माध्यम से बजट के अनुकूल अधिकतम दृश्यता और पहुंच सुनिश्चित की गई। **निर्दोष अभियान निष्पादन-** कई प्लेटफार्मों पर एक निर्बाध और समकालिक रोलआउट, मतदाताओं के साथ भाजपा की पहुंच और जुड़ाव को मजबूत करता है। **समर्पित नेतृत्व और विशेषज्ञता-** प्रोमोडोम समूह के मीडिया प्रमुख, जे.सी. सरकार और उनकी अत्यधिक प्रतिबद्ध टीम के नेतृत्व में, अभियान को सटीकता और उत्कृष्टता के साथ क्रियान्वित किया गया।

**चौबीस घंटे की प्रतिबद्धता-** 24/7 काम करते हुए, प्रोमोडोम टीम ने चुनाव के दिन तक सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए भाजपा अधिकारियों के साथ निकट समन्वय में काम किया। **ऑन-डिमांड रचनात्मक समर्थन-** आकर्षक, प्रभावशाली और गतिशील सामग्री प्रदान करना जो मतदाताओं को पसंद आए और अभियान की उभरती जरूरतों के अनुकूल हो।

अभियान की सफलता पर बोलते हुए, प्रोमोडोम समूह के संस्थापक और अध्यक्ष, संदीप कपूर ने कहा, हम भाजपा के साथ अपने दीर्घकालिक सहयोग को जारी रखने और एक और सफल चुनाव अभियान में योगदान देने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारी टीम के अथक प्रयास, रणनीतिक योजना और निष्पादन उत्कृष्टता ने एक बार फिर परिणाम दिए हैं और हम उनके निरंतर समर्थन के लिए भाजपा के आभारी हैं। इस उपलब्धि के साथ, प्रोमोडोम ने राजनीतिक विज्ञापन में एक पावरहाउस के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, और देश भर में उच्च प्रभाव वाले अभियान देने की अपनी विरासत को और बढ़ा दिया है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 71 |
| एक यूरो | 91. 27 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 109 . 75 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55· 40 |
| एक जापानी येन | 0· 57 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 88 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 88350 चांदी -98500

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-88350 चांदी -98500

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# फिर से लाल निशान पर बंद शेयर बाजार

## ऑटो और फार्मा शेयर टूटे, मेटल स्टॉक्स उछले

*मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 0.56 फीसदी या 424 अंक की गिरावट के साथ 75,311 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 8 शेयर हरे निशान पर और 22 शेयर लाल निशान पर थे।*

वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी गिरावट के साथ बंद हुआ है। यह 0.51 फीसदी या 117 अंक की गिरावट के साथ 22,795 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय निफ्टी के 50 शेयरों में से 13 शेयर हरे निशान पर और 37 शेयर लाल निशान पर थे। निफ्टी पैक के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट महिंद्रा एंड महिंद्रा में 6.20 फीसदी, अडानी पोर्ट्स में 2.67 फीसदी, बीपीसीएल में 2.67 फीसदी, टाटा मोटर्स में 2.52 फीसदी और अडानी एंटरप्राइजेज में 2.48 फीसदी दर्ज हुई। वहीं, सबसे अधिक तेजी हिंडाल्को में 2.09 फीसदी, टाटा स्टील में 1.85 फीसदी, आयशर मोटर्स में 1.63 फीसदी, लार्सन एंड टुब्रो



में 1.21 फीसदी और एसबीआई लाइफ में 0.73 फीसदी दर्ज हुई। सेक्टोरल सूचकांकों की बात करें, तो सबसे अधिक गिरावट निफ्टी ऑटो में 2.58 फीसदी, निफ्टी मिडस्मॉल आईटी एंड टेलीकॉम में 2.21 फीसदी, निफ्टी मिडस्मॉल फाइनेंशियल सर्विसेज में 1.02 फीसदी, इससे इतर निफ्टी मेटल में 1.02 फीसदी की तेजी दर्ज हुई।

# महाकुंभ में एकजुटता की भावना जोड़ रहा नेस्ले इंडिया

*मुंबई। नेस्ले इंडिया आकर्षक ऑन-ग्राउंड गतिविधियों के माध्यम से महाकुंभ 2025 में गर्मजोशी, आराम और समुदाय की भावना जोड़ रहा है। मैगी और किटकैट जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स के साथ, कंपनी का लक्ष्य दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के बीच एकजुटता, आराम और आनंद के क्षण प्रदान करते हुए आगंतुकों के अनुभव को और अधिक खास बनाना है।*

इन गतिविधियों के केंद्र में है मैगी का 2 मिनट अपनों के लिएअभियान, जो लोगों को एक साथ लाने में मैगी की भूमिका को उजागर कर रहा है। मैगी ने स्पेशल ज़ोन बनाए हैं, जहाँ आगंतुक गरमागरम मैगी का आनंद उठा सकते हैं और अपने मैगी पलों को कैद कर सकते हैं।



इन ज़ोन में अलाव के लिए निर्धारित जगह होंगी, ताकि ठंडी सुबह और शाम के दौरान आगंतुकों को आराम मिल सके। इस पहल के हिस्से के रूप में, नेस्ले इंडिया इस आयोजन को संभव बनाने में योगदान देने वालों का सम्मानित करने के लिए, सफाई कर्मचारियों को 12,000 कंबल भी बांटेगा और 2 मिनट मैगी मिल परोसेगा। मेले में लंबे और थकाऊ दिनों के बाद आराम की तलाश करने वालों के लिए, किटकैट ब्रेक ज़ोन एक्टिवेशन टेक अ ब्रेक लेकर आया है।

आगंतुक विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए रेन बसेरा आश्रयों में आराम कर सकते हैं, जो किटकैट ब्रेक ज़ोन के रूप में भी काम करते हैं। ज़ोन में रिसाइकिल की गई किटकैट बेंच भी हैं, जो आराम के साथ स्थिरता का मिश्रण है।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने मध्य प्रदेश में नई शाखा खोली

*कटनी। मध्य प्रदेश- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के उमरिया, कटनी में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, बैंक ने मध्य प्रदेश में 51 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1052 आउटलेट खोल दिए हैं।*

उमरिया के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों के व्यापक समूह से लाभ मिलेगा। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे कि आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के विरुद्ध ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं



और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, उमरिया में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन मध्य प्रदेश में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# स्मॉल व मिडकैप के शेयरों में गिरावट पर टिप्पणी करने की कोई जरूरत नहीं- माधबी पुरी बुच


*मुंबई । भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को स्मॉल व मिडकैप के शेयरों में हाल में आई भारी गिरावट पर टिप्पणी करने की कोई जरूरत नहीं है।*

बुच ने पिछले वर्ष मार्च में इन्हीं शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन पर दिए गए अपने बयान का हवाला देते हुए कहा कि सेबी ने जब इसकी जरूरत महसूस की थी, तब उसने ऊंचे मूल्यांकन पर अपनी चिंता जाहिर



की थी। उन्होंने यहां एएमएफआई के एक कार्यक्रम में कहा, ''मिडकैप और स्मॉलकैप के बारे में, मेरा मानना है कि एक समय ऐसा आया जब नियामक को इस बारे में टिप्पणी करने की जरूरत महसूस हुई और टिप्पणी की गई। आज, नियामक को अतिरिक्त टिप्पणी करने की कोई जरूरत महसूस नहीं हो रही है।'' बुच ने मार्च 2024 में नियामक की ओर से एक दुर्लभ टिप्पणी में दोनों खंडों में उच्च मूल्यांकन को लेकर चिंता जाहिर की थी। कुछ शेयरों में लगातार 20 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। इस बीच, बुच ने यह भी कहा कि नियामक का, 'फंड हाउस' के लिए हाल ही में शुरू की गई 250 रुपये की व्यवस्थित निवेश योजना को अनिवार्य बनाने का कोई इरादा नहीं है।

देशबन्धु
**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838


नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु इस बात की घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# एमपीपीएससी के प्रश्न पत्र को लेकर आने लगे रुझान

## एक प्रश्न ने बढ़ाई उलझन

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपीपीएससी (मप्र राज्य सेवा परीक्षा) प्रारंभिक 2025 के एक सवाल ने प्रश्न पत्र निर्माण करने वालों के साथ ही विद्यार्थियों की भी उलझन बढ़ा दी हैं। इस बार राज्य सेवा परीक्षा 2025 के प्रश्न पत्र का स्तर सराहा जा रहा है। हालांकि, अब एक सवाल को लेकर उलझन पैदा हो गई है और इस पर आपत्तियां भी उठाई जा रही हैं। मप्र राज्य सेवा आयोग ने हालहीं में 16 फरवरी को राज्य सेवा परीक्षा प्री 2025 का आयोजन किया था। इस बार प्रश्न पत्र के स्तर की जानकार भी तारीफ कर रहे हैं और इसे गलतियों से मुक्त प्रश्न पत्र बताया जा रहा है लेकिन अब एक सवाल को


(D) बिहार

9. बघेलखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर रणमत सिंह कब फाँसी दी गई ?

(A) अगस्त, 1857

(B) अगस्त, 1858

(C) अगस्त, 1859

(D) अगस्त, 1862

लेकर उलझन सामने आई है। इस पर आपत्ति भी लग रही है।

**यह है वह विवादित सवाल** – आयोग ने एक सवाल पूछा था कि बघेलखंड के स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर रणमत सिंह को कब फांसी दी गई। इसके जवाब में प्रश्नपत्र में अगस्त 1857, अगस्त 1858, अगस्त 1859 और अगस्त 1862 का विकल्प दिया गया था। आयोग ने प्रोवीजनल आंसर की में इसका आंसर सी यानी अगस्त 1859 दिया है।




**प्रतिमा स्थल पर लिखी यह तारीख**– कुछ पत्रकारों को एक उम्मीदवार ने उनके एक प्रतिमा स्थल की फोटो भेजी है। इसमें उनके शहीद दिवस अगस्त 1860 लिखा हुआ है। उधर जब गूगल से इस विषय में जानकारी जुटाई गई तो इसमें अगस्त 1859 और 1860 को लेकर असमंजस है। हालांकि अधिकांश जगह पर अगस्त 1859 ही जवाब आ रहा है। आपत्तियों के आधार पर आयोग अंतिम उत्तर की और रिजल्ट जारी करेगा। इसमें इस जवाब को लेकर और स्थिति साफ होगी।

**98 हजार ने दी है परीक्षा** – आयोग द्वारा 158 पदों के लिए राज्य सेवा परीक्षा 2025 की विज्ञप्ति जारी की थी, जिसमें 1.18 लाख आवेदक थे और कुल 98 हजार ने परीक्षा दी थी और उपस्थिति करीब 82 फीसदी थी। आयोग ने परीक्षा के अगले दिन 17 फरवरी को ही प्रोवीजनल आंसर की जारी कर दी थी। वहीं परीक्षा कैलेंडर में मेंस की तारीख 9 से 14 जून घोषित कर दी है। यानी मार्च के पहले सप्ताह में ही इसका रिजल्ट आना संभावित है।

# बीपीएल सूची में आवेदन के समय नाम होने पर मिलेगा लाभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट जस्टिस विनय सराफ की एकलपीठ ने अपने अहम आदेष में कहा है कि आवेदन के समय बीपीएल सूची में नाम होने पर उसका लाभ मिलता है। आवेदन के बाद सूची में नाम जुड़ने के बाद उसका लाभ नहीं मिल सकता है। एकलपीठ ने उक्त आदेश के साथ याचिका को खारिज कर दिया।

रीवा निवासी श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला ने आयुक्त के द्वारा बीपीएल सूची में नाम होने के बावजूद भी अतिरिक्त दस अंक प्रदान किये जाने के आदेश को निरस्त करने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि एकीकृत बाल विकास अधिकारी रीवा ने 16 अक्टूबर 2016 को आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किये थे। विज्ञापन की शर्तों के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर थी। आंगनबाड़ी केन्द्र गौरी के लिए उसने तथा अनावेदक षषिकला कुशवाह ने आवेदन किया था।

प्रकाशित रिजल्ट सूची में अनावेदिक का नाम प्रथम तथा उसका नाम छठवें



### हाईकोर्ट का अहम आदेश

स्थान पर था। बीपीएल श्रेणी में नाम होने के बावजूद भी दस अतिरिक्ति अंक नहीं दिये जाने पर उसके निर्धारित सात दिनों के अवधि के पूर्व आपत्ति पेश की थी। जिसके बाद उसे दस अतिरिक्त अंक प्रदान किये गये और 24 अप्रैल 2017 को प्रकाशित अंतिम सूची में उसका स्थान प्रथम था।

इसके बाद 27 अप्रैल 2017 को उसे नियुक्ति प्रदान कर दी गयी। जिसके खिलाफ अनावेदिका ने आयुक्त के समक्ष अपील दायर की थी। आयुक्त ने सुनवाई के बाद बीपीएल उम्मीदवार होने के कारण प्राप्त दस अंक को निरस्त कर दिया। जिसके खिलाफ उक्त याचिका दायर की गयी है। याचिका की सुनवाई के दौरान एकलपीठ ने पाया कि अनावेदक उम्मीवार ने अपनी अपील में कहा था कि याचिकाकर्ता नाम उसकी जेठानी के बीपीएल कार्ड में जुडा हुआ है।

जेठानी के समग्र आईडी में याचिकाकर्ता का नाम 27 फरवरी 2017 को जुड़ा था। आवेदन की अंतिम तारीख तक याचिकाकर्ता का नाम उसकी जेठानी की समग्र आईडी में नहीं था तो उसके बीपीएल कार्ड में कैसे जुड़ गया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई कि आवेदन के अंतिम तिथि के पूर्व उसका नाम बीपीएल सूची में शामिल था। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि बीपीएल श्रेणी का लाभ तभी मिलता है जब आवेदन की तिथि में पहले उनका नाम जुडा हो। एकलपीठ ने उक्त आदेश के साथ याचिका को खारिज कर दिया।

# पत्नी ने दोस्त के साथ मिलकर पूरी तरह से कंगाल करने में नहीं छोड़ी कसर

## ⊙नौकरी के नाम में ऐठे 38 लाख तथा असली जेवरात को नकली में बदला

**जबलपुर, देशबन्धु।** पत्नी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर ससुराल पक्ष को पूरी तरह से कंगाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नौकरी लगवाने के नाम पर पति से 38 लाख ऐंठ लिये। इसके बाद ससुराल के पुश्तैनी तथा शादी के असली जेवरात को नकली जेवरात में बदल दिया। पुलिस ने पीड़ित पति की शिकायत पर पत्नी तथा उसके दोस्त के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

मदन महल थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे से प्राप्त जानकारी के अनुसार आस्था अपार्टमेंट राइट टाउन निवासी आदित्य मिश्रा उम्र 30 का विवाह साल 2021 में नरसिंहपुर निवासी पूजा से हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही पत्नी ने आकाश नेमा निवासी नरसिंहपुर नामक युवक को फैमिली मेम्बर जैसा बताते हुए ससुराल पक्ष के लोगों से मिलवाया था। पत्नी ने यह भी बताया था कि आकाश लोगों की सरकारी नौकरी लगवाता है। जिसके बाद से आकाश का अक्सर घर में आना-जाना प्रारंभ हो गया। आकाश ने उसे पटवारी पद पर तथा पत्नी को संविदा वर्ग 2 में नौकरी लगवाने के नाम पर अप्रैल 2022 से 7 फरवरी 2024 तक कुल 38 लाख रूपये की राशि अपने बैंक खाते में स्थानांतरण करवाई थी। उसके पिता रूद्र प्रसाद तथा बहन गोल्ड लोन के लिए पुस्तैनी जेवरात को गिरवी रखने नरसिंहपुर स्थित एसबीआई ब्रांच गये थे। बैंक में जेवरात चेक किये गये तो वह नकली निकले। पिता के कहने पर उसने शादी के जेवरात चेक करवाये तो वह भी नकली निकले।

मामला उजागर होने के बाद पत्नी घर छोड़कर फरार हो गयी। पत्नी ने युवक के साथ मिलकर नौकरी लगवाने के नाम पर 38 लाख रूपये एठने के अलावा असली जेवरात को नकली में बदल दिया। युवक के द्वारा उसे व्हाटसएप चैट के माध्यम से धमकी दी जा रही है। पुलिस ने आरोपी पत्नी तथा युवक के खिलाफ धारा 318(4), 316(3), 3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपी फरार है और उनकी सरगर्मी से तलाश जारी है।

# स्कूल बस को ट्रेलर वाहन ने मारी टक्कर, पांच बच्चे घायल

## ग्रामीणों में आक्रोश, मौके पर पहुंचे एएसपी ने बच्चों को पहुंचाया अस्पताल

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं के मामले फिर से एक बार बढ़ते जा रहे है। जहां वेंकटनगर चौकी क्षेत्र में दो दिन पूर्व बुधवार की सुबह 5 बजे खैरझिटी मोड़ के पास रायपुर से प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं से भरी महेन्द्र ट्रेवल्स नवा रायपुर की बस खड़े ट्रेलर वाहन के पीछे टकरा गई। जहां बस में सवार 17 यात्री गंभीर घायल हो गये थे वहीं बस कंडेक्टर संतोष गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं उक्त सड़क हादसे को दो दिन नही बीता की कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जैतपुर मुख्य मार्ग के मध्य ग्राम पोड़ी के छुहाईटोला में 30 से 35 स्कूली बच्चों से भरी बस को ट्रेलर वाहन ने पीछे ठोकर मार दी, जहां उक्त घटना में 5 बच्चों को चोटे आने पर उन्हे 108 एम्बुलेंस वाहन से जिला अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। वहीं गुस्सायें ग्रामीणों ने उक्त ट्रेलर वाहन में तोड़फोड़ करना प्रारंभ कर दिये, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

मामले की जानकारी के अनुसार डीव्हीएम स्कूल की छुट्टी होने के बाद जैतपुर मुख्य मार्ग से आने वाले बच्चों को डीव्हीएम स्कूल की बस क्रमांक एमपी 65 जेडबी 1983 से बच्चों को घर छोड़ने जाते समय शाम लगभग 3.30 बजे ग्राम पोड़ी में बच्चों को उतारते समय पीछे से आ रही ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीसी 7764 ने अचानक पीछे से स्कूली वाहन को ठोकर मार दी।

# मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** कुंडम थानान्तर्गत मोटर साइकिल सवार दो युवकों को पीछे से एक अन्य मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। जिसके कारण दोनों युवक उछलकर सडक में गिर गए और सिर में गंभीर चोटें आई थी। दोनों युवकों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कुंडम पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामजीत यादव उम्र 31 साल मनेरी पोडी स्थित परफेक्ट पोल्ट्री मे काम करता था। युवक के जीजा राजेन्द्र यादव उम्र 35 साल ग्राम भवखरी स्थित पोल्ट्री फार्म में काम करते थे। जीजा से मिलने युवक बुधवार को भवखरी आया था। युवक गुरुवार को अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 17 जेड के 4458 में साथी

### कुंडम थानान्तर्गत चिथरा नाला के समीप हुई घटना

तिवारी उइके उम्र 35 साल के साथ सवार होकर मनेरी पोडी के लिए रवाना हुआ था। ग्राम टुकरा चिथरा नाला घाट के समीप पीछे से आ गयी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एन आर 1425 के चालक ने तेज रफतार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक की मोटर साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी।

जिसके कारण मोटर साइकिल सवार दोनों युवक उछल कर सडक में गिर गये थे। दोनों युवक को सिर में गंभीर चोटें आई थी। सूचना मिलने पर उसका जीजा घटना स्थल में पहुंचा और दोनों को उपचार के लिए एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी कुंडम भिजवा था।

डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी मोटर साइकिल चालक के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश

**अनूपपुर, देशबन्धु।** वेंकटनगर चौकी पुलिस ने सप्ताहिक बाजार में लगी दुकानों में गिरोह बनाकर महिलाओं द्वारा चोरी किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाबी बाई, रीना बसोर, रंजीत बसोर तीनो निवासी ग्राम सलका थाना बैंकुठपुर जिला कोरिया, फुलकुंवर बसोर, सोनकुंवर बसोर, रूपा बसोर तीनो निवासी चंपाझार थाना पटना जिला कोरिया (छ.ग.) को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से मोबाईल, पर्स, नगदी सहित साडी, जींस पकेंट सहित अन्य कपड़ा का सामान जब्त करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। मामले की जानकारी के अनुसार 20 फरवरी को फरियादी मो. इकबाल पिता इस्माईल शेख उम्र 45 वर्ष निवासी गोरखपुर वार्ड 14 गौरेला जिला जीपीएम द्वारा सूचना दी गई कि वह वेंकअनगर सप्ताहिक बाजार मे दुकान लगाकर रेडीमेड कपड़े का धंधा करता है।

# 130 किमी प्रति घंटा की गति से सीआरएस ने किया ट्रायल रन

**जबलपुर, देशबन्धु ।** भोपाल-रामगंज मंडी नई रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर-जरखेड़ा सेक्शन का कमीशनिंग के लिए पश्चिम वृत्त के रेल संरक्षा आयुक्त मनोज अरोरा द्वारा शुक्रवार, 21 फरवरी को किया गया। गौरतलब है कि 276 किलोमीटर लंबी भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल परियोजना की कुल लागत 3,035 करोड़ है। इस परियोजना में भोपाल से ब्यावरा तक 111 किलोमीटर का क्षेत्र भोपाल मंडल के अंतर्गत आता है, जबकि शेष खंड कोटा मंडल में आता है। वर्तमान में संत हिरदाराम नगर से निशातपुरा डी केबिन तक रेल सेवा का संचालन किया जा रहा है।

**संत हिरदाराम नगर**-जरखेड़ा सेक्शन की कुल दूरी 21 किमी है। सीआरएस श्री मनोज अरोड़ा ने इस नवनिर्मित रेललाइन पर ट्रायल से पूर्व मोटर ट्राली द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया। साथ ही जरखेड़ा स्टेशन यार्ड का विधिवत परीक्षण किया। इसके बाद, सीआरएस ने संत हिरदाराम नगर-जरखेड़ा सेक्शन में अधिकतम 130 किमी/घंटा की गति से सफल स्पीड

### रेल संरक्षा आयुक्त ने संत हिरदाराम नगर-जरखेड़ा में नवनिर्मित रेललाइन का किया निरीक्षण

ट्रायल किया। इस निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक, भोपाल देवाशीष त्रिपाठी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) सहित मुख्य परियोजना प्रबंधक, उप मुख्य अभियंता(निर्माण),कार्यकारी अभियंता(निर्माण), उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), उप मुख्य सिंग्नल एवं दूर संचार अभियंता (निर्माण), वरिष्ठ मंडल अभियंता( समन्वय) सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**भोपाल-रामगंज मंडी नई लाइन परियोजना की मुख्य विशेषताएं**- इस परियोजना में मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्य शामिल हैं एवं 5 जिले - भोपाल, सीहोर, राजगढ़, झालावाड़ और कोटा इससे जुड़े हुए हैं। यह लाइन माल और यात्री परिवहन दोनों के लिए महत्वपूर्ण होगी, जिससे रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी और यात्रा समय में 3 घंटे की बचत होगी। झालावाड़ (राजस्थान) के कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट के लिए कोयले की आवागमन लागत कम होगी।

**ब्यावरा**-झालावाड़ मार्ग के बजाय यह नया मार्ग 42 किमी छोटा होगा, जिससे ईंधन और समय की बचत होगी। घाटोली स्टेशन के पास स्थित प्रसिद्ध केलकेरा मंदिर तक स्थानीय यात्रियों की पहुंच सुगम हो जाएगी। भोपाल मंडल में 111 किमी रेल लाइन और 12 स्टेशनों के निर्माण के लिए 1,255 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है।


बीसवीं पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि

जन्म
2 जनवरी 1936



देहावसान
22फरवरी 2005

स्व. श्री नरेन्द्र कुमार जी अग्रवाल (कर्नल)

आपका कर्मठ, अनुशासनप्रिय एवं आदर्शपूर्ण जीवन सदैव हमारा पथ आलोकित करता रहेगा।

भाई- राजेन्द्र अग्रवाल, प्रो. केशव अग्रवाल
पुत्र- नवीन अग्रवाल, आलोक अग्रवाल
भतीजे- नरसिंह दास, प्रहलाद कुमार, प्रदीप, संजय, विजय, राकेश, रवि, आनंद, रीतेश,
पौत्र- यशवर्धन, पीयूष, सुधांशु, जिज्ञासु, मोहित, आयुष, वैभव, आदर्श, कुशाग्र एवं समस्त अग्रवाल परिवार

होटल कुसुम वैली एण्ड रेस्टॉरेंट, वसुंधरा गैस एजेंसी नरसिंहपुर, कृति एग्रो फूड-नरसिंहपुर


# एनटीए ने वरीयता निर्धारण नियम में किया बड़ा बदलाव

## ⊙ 7 बिन्दु से हल न होने पर अब 8 बिंदू से तय होगी रैंक

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2025 परीक्षा के वरीयता निर्धारण (टाई ब्रेकिंग) नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। पहले जहां 7 टाई ब्रेकिंग नियम थे अब इसमें आठवां नया नियम जोड़ा गया है। एनटीए ने कहा कि यदि सातों नियमों के मापदंडो से वरीयता (रैंक) निर्धारण की समस्या हल नहीं होती है तो एनटीए एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति के मार्गदर्शन में रैंडम प्रक्रिया से इसका हल निकालेगा।

**ऐसा होगा नीट का टाई-ब्रेकिंग फॉर्मूला 2025**- नए नियमों के अनुसार ऐसे छात्र जिनके जीव विज्ञान (वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान) में ज्यादा अंक आएंगे, उसे वरीयता क्रम में ऊपर रखा जाएगा। अगर जीव विज्ञान वाले बिंदू से रैंक तय नहीं होती तो फिर रसायन शास्त्र के अंक देखे जाएंगे। रसायन शास्त्र में जिसके ज्यादा अंक आएंगे, उसे रैंक में ऊपर रखा जाएगा। इसके बाद भौतिकी के अंक देखे जाएंगे, जिसके इसमें ज्यादा अंक आएंगे, उसे रैंक में ऊपर रखा जाएगा। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने सही उत्तरों की तुलना में कम गलत उत्तर दिए होंगे, उसे ऊपर रखा जाएगा। इसके बाद जिस उम्मीदवार का जीव विज्ञान में हल किए गलत उत्तर और सही उत्तरों का अनुपात कम होगा, उसे ऊपर रखा जाएगा। जिस उम्मीदवार का रसायन शास्त्र में हल किए गए गलत उत्तर और सही उत्तरों का अनुपात कम होगा, उसे ऊपर रखा जाएगा। जिस उम्मीदवार का भौतिकी में हल किए गलत का प्रतिशत कम होगा उसे ऊपर रखा जाएगा। अगर ये सात मानदंड लागू करने के बाद भी टाई की समस्या बनी रहती है तो एनटीए एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति के मार्गदर्शन में रैंडम प्रक्रिया से इसका हल निकालेगा।

**टाई-ब्रेकिंग मानदंड**- यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी नीट 2025 में समान अंक/प्रतिशत अंक प्राप्त करते हैं, तो पारस्परिक योग्यता निम्नानुसार निर्धारित की जाएगी।

टेस्ट में जीव विज्ञान (वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान) में उच्च अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार, उसके बाद, परीक्षा में रसायन विज्ञान में उच्च अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को, टेस्ट में भौतिकी में उच्च अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार, उसके बाद, बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के कंप्यूटर या आईटी का उपयोग करके लॉटरी निकाली जाएगी। पहले तीन मानदंड पिछले साल की तरह ही हैं, लेकिन चौथा मानदंड, जिसमें मानवीय हस्तक्षेप नहीं है, इस साल पेश किया गया है। एनटीए ने चौथे बिंदु को पेश करने के पीछे का कारण और उसके संभावित प्रभाव के बारे में नहीं बताया है हालांकि इस चौथे नियम को बाद में लागू नहीं किया गया था।

**साल 2021 में टाई-ब्रेकिंग मानदंड**- नीट 2021 टाई-ब्रेकिंग मानदंड में केवल तीन कारक थे, जिनमें परीक्षा में जीवविज्ञान (वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान) में उच्च अंक/प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार, उसके बाद, उम्मीदवार को टेस्ट में रसायन विज्ञान में उच्च अंक/प्रतिशत अंक प्राप्त करना, परीक्षा में सभी विषयों में गलत उत्तरों और सही उत्तरों की संख्या का कम अनुपात वाला उम्मीदवार। नीट 2021 में, सही उत्तरों के अनुपात की गणना को छोडकर, भौतिकी के स्कोर को टाई-ब्रेकिंग के लिए नहीं माना गया था।

**साल 2022 में टाई-ब्रेकिंग मानदंड**- नीट 2022 टाई ब्रेकिंग मानदंड 2023 मानदंड के समान ही थे, सिवाय दो अतिरिक्त मानदंडों के, जो परीक्षार्थियों की आयु और नीट आवेदन संख्या हैं।


सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 84
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 104
छोटा ब्रॉयलर - रु. 116
मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 120
मुर्गा मीडियम - रु. 108
मुर्गा बड़ा - रु. 88
मुर्गा जम्बो - रु. 88
मो.-9039925000, 9425800409

